वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 24 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 259, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 58 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 58 अंक की गिरावट के साथ 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। } 14

## तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप बना भारत : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा देश अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। देश अगले तीन साल में शीर्ष 10 में जगह बना लेगा। } 16

### तृतीय-चंद्रघंटा



**पिण्डजप्रवरारुढा चन्दकोपास्त्रकैयुर्ता। प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥**

इन्होंने चंद्र नामक घंटा जो कि चंद्रमा के तरह भक्तों को प्रसन्न तथा दुष्टों को भयभीत करने वाला इसका नाद है, उसको धारण किया।

# स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी साबित हुई आयुष्मान योजना

## सरकार का स्वास्थ्य व्यय 29 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत : पीएम मोदी

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2018 में आज ही के दिन शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी साबित हुई है और इसके लाभार्थियों के लिए वित्तीय सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित हुआ है। इस चिकित्सा बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है और गरीब व 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

मोदी ने एक्स पर कहा आज आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे हो गए हैं। यह एक ऐसी पहल थी जिसमें भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाकर लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता के साथ-साथ किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसकी बदौलत, भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांति देख रहा है। इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। उन्होंने आगे कहा भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाना, करुणा व तकनीक मानव सशक्तिकरण को आगे बढ़ा सकते हैं। मोदी ने एक आधिकारिक एक्स हैंडल को टैग किया है, जिसने एक पोस्ट में बताया है कि सरकार की इस प्रमुख कल्याणकारी पहल में 55 करोड़ से ज्यादा नागरिक शामिल हैं और यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजनौ है। पोस्ट में कहा गया है कि अब तक 42 करोड़ से ज़्यादा आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। पोस्ट में कहा गया है कि इससे सरकार का स्वास्थ्य व्यय 29 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया है, जबकि रोगी का खर्च 63 प्रतिशत से घटकर 39 प्रतिशत रह गया है। पोस्ट में कहा गया है, लाखों परिवार बीमारी के दौरान आर्थिक तंगी से बाहर आ गए हैं।

# मोहनलाल दादा साहब फाल्के से सम्मानित

## शाहरुख खान, विक्रांत मेसी और रानी मुखर्जी को राष्ट्रीय पुरस्कार



**एजेंसी**

नई दिल्ली। साल 2023 में रिलीज फिल्मों के विजेताओं को आज मंगलवार को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। बता दें कि इन पुरस्कारों का एलान 01 अगस्त को किया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## नाटो ने रूस को दी चेतावनी

ब्रसेल्स। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने इस महीने की शुरुआत में पोलैंड के ऊपर रूसी ड्रोन को मार गिराए जाने और पिछले सप्ताह एस्टोनिया में रूसी लड़ाकू विमानों की घुसपैठ की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार को कहा कि वह भविष्य में भी अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन रोकने के लिए सभी साधनों का उपयोग करेगा। यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद से नाटो और मॉस्को के बीच 10 सितंबर को पोलैंड में पहली बार आमना-सामना हुआ था। इस घटना ने यूरोपीय नेताओं को झकझोर दिया था और यह सवाल उठने लगा था कि नाटो रूस के बढ़ते आक्रमण खिलाफ कितना तैयार है।

## भारत-पाक एकदूसरे के लिए बंद रखेंगे अपना हवाई क्षेत्र

नयी दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान के सैन्य एवं असैन्य विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद रखने की समयसीमा 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। पाकिस्तान ने भी 24 अक्टूबर तक भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर अप्रैल से ही दोनों देशों ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर रखा है।

## मकान की छत गिरने से तीन मजदूरों की मौत

सुल्तानपुर। जिले में निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से दो सगे भाइयों समेत तीन मजदूरों की मलबे में दबने से मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लम्भुआ थाने के प्रभारी सन्दीप राय ने बताया कि धरियामऊगांव के रहने वाले राम तीर्थ धुरिया के मकान का निर्माण चल रहा है और सोमवार रात लगभग आठ बजे के आसपास निर्माणाधीन मकान की छत भरभरा कर गिर गयी। इस घटना में अर्जुनपुर निवासी आनन्द व उसके भाई विक्रम तथा हिमांशु की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। घायलों का उपचार किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह मौके पर पहुंचे।

# स्वदेशी से पूरा होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना

## मुख्यमंत्री योगी ने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प विषयक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को किया संबोधित

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में स्वदेशी मेले लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें एमएसएमई विभाग सहयोग करेगा। दीपावली के पहले हर जनपद में 10 से 18 के बीच एक सप्ताह तक ओडीओपी व स्थानीय उत्पादों का मेला लगे। यह कार्यक्रम बहुत अच्छा हो सकता है। इससे स्थानीय उद्यमियों व व्यापारियों को बहुत लाभ होता है और लोग विदेशी उत्पाद खरीदने से भी बचते हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारत पर इस्लाम के पहले हमले का जिक्र किया और कहा कि सन 1100 तक भारत में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी, लेकिन आजादी के समय 1947 तक यह घटकर सिर्फ 30 करोड़ रह गई। 800-900 वर्ष में हमारी आबादी घटी और खेती के उत्पादन को भी कम कर दिया गया। सिर्फ आक्रांताओं ने ही नहीं मारा, बल्कि भूख, बीमारी, यातनाओं से भी मरे। विदेशी दासता की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि देश पर अत्याचार व शोषण किया गया।

भारत में 300 वर्ष पहले आधी आबादी खेती और आधी से अधिक आबादी कारखाने, लघु व कुटीर उद्योगों पर निर्भर थी। यह भारत का उत्पादन दुनिया के बाजार में छा जाता था। दुनिया का व्यापारी यहां से लेकर जाता था। भारत के पास सब कुछ था, लेकिन जिन लोगों ने जाति, क्षेत्र, भाषा समेत अनेक वादों के आधार पर बांटा। वे आज भी उसी विदेशी मानसिकता से समाज को बांट और काट रहे हैं। ऐसे लोग स्वदेशी अभियान में भी अंगुली उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प विषयक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले चीन का झालर बाजार में छा जाता था, लेकिन अब लोग मिट्टी के दीप जला रहे हैं। 2017 में दीपोत्सव के आयोजन में 51 हजार दीप अयोध्या मंडल में नहीं मिल पाए थे। इसे पूरे प्रदेश से जुटाना पड़ा था परंतु गत वर्ष जितने दीप प्रज्ज्वलित कराए गए थे, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राज्य सरकार ने बुंदेलखंड के किले वापस मांगे, पीएम को लिखी चिट्ठी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित बुंदेलखंड क्षेत्र के किलों के विकास के लिए उन्हें राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, ये किले या स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संरक्षण में हैं।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि तालबेहट किला (ललितपुर), कालिंजर किला (बांदा), मड़फा (चित्रकूट), बरुआ सागर (झांसी) तथा घाट की सीढ़ियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के अंतर्गत राज्य सरकार को हस्तांतरित किया जाए। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के हवाले से बताया गया कि मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड की भौगोलिक तथा पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का उल्लेख करते हुए पत्र में कहा कि बुंदेलखंड भारत का हृदयस्थल है। पहले इस क्षेत्र को दशार्ण (दस नदियों का क्षेत्र), जेजाकभुक्ति ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पराग ने घटायी घी, मक्खन व अन्य उत्पादों की कीमत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से देशवासियों के हितों के दृष्टिगत जीएसटी दरों में कटौती की गयी है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा है कि जीएसटी रिफार्म के दृष्टिगत प्रदेश में पराग घी व पराग मक्खन की जीएसटी की दरों में 22 सितम्बर, 2025 को कमी करते हुये प्रदेश के उपभोक्ताओं को राहत देने का कार्य किया गया है।

दुग्ध विकास मंत्री ने आज यहां अपने कार्यालय कक्ष में जीएसटी रिफार्म के पश्चात पराग उत्पादों की दरों में कटौती की जानकारी देते हुए बताया कि पहले पराग 100 ग्राम मक्खन दर रु0 58.00 प्रति पैक था, जो अब रु0 54.00 प्रति पैक का उपभोक्ताओं को मिलेगा, पहले 500 ग्राम मक्खन रु0 285.00 प्रति पैक का था जो अब रु0 265.00 प्रति पैक का मिलेगा। इसी प्रकार पराग घी सीका पैक पहले 1 ली0 रु0 610.00 का मिलता था, जो अब रु0 585 प्रति ली0 का मिलेगा। आधा लीटर पी0पी0 घी रु0 310.00 का मिलता था जो अब आधा ली0 पी0पी0 रु0 ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अफ्रीका में भारत का पहला रक्षा संयंत्र स्थापित

## राजनाथ सिंह ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स का किया उद्घाटन

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को के बेरेचिड में व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के एक विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया।

यह संयंत्र 20,000 वर्ग मीटर में फैला है तथा अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। यह मोरक्को का भी सबसे बड़ा ऐसा संयंत्र है। मोरक्को सरकार के साथ अपने अनुबंध के तहत, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म का निर्माण करेगी, जिसकी शुरुआती खेप अगले महीने आ जायेगी। यह संयंत्र निर्धारित समय से तीन महीने पहले चालू हो गया है और उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है। उद्घाटन समारोह में मोरक्को के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदियी भी उपस्थित थे। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने कहा, यह किसी निजी भारतीय कंपनी द्वारा विदेश में स्थापित पहली रक्षा विनिर्माण इकाई है, जो रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ साझेदारी में उन्नत लड़ाकू वाहन प्लेटफॉर्म डिजाइन करने और उसकी आपूर्ति करने की भारत की क्षमता को रेखांकित करती है। कंपनी ने कहा कि इस सयंत्र ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के रोज़गार सृजित किए हैं, एक मजबूत आपूर्तिकर्ता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीतापुर : दोस्त को बचाने की कोशिश में तीन बच्चों की मौत

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार दोपहर को खेलते समय एक भयानक हादसा हुआ। सड़क किनारे भरे गहरे पानी में डूबकर 3 मासूम बच्चों की मौत हो गई। वहीं, एक किशोरी को ग्रामीणों ने मुश्किल से बचाया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान शबा (13 वर्ष), पवन (12 वर्ष) और विकास (12 वर्ष) के रूप में हुई। मोहिनी (14 वर्ष) को ग्रामीणों ने सकुशल बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, खेलते समय शबा अचानक गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के लिए पवन और फिर विकास तथा मोहिनी भी पानी में कूद पड़े। कुछ ही देर में चारों बच्चे डूबने लगे। ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# 'महक कृषि नीति' को धामी कैबिनेट की मंजूरी

## सुगंधित फसलों की खेती पर मिलेगी 50 से 80 फीसदी तक सब्सिडी

**प्रमुख संवाददाता**



देहरादून। धामी कैबिनेट ने कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए सगंध खेती को प्रोत्साहित करने के लिए महक क्रांति नीति को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में कुल छह महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। कैबिनेट द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी द्वारा मीडिया को प्रदान की गई। नई नीति के माध्यम से राज्य में सुगंधित फसलों की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इसका प्रथम चरण वर्ष 2026 से 2036 तक लागू रहेगा। इस दौरान लगभग 91 हजार लाभार्थियों को जोड़ते हुए करीब 22,750 हेक्टेयर भूमि पर सुगंधित पौधों की खेती कराए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। नीति के अंतर्गत किसानों को विशेष आर्थिक सहयोग भी मिलेगा। एक हेक्टेयर तक की खेती पर 80 प्रतिशत सब्सिडी तथा एक हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल पर 50 प्रतिशत सब्सिडी। सरकार का उद्देश्य न केवल किसानों की आय में वृद्धि करना है, बल्कि सुगंधित उत्पादों के लिए उत्तराखंड ब्रांड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना भी है। ज्ञात हो कि राज्य में स्थित सुगंध पौधा केंद्र लंबे समय से इस क्षेत्र में अनुसंधान कर रहा है। हाल ही में केंद्र ने तिमरु पौधे से सुगंधित इत्र भी तैयार किया था। सरकार मानती है कि इस नीति के माध्यम से उत्तराखंड में सुगंधित खेती और उद्योगों का नया इकोसिस्टम तैयार होगा। कैबिनेट बैठक में अन्य अहम निर्णय भी लिए गए। कैबिनेट ने कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के पुनर्गठन को मंजूरी, जिसके अंतर्गत नए पद सृजित किए गए ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- देश का 'ग्रीन इंजन' भी बन रहा उत्तर प्रदेश (पृष्ठ-02)
- लखनऊ में दिखेगा 'महाकुम्भ' सा नजारा (पृष्ठ-02)
- रुपया 47 पैसे टूटकर 88.75 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- जीएसटी नोटिस की मौद्रिक सीमा तय करने की योजना (पृष्ठ-14)
- सोने की कीमत 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की विशेष मुलाकात

# भारत-अमेरिका के रिश्तों में सुधार बेहद जरूरी : रूबियो

**एजेंसी**



न्यूयॉर्क। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत के साथ संबंध अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने व्यापार, रक्षा और ऊर्जा सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर नयी दिल्ली की निरंतर भागीदारी की सराहना भी की।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय 80वें सत्र के इतर सोमवार सुबह यहां जयशंकर से मुलाकात की। विदेश विभाग द्वारा बैठक के विवरण में कहा गया है कि रुबियो ने दोहराया कि भारत के साथ संबंध अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, और उन्होंने व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, महत्वपूर्ण खनिजों तथा द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित अन्य मुद्दों सहित अनेक मुद्दों पर भारत सरकार की निरंतर भागीदारी के लिए सराहना व्यक्त की। बयान में कहा गया कि है कि रुबियो और जयशंकर इस बात पर सहमत हुए कि अमेरिका और भारत क्वाड के माध्यम से एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि न्यूयॉर्क में रुबियो से मिलकर अच्छा लगा। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा हमारी बातचीत में वर्तमान चिंता के कई द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रगति के लिए निरंतर जुड़ाव के महत्व पर सहमति बनी। हम संपर्क में बने रहेंगे।

रुबियो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा उन्होंने जयशंकर के साथ द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की, जिनमें व्यापार, ऊर्जा, दवाइयां, महत्त्वपूर्ण खनिज और अन्य विषय शामिल हैं, ताकि भारत और अमेरिका के लिए समृद्धि सुनिश्चित की जा सके। पिछले कुछ महीनों में व्यापार, शुल्क (टैरिफ) और नयी दिल्ली द्वारा रूसी तेल की खरीद को लेकर दोनों देशों में तनाव के बीच लगभग एक घंटे तक चली यह बैठक रुबियो और जयशंकर के बीच पहली आमने-सामने की बातचीत थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद के लिए नयी दिल्ली पर दंड स्वरूप 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया, जिससे अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दो साल बाद जेल से रिहा हुए सपा नेता आजम खां

**जिला संवाददाता**

सीतापुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आज़म खान मंगलवार को सीतापुर जिला कारागार से करीब दो साल बाद रिहा हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रिहाई की पुष्टि की है। सीतापुर जिला कारागार के अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि सपा नेता आज़म खान की कारागार से रिहाई हो गई।

ख़ान काला चश्मा पहने हुए कार की अगली सीट पर बैठकर जेल से बाहर आए। मीडिया ने आज़म खान का बयान लेने की बहुत कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने वाहन को चारों ओर से घेर लिया, इसलिए आज़म खान की कोई भी बात सुनने को नहीं मिली। इसके पहले आज़म खान की मंगलवार सुबह होने वाली रिहाई लंबित अदालती कार्यवाही के कारण देर से हुई।

पार्टी समर्थकों के साथ आजम के बड़े बेटे अदीब सुबह से ही सीतापुर जिला कारागार के बाहर उनका स्वागत करने के लिए मौजूद थे। सपा सांसद रुचि वीरा भी पार्टी नेता का स्वागत करने के लिए आई थीं। अदीब ने पत्रकारों को बताया कि आजम खान आज के नायक हैं। मैं सभी समर्थकों के साथ उनका स्वागत करने आया हूं। उन्होंने कहा कि मुझे और कुछ नहीं कहना है। जो कुछ भी कहना होगा, मेरे पिता जेल से बाहर आने के बाद कहेंगे। कई मामलों का ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मिशन शक्ति से महिलाओं के सशक्तीकरण को मिल रही नयी राह

## सीएम योगी के निर्देश पर महिला सुरक्षा के लिए नयी योजनाओं का हुआ शुभारंभ, महिलाओं की शिक्षा और जागरूकता पर दिया जायेगा विशेष बल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति का पांचवां चरण 22 सितंबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर तक चलेगा। इस एक महीने तक चलने वाले अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। इस चरण में सबसे ज्यादा फोकस महिला सुरक्षा पर है।

- **स्वास्थ्य और रोजगार से बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी**
- **आत्मरक्षा और जीवन कौशल प्रशिक्षण होंगे आयोजित**
- **प्रत्येक जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम**
- **उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा को दी जायेगी सर्वोच्च प्राथमिकता**

सरकार ने महिला सुरक्षा के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर, महिला थाने और महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है।

इसके साथ ही, पिंक बूथ और पेट्रोलिंग स्क्वॉड को और अधिक सशक्त किया जा रहा है, ताकि महिलाएं निर्भीक होकर समाज में अपनी भूमिका निभा सकें। मिशन शक्ति का पांचवां चरण महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई दिशा तय कर रहा है। यह चरण उन्हें सुरक्षित माहौल देने के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मजबूती दे रहा है। योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सशक्त और अवसरों से भरपूर राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

**शिक्षा से खुलेगा आत्मनिर्भरता का मार्ग :** मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी पद्मजा चौहान ने बताया कि मिशन शक्ति के पांचवें चरण में शिक्षा को महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे मजबूत हथियार माना गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। छात्रवृत्ति योजनाओं और डिजिटल शिक्षा कार्यक्रमों को और विस्तार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री का मानना है कि शिक्षा ही महिलाओं को समान अवसर और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर सकती है। मिशन शक्ति के तहत चलने वाले ये कार्यक्रम न केवल महिलाओं को ज्ञान देंगे, बल्कि उन्हें रोजगार और उद्यमिता के नए अवसरों से भी जोड़ेंगे।

**स्वास्थ्य और रोजगार पर दोहरा फोकस:** महिला स्वास्थ्य को लेकर इस चरण में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वच्छता, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित वर्कशॉप और हेल्थ कैंप लगाए जा रहे हैं। खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराने पर जोर है। इसके साथ ही, महिला उद्यमिता और स्वरोजगार योजनाओं को गति दी जा रही है। छोटे उद्योग, स्टार्टअप्स और स्वरोजगार के लिए सरकार वित्तीय और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होकर परिवार और समाज में अपनी स्थिति मजबूत कर सकें।

**प्रशिक्षण से आत्मविश्वास और सुरक्षा :** मिशन शक्ति के पांचवे चरण में आत्मरक्षा, जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केंद्रों पर आयोजित इन कार्यशालाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। आत्मरक्षा के विशेष प्रशिक्षण से महिलाएं खुद को और दूसरों को सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम हो रही हैं। जीवन कौशल कार्यक्रम उन्हें वित्तीय प्रबंधन, स्वास्थ्य संबंधी निर्णय और सामाजिक दायित्वों में सक्रिय बनाएंगे।

**कानूनी सुरक्षा और अपराध पर सख्त कार्रवाई :** नोडल अधिकारी ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए कड़े कानूनी कदम भी इस चरण में शामिल हैं। प्रत्येक जिले में विशेष निगरानी और फास्ट-ट्रैक कोर्ट्स को सक्रिय किया गया है ताकि अपराधियों को त्वरित सजा मिल सके। पुलिस प्रशासन को यह निर्देश दिए गए हैं कि महिला संबंधित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि महिलाओं की गरिमा और अधिकारों से समझौता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# ग्रोथ इंजन ही नहीं, देश का 'ग्रीन इंजन' भी बन रहा यूपी

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में नजर आयेगा पृथ्वी के प्रति उत्तर प्रदेश का संकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को नये भारत का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में योगी सरकार लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) राज्य की आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक ताकत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने जा रहा है। 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन का यह तीसरा संस्करण होगा, जिसमें व्यापार, उद्योग, संस्कृति, खानपान, तकनीकी नवाचार के अतिरिक्त इस बार सस्टेनेबिलिटी की अनूठी झलक देखने को मिलेगी।

- **25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपीआईटीएस 2025 का भव्य आयोजन**

योगी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष में अपनी प्रतिबद्धता का एक सशक्त संदेश देते हुए यहां 'उत्तर प्रदेश प्लेजेस टू द प्लैनेट' यानी पृथ्वी के प्रति उत्तर प्रदेश का संकल्प भी लिया है। यूपीआईटीएस 2025 का यह पहलू इस बात का सशक्त उदाहरण है कि कैसे उत्तर प्रदेश खुद को भारत के ग्रोथ इंजन के साथ-साथ ग्रीन इंजन के रूप में भी स्थापित कर रहा है।

**हॉल नंबर 8 में होगा उपलब्धियों का प्रदर्शन :** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर के बीच आयोजित होने जा रहे इस आयोजन में हॉल नंबर 8 का दृश्य कुछ खास होगा, जहां सिंचाई, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग अपनी योजनाओं और उपलब्धियों का प्रदर्शन करेंगे। यहां आगंतुकों को दिखाया जाएगा कि किस तरह यूपी आधुनिक सिंचाई समाधानों के जरिए न केवल किसानों की उपज बढ़ा रहा है, बल्कि पानी की भारी बचत भी कर रहा है। यह पहल भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। इस मौके पर ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। इस अभियान ने अब तक प्रदेश में करीब पांच लाख एकड़ तक वन आच्छादन बढ़ाने में सफलता पाई है। यह उपलब्धि न केवल पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में क्रांतिकारी कदम है, बल्कि हर नागरिक को हरियाली से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास भी है।

**ग्रीन फ्यूचर की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश :** कार्यक्रम में यह भी बताया जाएगा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश ने विकास और पारिस्थितिकी के बीच संतुलन साधने का ठोस मॉडल तैयार किया है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को ध्यान में रखते हुए राज्य ग्रीन फ्यूचर की ओर तेजी से अग्रसर है। आयोजन समिति के अनुसार, इस सेक्शन का उद्देश्य आगंतुकों को प्रेरित करना और उन्हें यह विश्वास दिलाना है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि यह मॉडल न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए क्लाइमेट जस्टिस और सतत विकास की दिशा में प्रेरक साबित होगा।

**पांच दिनों तक बिजनेस, संस्कृति और क्रिएटिविटी का दिखेगा संगम :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का मंच सज चुका है, जहां 5 दिनों तक व्यापार, संस्कृति, खानपान और रचनात्मकता का अद्भुत मेल देखने को मिलेगा। इस मेगा इवेंट में उत्तर प्रदेश अपनी ताकत और संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य को ग्लोबल सोर्सिंग हब के रूप में स्थापित करना है, जहां छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों से लेकर पारंपरिक वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के खजाने, आधुनिक तकनीक, हस्तशिल्प और प्रदेश की विविधतापूर्ण व्यंजन संस्कृति सब एक ही छत के नीचे दिखाई देंगे। इस बार आयोजन में एमएसएमई और स्टार्टअप्स को विशेष प्लेटफार्म दिया गया है, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खरीदारों और निवेशकों से जुड़ सकें। वहीं, मेगा इंडस्ट्री सेक्टर की कंपनियां भी अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगी। व्यापारियों, निवेशकों और खरीदारों के लिए यह आयोजन न केवल नए अवसरों का द्वार खोलेगा, बल्कि 'मेक इन यूपी' की अवधारणा को सशक्त भी करेगा। प्रदर्शनी में आने वाले विज़िटर्स को खरीदारी और बिजनेस डील्स के साथ-साथ यूपी के क्राफ्ट, कल्चर और कुजीन का लुत्फ भी मिलेगा। प्रदेश के पारंपरिक शिल्प, पीतल, जरी-जरदोजी, बनारसी साड़ी से लेकर आधुनिक तकनीकी नवाचारों तक की झलक यहां देखने को मिलेगी। साथ ही, आगंतुकों को अवध, बुंदेलखंड और पूर्वांचल की पाक विरासत का स्वाद चखने का मौका मिलेगा।

# गांव-गांव और नगर-नगर तक आत्मनिर्भरता की अलख जले: सीपी जोशी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा यूपी के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला मंगलवार को राजधानी स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में संपन्न हुई। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अभियान के राष्ट्रीय सह संयोजक व सांसद सीपी जोशी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सम्बोधित किया। इसका संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान के प्रदेश संयोजक बृज बहादुर ने किया। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सभी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, मीडिया, आईटी व सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के क्षेत्रीय व जिला संयोजक और सहसंयोजक सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

- **भाजपा यूपी के तत्वावधान में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न**

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक एवं सांसद सीपी जोशी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस दूरदृष्टि का प्रतीक है, जिसमें भारत को केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि विश्व का निमार्ता और मार्गदर्शक बनाने का संकल्प निहित है। यह अभियान स्थानीय उद्यमों, कुटीर उद्योगों, किसानों, नवाचार और युवाओं की ऊर्जा को एकजुट कर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि गांव-गांव और नगर-नगर तक आत्मनिर्भरता की अलख जले। वोकल फॉर लोकल से लेकर स्टार्टअप और मेक इन इंडिया तक, यह संकल्प प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही सफल होगा।



**भूपेन्द्र चौधरी बोले, भाजपा सरकार स्वदेशी को दे रही बढ़ावा :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। जब तक यह स्वदेशी नहीं होगी. यह न तो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर सकती है और न ही न्याय की गारंटी दे सकती है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भाजपा इस अभियान को गांव-गांव, नगर-नगर तक पहुंचाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध है।

**धर्मपाल सिंह ने अभियान के लिए होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को दी जानकारी :** पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की आत्मा को जागृत करने का महाअभियान है। उन्होंने प्रदेश भर में चलने वाले आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के संदर्भ में कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि यह अभियान पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से प्रारम्भ होकर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अभियान को गति प्रदान करने के लिए आगामी 26 सितंबर को जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करनी है जबकि 28, 29 व 30 सितंबर को मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर विस्तृत कार्य योजना तैयार करनी है। उन्होंने बताया कि 28 से 30 सितंबर के मध्य प्रेस वार्ता के माध्यम से अभियान का औपचारिक शुभारंभ होगा। 7 व 8 अक्टूबर को पार्टी के जिला अध्यक्ष, सांसद, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला स्तर पर प्रेस वार्ता करेंगे। धर्मपाल सिंह ने बताया की 16 से 30 अक्टूबर के मध्य युवा मोर्चा व महिला मोर्चा द्वारा सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

# मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी निरीक्षक होंगी महिला इंस्पेक्टर, केंद्र पर तैनात होंगे 22 पुलिसकर्मी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति 5 का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के हर थाने में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिये थे ताकि प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को भयमुक्त वातावरण, गरिमामयी जीवन और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाया जा सके। इसी क्रम में डीजीपी ने मिशन शक्ति केंद्र को लेकर सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये, जिसमें मिशन शक्ति केंद्र को लेकर गाइडलाइन जारी की गयी है।

इसके तहत महिला शिकायतकताओं के प्रति संवेदनशीलता, तत्परता और प्राथमिकता सुनिश्चित करने, शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, समुचित काउंसिलिंग, सहयोग और संरक्षण आदि निश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। इतना ही नहीं सभी केंद्र, पुलिस चौकियों की तरह कार्य करेंगे और महिला अपराधों से जुड़े मामलों की विवेचना भी करेगा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र में एक प्रभारी निरीक्षक/उपनिरीक्षक (प्राथमिकता महिला अधिकारी), 1 से 4 उपनिरीक्षक, 4 से 15 आरक्षी (जिनमें 50 प्रतिशत महिलाएं), 1 से 2 महिला होमगार्ड तथा आवश्यकता पड़ने पर परामर्शदाताओं की नियुक्ति के निर्देश दिये गये हैं।

- **सीएम योगी के निर्देश पर दो हफ्ते के अंदर प्रदेश के सभी जिलों में खुल जायेंगे मिशन शक्ति केंद्र**
- **पुलिस चौकियों की तरह कार्य करेंगे केंद्र, महिला अपराधों से जुड़े मामलों की केंद्र के अधिकारी ही करेंगे विवेचना**
- **डीजीपी राजीव कृष्ण ने मिशन शक्ति केंद्र को लेकर तय की एडीजी से लेकर केंद्र प्रभारी की जिम्मेदारी**

उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर कर्मियों को 3 से 5 वर्ष की अवधि तक तैनात रखा जाएगा और प्रशिक्षित कर्मियों के स्थानांतरण का प्रावधान भी होगा। डीजीपी द्वारा जारी गाइडलाइन में थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि मिशन शक्ति केन्द्र के लिए एक अलग कक्ष, कम्प्यूटर, अभिलेख, स्टेशनरी, महिला शौचालय और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाए।

# नीति आयोग के सीईओ ने की उत्तर प्रदेश @2047 के विजन डॉक्युमेंट की समीक्षा

**लखनऊ।** नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की अध्यक्षता में मंगलवार को योजना भवन, लखनऊ में उत्तर प्रदेश @ 2047 – विजन डॉक्युमेंट की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दस्तावेज के निर्माण की वर्तमान प्रगति और भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में नीति आयोग के सीईओ सुब्रमण्यम के समक्ष विजन डॉक्युमेंट के निर्माण प्रक्रिया का प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्होंने एक संगठित और समन्वित कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा तथा कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए एक संयुक्त टीम के गठन का सुझाव दिया। इस टीम में क्षेत्रीय एवं सेक्टर विशेषज्ञ, नीति आयोग के प्रतिनिधि तथा राज्य योजना विभाग के सदस्य शामिल होंगे, जिससे नीति-निर्माण में समन्वय मजबूत होगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक हाई पावर कमेटी बनाई जाए जो कि इस विजन डॉक्युमेंट को रिव्यू करेगी।

राज्य योजना आयोग के प्रमुख सचिव ने विजन डॉक्युमेंट तैयार करने की चरणबद्ध कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर 500 प्रोडक्ट्स/विषयों के एक समूह का गठन किया गया है। साथ ही, राज्य के सभी जनपदों में शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों, विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय हितधारकों से संवाद करके सुझाव एकत्र किए जा रहे हैं। इसके अलावा, आम जनता से ऑनलाइन सुझाव लेने के लिए एक समर्पित पोर्टल भी शुरू किया गया है। नीति आयोग के सीईओ ने इस व्यापक जनभागीदारी की प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों की उपलब्धियों के साथ मुख्यमंत्री की बैठक आयोजित की जाएं और विद्यार्थियों तक इस विजन की पहुंच सुनिश्चित की जाए। बैठक में विजन डॉक्युमेंट के रूपरेखा तय करने के लिए एक समय सीमा भी निर्धारित की गई। इस अवसर पर राज्य योजना आयोग के प्रमुख सचिव, विशेष सचिव, संयुक्त निदेशक, निदेशक, शोध अधिकारी, टीम डेलाइट, टीम स्टेट सपोर्ट मिशन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने विजन डॉक्युमेंट के निर्माण के लिए आवश्यक तत्कालिक और दीर्घकालिक कदमों पर प्रभावी विचार-विमर्श किया।

- **दस्तावेज के निर्माण की वर्तमान प्रगति और भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई**

# सपा सरकार बनने पर आजम खां पर लगे सभी मुकदमें वापस होंगे : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां की जेल से रिहाई पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि हम कोर्ट का धन्यवाद करते है। मोहम्मद आजम खां की रिहाई हो गयी है। हम समाजवादियों को भरोसा था कि कोर्ट मोहम्मद आजम खां के साथ न्याय करेगा।

- **सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मो. आजम खां की रिहाई पर जाहिर की प्रसन्नता**
- **कहा, भाजपा सरकार ने उन पर झूठे मुकदमे लगाये**

भाजपा सरकार ने उन पर झूठे मुकदमे लगाये। उन्हें न्याय मिला है। वे रिहा हो गये है। हम सभी के लिए आज खुशी का दिन है। जनपद मार्केट हजरतगंज लखनऊ में मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मोहम्मद आजम खां और हम सबने सपा के संस्थापक नेताजी के साथ मिलकर लम्बी लड़ाई लड़ी। भाजपा से मुकाबला किया। इस लड़ाई में मोहम्मद आजम खां और समाजवादियों की बड़ी भूमिका है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उपमुख्यमंत्री और अन्य तमाम भाजपाइयों के मुकदमें वापस लिए हैं वैसे ही सपा की सरकार बनने पर मोहम्मद आजम खां पर लगे सभी मुकदमें वापस लिए जाएंगे। पत्रकारों पर लगे मुकदमे भी वापस लिए जायेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा भेदभाव की राजनीति करती है। इस सरकार में थाना, चौकियों से लेकर हर जगह जाति-धर्म के आधार पर भेदभाव हुआ है। भाजपा सरकार ने स्वजातीय, वर्चस्ववादी लोगों को थाने, चौकी तहसील और अन्य तमाम पदों पर बैठाया हुआ है। पोस्टिंग दी है। भाजपा सरकार में जाति के आधार पर पोस्टिंग होती है। गोरखपुर में सबसे



ज्यादा पोस्टिंग एक ही जाति के लोगों को मिली। यूपी एसटीएफ की पोस्टिंग में भी जाति सर्वोपरि है। मुख्यालय के ठेके भी एक ही जाति के लोगों को मिले हुए है। जाति को लेकर जब कोर्ट का फैसला आया है तब सरकार जागी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि जाति को लेकर कोर्ट का फैसला आया है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में कोर्ट जाति खत्म करने और जातीय भेदभाव खत्म करने के बारे में रास्ता बताएगा। जिससे कोई जाति के आधार पर किसी का घर-मकान गंगा जल से न धुलवा पाए। कोई जातीय भेदभाव के आधार पर मंदिर न धोने पाए। उम्मीद है ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी, जिन्होंने गंगा जल से किसी का घर, मुख्यमंत्री आवास धोया और मंदिर धोया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर स्तर पर भेदभाव हो रहा है। भेदभाव का आलम यह है कि सीतापुर में सपा का झंडा लगी गाड़ियों का चालान कर दिया गया। सपा की गाड़ी अगर पार्किंग में भी खड़ी होती है और झंडा लगा है तो सरकार चालान करवा देती है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर पोस्ट में अखिलेश यादव ने कहा कि मोहम्मद आजम खां की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सबके साथ-साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है जो इंसाफ में ऐतबार करते हैं। न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया। अखिलेश यादव ने कहा कि आज फर्जी मुकदमे करने वालों को भी ये सबक मिल गया है कि हर झूठ की एक मियाद होती है और हर साजिश की भी। जो लोग सामाजिक सौहार्द के प्रतीक होते हैं, भाजपा को वो कभी अच्छे नहीं लगते हैं। उन्होंने कहा कि मोहम्मद आजम खां एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खिलाफ आवाज उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे।

# लखनऊ में दिखेगा 'महाकुम्भ' सा नजारा, बनेगी गेटेड टेंट सिटी

## 3500 टेंट और 64 किचन की होगी व्यवस्था, जम्बूरी स्थल पर होगा 100 बिस्तरों वाला अस्पताल और 15 डिस्पेंसरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ का डिफेंस एक्सपो ग्राउंड नवंबर में एक भव्य अस्थायी नगर का रूप लेने जा रहा है। यहां बनने वाली टेंट सिटी भारत स्काउंट गाइड्स की ओर से आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मेजबानी में आयोजित हो रहे इस आयोजन में शामिल होने वाले 32 हजार प्रतिभागियों और 3 हजार अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन आगामी 29 सितंबर को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण करेंगे।

**3500 टेंट और 64 किचन :** वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड का नजारा हाल ही में प्रयाग में संपन्न हुए 'महाकुम्भ' सरीखा ही नजर आएगा। यहां नेशनल जम्बूरी के

- **नेशनल जम्बूरी के लिए तैयारियां तेज**
- **योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी रचेगा मेगा इवेंट का इतिहास**
- **योगी सरकार की पहल पर यूपी बनेगा ग्लोबल इवेंट्स का हब**
- **35 हजार प्रतिभागियों के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का होगा निर्माण**

आयोजन स्थल पर 3500 से अधिक टेंट लगाए जाएंगे। प्रत्येक प्रतिभागी दल के लिए अलग आवासीय व्यवस्था होगी। साफ-सफाई और खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए 64 रसोई घर बनाए जाएंगे जो एक साथ हजारों लोगों के लिए भोजन तैयार करेंगे।

**स्वास्थ्य और सुरक्षा इंतजाम :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रतिभागियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यहां 100 बिस्तरों वाला अस्पताल, 15 डिस्पेंसरी और दर्जनों एंबुलेंस सेवा में रहेंगी। इसके साथ ही 24*7 कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन की व्यवस्था होगी, जिससे हर समस्या का समाधान 15 मिनट में सुनिश्चित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री की मंशा है कि यह जम्बूरी ग्रीन एनर्जी और प्लास्टिक-फ्री परिसर का मॉडल प्रस्तुत करे। इसके लिए जल संरक्षण, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिए विशेष दल तैनात किए जाएंगे। वाटर एटीएम, स्वच्छ शौचालय और स्नानागार हर जगह उपलब्ध होंगे।

**तकनीक और आधुनिक सुविधाएं :** आयोजन स्थल पर वाई-फाई जोन, प्रदर्शनी हॉल, मीटिंग हॉल और ग्लोबल विलेज भी बनाया जाएगा। 100 दुकानों वाली जम्बूरी मार्केट युवाओं को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का अवसर देगी। यह इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल आयोजन की भव्यता दिखाएगा, बल्कि यह भी साबित करेगा कि यूपी वैश्विक आयोजनों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर जम्बूरी स्थल को गेटेड टेंट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल प्रदेश की प्रतिष्ठा बढ़ाएगा बल्कि जी-20 और महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजनों के जरिए अपनी वैश्विक पहचान को एक बार फिर आदर्श रूप में भी स्थापित करेगा।

- **भूमि पूजन में शामिल होंगे योगी सरकार के कई मंत्री**
- **स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर रहेंगे विशेष इंतजाम**
- **ग्रीन एनर्जी और प्लास्टिक-फ्री मॉडल बनेगा जम्बूरी स्थल**
- **100 दुकानों वाली जम्बूरी मार्केट युवाओं की जरूरतें करेगी पूरी**

# मिशन शक्ति से मिली प्रेरणा, तालाब से बदली जिंदगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाएं अब समाज और अर्थव्यवस्था की धुरी बन रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का जो आधार दिया है, उसी का परिणाम है जौनपुर जिले की शाहगंज तहसील के सुइथाकला विकास खंड के ग्राम बुढ़ूपुर की मीरा सिंह की सफलता। कभी सीमित संसाधनों में जीवन यापन करने वाली मीरा सिंह ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में ऐसा मुकाम बनाया है, जो न केवल उनके परिवार की तकदीर बदल रहा है, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं और युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

मीरा सिंह ने योगी सरकार के मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की अनूठी मिसाल पेश की है। 2020-21 में एक एकड़ जमीन से शुरू किए गए मत्स्य पालन को आज 25 एकड़ तक विस्तारित कर मीरा ने न केवल अपनी पहचान प्रगतिशील मत्स्य पालक के रूप में बनाई, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन की प्रेरणा भी दी। मीरा सिंह का सफर साधारण ग्रामीण महिला से सशक्त उद्यमी तक का प्रेरणादायक किस्सा है। योगी सरकार की ह्यनीली क्रांतिह्न और मिशन शक्ति की योजनाओं ने मीरा को 15 लाख रुपये के अनुदान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण से सशक्त किया, जो आज 1400 कुंतल वार्षिक उत्पादन के साथ 10 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही हैं। 2020 में, जब उन्होंने पति जैनेंद्र सिंह के साथ मत्स्य पालन शुरू किया, तो प्रति हेक्टेयर उत्पादन महज 20 कुंतल था। योगी सरकार की मत्स्य बीज हैचरी योजना ने उन्हें 15 लाख रुपये का अनुदान और तकनीकी मार्गदर्शन दिया। मीरा सिंह कहती हैं कि पहले हमने एक एकड़ में प्रयोग किया। सरकार की मदद से सीखा कि वैज्ञानिक तरीके से कैसे उत्पादन बढ़ाया जाए। योगी सरकार ने हमें बीज, तकनीक और बाजार से जोड़ा। इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ा। आज 25 एकड़ में 1400 कुंतल मछली पैदा होती है। इसमें 1250 कुंतल पंगेशियस, 60-60 कुंतल रोहू और भाकुर, 30 कुंतल मृगल शामिल है। वो कहती हैं कि हम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं। योगी सरकार की मदद से हमसुरक्षित और सम्मानित जीवन जी रहे हैं। मीरा की सफलता महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का प्रतीक है।

- **मत्स्य पालन में आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं मीरा सिंह**
- **अपने साथ 10 अधिक लोगों को दे रही रोजगार**

संक्षेप

## अज्ञात कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। अज्ञात कार की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत को लेकर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे दीनानाथ निवासी संतोष कुमार वर्मा के पिता रामनरेश वर्मा 65 बीती पन्द्रह अगस्त की शाम अपनी ससुराल हरिहरपुर कैलहा घर लौट रहे थे। गहिरी मोड़ के पास अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे रामनरेश की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक लीलापुर मनोज पाण्डेय का कहना है कि मृतक के पुत्र संतोष कुमार वर्मा की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो पर मारपीट व एससीएसटी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर सुखानपटी गांव निवासी श्यामलाल पुत्र रोंघई ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस सितंबर की शाम करीब सात बजे उसका मानसिक विक्षिप्त पुत्र लवलेश घर के समीप स्थित मंदिर के पास गया था। आरोप है कि यहां कुलदीप पुत्र लडडू व कुन्नू शर्मा पुत्र चन्द्रपाल ने जातिसूचक गाली देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट, एससीएसटी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हरे पेड़ काटे जाने की सीओ से शिकायत

प्रतापगढ़। लाखों की कीमत के लगे पेड़ को कटवाकर बेंच देने के आरोप में पीड़िता ने सीओ से शिकायत की है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के कुंभापुर गांव की राजेश्वरी देवी पत्नी राजबहादुर यादव ने सीओ को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि क्षेत्र के कुंभापुर व पूरे तुला उपाध्याय में स्थित उसकी हिस्सेदारी की जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के हजारों पेड़ को विपक्षी ने करीब पांच लाख रुपए में बेंचकर सारा पैसा हड़प लिया। पीड़िता ने अपने हिस्से का आधा पैसा मांगा तो आरोपी विपक्षी ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने सीओ से इंसाफ की गुहार की है। सीओ आशुतोष मिश्र का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नदी में डूबे युवक का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

प्रतापगढ़। नदी में नहाते समय डूबे युवक का दूसरे दिन मंगलवार को भी पता नहीं चल सका। गोताखोरों की मदद से पुलिस युवक की खोजबीन कर रही है। बाबा घुइसरनाथ धाम के समीप से गुजरी सई नदी में नहाते समय बीते सोमवार को दोपहर पैर फिसलने से एक युवक नदी के गहरे पानी में समा गया। नदी में समाए युवक की पहचान कुंभापुर निवासी छब्बीस वर्षीय उपदेश वर्मा पुत्र श्रीकृष्ण वर्मा के रूप में की गयी। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि गोताखोरों की मदद से युवक की खोजबीन की जा रही है। नदी के सरूआ घाट पर जाल भी लगवाया गया है। अभी तक नदी में डूबे युवक का पता नहीं चल सका है। खोजबीन की जा रही है।

## 322 मरीजों का हुआ निशुल्क नेत्र परीक्षण

प्रतापगढ़। सांगीपुर सीएचसी में मंगलवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें नेत्र चिकित्सकों ने कुल तीन सौ बाइस मरीजों के नेत्र का परीक्षण किया। दो सौ पचहत्तर मरीजों में निशुल्क चश्में व दवा का वितरण भी किया गया। शिविर का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि सीएचसी अधीक्षक डा0 आनन्द कुमार तिवारी ने किया।

## लालगंज में विद्युत मेगा कैम्प आज

प्रतापगढ़। स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र मुख्यालय पर आज बुधवार को मेगा कैम्प का आयोजन किया गया है। एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार ने बताया कि शिविर में उपभोक्ताओं के बिल, मीटर, नये कनेक्शन सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

# वाहन की चपेट में आकर तीन की मौत

जिला संवाददाता

**बहराइच।** जिले में बहराइच-बलरामपुर मार्ग पर मंगलवार सुबह दो महिलाओं और एक पुरूष समेत तीन लोगों की भारी वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने यहां बताया कि दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र स्थित एक निर्माणाधीन रिफाइनरी के नजदीक रहने वाले राजेश कुमार (52) असोखा पार्क में टहलने आये थे। उसी क्षेत्र की संतोष कुमारी (55) व कांति देवी (52) नवरात्रि की पूजा के लिये पार्क से फूल तोड़कर पैदल अपने घर जा रही थीं। इसी बीच सुबह करीब साढ़े छह बजे बलरामपुर-बहराइच मार्ग पर बलरामपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार भारी वाहन ने तीनों को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गयी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) पहुप कुमार सिंह ने संवाददाताओं से बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर तीनों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। घटना में शामिल वाहन का चालक अपनी गाड़ी घटनास्थल पर छोड़कर भाग गया। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं और वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्वाई की जा रही है।

## भाई की हत्या के दोषी को उम्रकैद

बलरामपुर। जिले की एक अदालत ने सगे भाई की गोली मारकर हत्या करने के सात साल पुराने मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह जानकारी एक शासकीय अधिवक्ता ने मंगलवार को दी। शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को सुनने और साक्ष्यों के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने मोहल्ला बलुहा निवासी आरोपी नफीस को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। उन्होंने बताया कि 10 मई 2018 को नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बलुहा में संपत्ति विवाद को लेकर शफीक उर्फ कून्नू भैया की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पिता अब्दुल मजीद ने अपने ही पुत्र नफीस के खिलाफ नगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना पूरी कर अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। मुकदमे के दौरान दोनों पक्षों की ओर से कई गवाह पेश किए गए। अदालत ने सभी साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध होने पर यह सजा सुनाई।

## ज्ञानवापी : वजूखाना के सर्वेक्षण के अनुरोध वाली याचिका की सुनवाई टली

प्रयागराज। वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर शेष क्षेत्र का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराए जाने के अनुरोध वाली याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सुनवाई स्थगित कर दी। मंगलवार को जब यह मामला न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत में सुनवाई के लिए आया तो अदालत को अवगत कराया गया कि मुस्लिम पक्ष के वकील अस्वस्थ होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके। अदालत ने इसे ध्यान में रखते हुए सुनवाई स्थगित कर दी।

# अयोध्या मस्जिद निर्माण योजना को एडीए ने किया खारिज

- अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने का किया दावा
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप राज्य सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आवंटित की गई थी जमीन

जिला संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने सरकारी विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र न मिलने का हवाला देते हुए यहां धन्नीपुर गांव में मस्जिद निर्माण योजना को खारिज कर दिया है। यह भूमि उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुरूप राज्य सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आवंटित की गई थी। आरटीआई के जवाब में एडीए ने 16 सितंबर को लिखे एक पत्र में कहा कि मस्जिद ट्रस्ट ने 23 जून 2021 को आवेदन दिया था जिसे लोक निर्माण, प्रदूषण नियंत्रण, नागरिक उड्डयन, सिंचाई, राजस्व, नगर निगम और अग्निशमन सेवाओं सहित अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र न मिलने के कारण खारिज कर दिया गया। उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2019 को अयोध्या के अरसे पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए विवादित स्थल की 2.77 एकड़ जमीन मंदिर बनाने के लिए हिंदू पक्ष को देने का आदेश दिया था। साथ ही मुसलमानों को अयोध्या में ही किसी प्रमुख स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन देने का हुक्म जारी किया था।

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अयोध्या जिला प्रशासन ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को अयोध्या की सोहावल तहसील स्थित धन्नीपुर गांव में मस्जिद बनाने के लिए जमीन दी थी।

तीन अगस्त, 2020 को अयोध्या के तत्कालीन जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने ज़मीन का कब्ज़ा सुन्नी सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया। यह ज़मीन अयोध्या से 25 किलोमीटर दूर स्थित है। मस्जिद ट्रस्ट ने 23 जून 2021 को अयोध्या विकास प्राधिकरण में मस्जिद और अन्य ढांचे के नक्शे की मंजूरी के लिए आवेदन किया था। एक आरटीआई के जवाब में अयोध्या विकास प्राधिकरण ने स्वीकार किया है कि सरकारी विभागों ने मस्जिद के नक्शे की मंजूरी के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेज़ नहीं दिए हैं।

## विवाहिता की मौत को लेकर आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत को लेकर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। वहीं पीएम के बाद मृतका का शव लेकर मायके पक्ष के लोग रायबरेली चले गये। उदयपुर थाना क्षेत्र के कुम्भीआइमा निवासी नासिर अली की पत्नी अटठाईस वर्षीया नायला बानो की सोमवार को दोपहर संदिग्ध दशा में मौत हो गयी। विवाहिता की मौत को लेकर मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के भाई इरफान पुत्र फिरोज निवासी पूरे तकिया रोखा थाना डीह, रायबरेली ने पति नासिर अली, ससुर साबिर अली तथा रिश्तेदार इंसान अली पुत्र कासिम व रिजवान पुत्र इंसान अली के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि मृतका के मायके पक्ष के लोग शव को लेकर घर चले गये। वहीं शव का दफन किया। पीएम रिपोर्ट अभी नहीं आयी है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## एनआईसी सभागार में सैनिक बंधु बैठक का आयोजन



मेरठ । आज कलेक्ट्रेट स्थित एन.आई.सी. सभागार में जिला मजिस्ट्रेट डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में सैनिक बंधु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बृजेश सिंह, अपर जिला मजिस्ट्रेट (सिटी) तथा कैप्टन (आई.एन.) राकेश शुक्ल (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मेरठ उपस्थित रहे। बैठक में भूमि संबंधी शिकायतों, विवादों तथा पुलिस से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हें संबंधित विभागों को कार्यवाही हेतु भेज दिया गया। उपस्थित पूर्व सैनिकों ने जिला मजिस्ट्रेट का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मामलों को सुना। साथ ही यह भी कहा गया कि पटवारी और कानून स्तर पर अधिकारियों को पूर्व सैनिकों की आवश्यकताओं के प्रति अधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता है। पुलिस मामलों पर डॉ. विपिन टाडा एवं उनकी टीम की सक्रियता की सराहना की गई, परंतु पूर्व सैनिकों ने थाना व चौकी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में मवाना रोड स्थित हाई प्रोफाइल डिफेंस कॉलोनी विवाद, जो दो पक्षों के बीच चल रहा है, पर भी चर्चा हुई। इसे सुलझाने हेतु एक अलग बैठक बुलाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, शहीदों के नाम पर सड़कों के नामकरण से संबंधित विषय पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस विषय पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को एक सप्ताह के भीतर सैनिक बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# मंदिरों व पांडालों में गूंज रहे देवी आराधना के सुर



प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र में दूसरे दिन देवी भक्तों ने मां ब्रम्हचारिणी के स्वरूप की घरों व मंदिरों में पूजा अर्चना की। पौराणिक देवी धाम इनहन भवानी व सांगीपुर वार्ड के चौहर्जन देवी मंदिर तथा कल्यानपुर की मां काली मंदिर के साथ पाण्डालों में भी दर्शन पूजन को देवी भक्तों का जमावड़ा दिखा। रामपुर बावली में नव दुर्गा पूजा समिति की ओर से देवी आराधना उत्सव का आयोजन किया गया। नल नील रामलीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी एवं कमेटी के संरक्षक डा0 चन्द्रेश सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य सुरेश सिंह व प्रधान कमल सिंह रहे। कार्यक्रम का संयोजन व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजू सिंह व धीरेन्द्र मिश्र ने किया। इस मौके पर समाजसेवी राजेश कुमार सिंह खन्ना, महिपाल सिंह, शिकारी सरोज, प्रदीप कौशल, राजू सोनी, आदित्य सिंह, अभय सिंह, दीवान सिंह, विशाल कश्यप, कोमलचंद्र गुप्ता, पिण्टू, इन्द्रेश आदि रहे। क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर में लक्ष्मणपुर रोड पर श्रीदुर्गा पूजा पाण्डाल में श्रीरामलीला मंचन को लेकर सोमवार की रात श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष समाजसेवी संजय शुक्ल व दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ल ने मंचन का संयोजन किया। संचालन रत्नाकर तिवारी ने किया। वहीं पाण्डालों में मां दुर्गा प्रतिमाओं की आकर्षक साजसज्जा को देख भी देवी भक्त मगन हैं। लालगंज के हरिहरमंदिरम में भी मां दुर्गा के भव्य श्रृंगार के साथ मां पीताम्बरा व मां विश्वमोहिनी का दर्शन पूजन कर भक्तों ने कल्याण की कामना की।

## नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ी, शोहरतगढ़ में डीएम-एसपी ने किया रूट मार्च



सिद्धार्थनगर- शोहरतगढ़ में नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा के त्योहारों को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। नेपाल में चल रहे आंदोलन के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मंगलवार शाम को शोहरतगढ़ बाजार का दौरा किया। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ और थानाध्यक्ष संतोष तिवारी भी मौजूद रहे। पीएसी बल के साथ पैदल गश्त की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद किया। उन्होंने त्योहारों के दौरान सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने या कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। व्यापारियों से निर्भय होकर त्योहार मनाने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को निरंतर गश्त करने को कहा। एसडीएम शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्र ने बाजार का निरीक्षण कर साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नेपाल सीमा से लगे इलाकों में प्रशासन विशेष नजर रख रहा है।

## डीएम व एसपी ने किया पैदल गश्त रूट मार्च



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा 0 राजा गणपति आर 0 व पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद व मैं पीएसी टीम के साथ त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा, दशहरा/विजयदशमी तथा नेपाल राष्ट्र में आंदोलन/हिंसा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारी संख्या में ढेबरूवा पुलिस के साथ बढ़नी कस्बा परिक्षेत्र में पैदल गश्त/रूप मार्च किया गया। गत मंगलवार बढ़नी कस्बा परिक्षेत्र में शान्ति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाएं रखने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने त्यौहार नवरात्रि/दुर्गा पूजा, दशहरा/विजयदशमी तथा नेपाल राष्ट्र में आंदोलन/हिंसा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना ढ़ेबरुआ पुलिस के साथ कस्बा बढ़नी में पैदल गश्त/रुट मार्च किया गया। पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने आम जनमानस को सुरक्षा का यहसास कराया गया , डीएम व एसपी तथा एएसपी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल एवं पीएसी की संख्या में रूट मार्च के दौरान देख आसामाजिक तत्वों के हौसले पस्त नजर आए, अधिकारियों ने साथ ही सम्बंधित को शान्ति सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने सहित दायित्वों से जुड़े कार्यों से सम्बंधित आवश्यक निर्देश दिये गये ।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत गिलौला में मेगा कैंप



श्रावस्ती। जनपद के ब्लॉक गिलौला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक मेगा स्वास्थ्य कैंप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक राम फेरन पांडेय जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी समेत जनपद और ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। कैंप में भारी संख्या में ग्रामीणों एवं लाभार्थियों की सहभागिता रही। कैंप के दौरान फाइलेरिया रोगियों को होम बेस्ड केयर हेतु एम०एम०डी०पी० किट वितरित की गई। साथ ही रोगियों को व्यायाम, व्यक्तिगत स्वच्छता और समुचित देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई, जिससे वे घर पर ही फाइलेरिया का प्रभावी प्रबंधन कर सकें।

# डीएम ने मिशन शक्ति फेज-5 की समीक्षा

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के संचालन हेतु गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को शासनादेशों के अनुरूप कार्यवाही समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए फेज-5 की सभी गतिविधियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न कराने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन हेतु सरकार की मंशा के अनुरूप यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि महिला अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की जाए तथा अभियोजन की प्रक्रिया में त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभागों को महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही उचित स्थानों पर पिंक बूथ स्थापित कर 24७7 सहायता उपलब्ध कराने, प्रत्येक थाने में महिला सुविधा रूम सुनिश्चित करने और विभिन्न कैंपों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज, जिला पंचायत राज अधिकारी नन्दलाल, जिला समन्वयक राजकुमार त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों को मिला सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण



सिद्धार्थनगर। अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों को मिला सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण ।पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में 23- सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर, जनपद पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण को सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन लोहिया कला भवन में हुआ, जिसका उद्देश्य पुलिस कर्मियों को मूक-बधिर लोगों के साथ बेहतर संवाद करने में सक्षम बनाना था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देशों पर आयोजित किया गया। इसमें पुलिस कर्मियों को सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण दिया गया। यह पहल फ्द्धहऊअू३ 2016 और अंतर्राष्ट्रीय आदेशों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य पुलिस सेवाओं को और अधिक समावेशी बनाना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पुलिसकर्मी अब मूक-बधिर लोगों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे और उनकी मदद कर सकेंगे।

# संपत्ति के लिए बेटी-दामाद ने की थी हत्या

## पुलिस ने किया वृद्ध की हत्या का खुलासा



सिद्धार्थनगर- खेसरहा थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने एक वृद्ध की हत्या का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने मृतक की बेटी और दामाद को गिरफ्तार किया है। 19-20 सितंबर की रात गेंगटा गांव के पास खेत में शिव पूजन लोधी की हत्या हुई थी। मृतक की बेटी कविता की शिकायत पर खेसरहा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने जांच की। पुलिस ने खेसरहा थाने के ग्राम कुड़जा से मनोज और उसकी पत्नी कविता को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि शिवपूजन अपनी संपत्ति उन्हें देने से मना कर रहे थे। वह दूसरी महिला से विवाह की योजना बना रहे थे। 19 सितंबर की रात खेत में बने मचान पर शिवपूजन से संपत्ति और दूसरी शादी को लेकर विवाद हुआ। मृतक के डांटकर भगा देने पर नाराज बेटी और दामाद ने पत्थर और जूते से उनकी हत्या कर दी। आरोपियों का मकसद संपत्ति पर अकेले अधिकार जमाना था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त जूता और पत्थर बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। इस मामले में खेसरहा थानाध्यक्ष अनुप कुमार मिश्र, प्रभारी सर्विलांस हरेन्द्र चौहान और उपनिरीक्षक राघवेंद्र प्रताप यादव की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## होनहार छात्रा को बनाया गया एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी



बांसी सिद्धार्थनगर ।मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बाजारडीह की होनहार छात्रा को एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया ।उक्त जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण को मजबूत करना है, जिसमें वित्तीय सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके, ताकि वे हिंसा मुक्त माहौल में अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें और समाज में समान भागीदार बन सकें। इसका उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहलों को एक साथ लाकर महिलाओं के जीवन-चक्र के सभी चरणों में उन्हें सहायता प्रदान करना है। इसी के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बाजारडीह मिठवल के कक्षा 8 में अध्यनरत होनहार छात्रा कुमारी शिवांगी मौर्या को 1 दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया इसके साथ ही साथ खंड शिक्षा अधिकारी के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी भी दी गई ।

## कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान



सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज तहसील के हल्लौर गांव में कांग्रेस ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत हस्ताक्षर कैंप लगाया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद की अगुवाई में आयोजित कैंप में सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर किए। काजी सुहेल अहमद ने बताया कि एकत्रित किए गए हस्ताक्षरों को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। सुहेल अहमद ने कहा कि विभिन्न विधानसभाओं में लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से गायब हैं। इसके साथ ही लाखों फर्जी नाम दर्ज किए गए हैं। कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य 15 अक्टूबर तक देशभर में 5 करोड़ लोगों से हस्ताक्षर कराना है। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों को मतदाता सूचियों में अनियमितताओं की जानकारी दी। साथ ही उन्हें मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर जिला महासचिव आसिफ रिज्वी, कोषाध्यक्ष रियाज मनिहार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चौबे और अकबर अली समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षेप

## राप्ती नदी से युवक का शव बरामद

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के रकहट में मंगलवार की शाम राप्ती नदी से 26 वर्षीय युवक का शव मिला है शव की पहचान तिवारी पुर थाना क्षेत्र के डोमिनगढ़ गांव के डिघवा टोला निवासी अभीत यादव पुत्र सच्चिदानंद के रूप में हुई है। गीडा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गीडा थाना प्रभारी अश्वनी पांडेय ने बताया कि मृतक रविवार को दोपहर में नदी के किनारे शौच करने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से नदी में गिर गया नदी में युवक को डूबता देख किसी राहगीर ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम राप्ती में युवक अभीत की तलाश कर रही थी। जिसका शव रकहट में राप्ती नदी से बरामद किया गया है। मृतक दो भाईयों में बड़ा था। तीन वर्ष पहले शादी हुई थी। मृतक से एक पुत्र भी है।

## आज से शहर में चलेगा अतिक्रमण अभियान

इटावा। 24 सितम्बर से शहर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित और उनके पदाधिकारियों ने नगर पालिका टीम के साथ मुनादी कराई, जिलाध्यक्ष ने व्यापारियों से अपील की है कि सामान अपनी दुकानों के अन्दर ही रक्खें, त्यौहारों का समय है बाजारों में भीड़ बढ़ रही है, अतिक्रमण की बजह से जाम लगता, जिससे ग्राहकों को बाजार आने में परेशानी होती है नगरपालिका पालिका टीम में आरआई प्रदीप शर्मा आदि शामिल रहे।

## अनन्या बाथम को बनाया एक दिन को प्रधानाचार्य

इटावा। मिशन शक्ति के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय शांति कॉलोनी नगर क्षेत्र इटावा में एक दिवस के लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापक मन्जू लता राजपूत ने कक्षा 7 की छात्रा अनन्या बाथम को एक दिन का प्रधानाध्यापक बना कर सोपा कार्यभार। विद्यालय के नवीन प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को अच्छा बनाने के लिए निम्न बिंदुओं पर अपना विचार साझा किया द्य साथ ही साथ विद्यालय के नवीन प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में वृक्षारोपण कर अपने दायित्व का निर्वाहन किया।

## 5 फीट लंबे स्पेक्टिकल कोबरा को देखकर डरे ग्रामीण

इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिजौली में के पास ही खेत में बने एक मकान के अंदर दीवार किनारे रखी सीढ़ी के सबसे ऊपर एक 5 फीट लम्बा खतरनाक कोबरा सांप कहीं से आकर बैठ गया जो ऊपर जीने की ओर जाने का प्रयास कर रहा था तभी किसान शिवम दुबे ने उसे कमरे में रखी चारपाई पर लेटते वक्त देख लिया और डर के मारे कमरे के बाहर ही निकल गए। शिवम ने बताया कि कमरे में लटके खतरनाक कोबरा को देखकर वे बेहद ही घबरा गए और फिर उन्होंने वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी से उनकी हेल्पलाइन पर मदद मांगी जिसके बाद डॉ आशीष ने मौके पर पहुंचकर उस खतरनाक स्पेक्टिकल कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर सामाजिक वानिकी विभाग इटावा के दिशा निर्देशन में सुरक्षित प्राकृतवास में ले जाकर छोड़ दिया। नगर पालिका परिषद के स्वच्छता, वन्यजीव पर्यावरण एवम आपदा प्रबंधन के ब्रांड एंबेसडर डॉ आशीष ने मौके पर मौजूद किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि, यह एक 5 फीट लम्बा खतरनाक स्पेक्टिकल कोबरा है जिसका जन्तु वैज्ञानिक नाम नाजा नाजा होता है।

# भाजपा नेता के दरवाजे व कार पर बरसाई गोलियां, मची सनसनी

- भाजपा नेता ने जान से मारने की नियत से फायरिंग का लगाया आरोप
- भाजपा नेता ने अपनी जान का खतरा बताया
- बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मऊ बुजुर्ग गांव की घटना
- पुलिस और फारेंसिक टीम ने की जांच



गोरखपुर। बड़हलगंज थाना क्षेत्र में बीती रात बेखौफ बदमाशों ने ग्राम प्रधान व भाजपा नेता के दरवाजे व कार पर फायरिंग कर सनसनी मचा दिया।

दरवाजे पर खड़ी वैगनआर कार पर गोलियों के निशान मिले है। फायरिंग की घटना से पूरा दहशत में है। भाजपा नेता ने बदमाशों से अपनी का खतरा बताया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फारेंसिक टीम ने जांच की। जानकारी के मुताबिक, बडहलगंज कोतवाली क्षेत्र के बेलसडा गांव के ग्राम प्रधान के दरवाजे पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा दरवाजे पर फायर करने का मामला सामने आया है। दरवाजे पर खडी वैगन आर कार पर गोली के निशान मिले हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फारेंसिक टीम ने जांच की। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में मऊ बुजुर्ग निवासी ग्राम प्रधान पति व भाजपा नेता अखिलेश उर्फ नन्हे दुबे ने कहा कि वे 22 सितंबर की देर शाम विध्यालच से लौटे। थके होने के कारण वे कमरे में सोने चले गए। रात करीब 11 बजे कुछ अज्ञात लोग उन्हें जान से मारने की नीयत से दरवाजे पर चढ कर आए। मुझे न पाकर हमलावरों ने कई राउंड फायर किया और दरवाजे पर खडी वैगन आर कार पर गोली मारते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने फोरेंसिक जांच के लिए टीम को बुलाया। जांच में एक रिपीट फायर पाया गया।

इस संदर्भ में कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। तहरीर मिली है। मुकदमा लिखा जाएगा।

## सरस हॉट में बिना विद्युत कनेक्शन के जल रहा हाइमास्ट, विभाग बेखबर




चरगांवा, गोरखपुर। सरकार विद्युत विभाग को घाटे से उबारने के लिए तमाम कोशिशे कर रही। लेकिन विभागीय कर्मचारियों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया उस पर भारी पड़ रहा। ऐसा ही प्रकरण विकास खण्ड चरगांवा अन्तर्गत जंगल अहमद अली शाह में जीर्णोद्धार कर बनाए गए सरस हॉट परिसर में देखने को मिल रहा है। जहां सरस हाट परिसर में उजाले के लिए लगाया गया हाईमास्ट लाइटें बिना कनेक्शन के ही जल रही है। बावजूद इसके विद्युत विभाग जानबूझकर बेखबर बना हुआ है।

दरअसल, चरगावां ब्लाक के जंगल अहमद अली शाह (तुर्रा बाजार चौराहे के निकट) सरस हॉट बनाया गया है। जीर्णोद्धार के बाद इसी साल जनवरी माह में लोकार्पण किया गया था। सरस हाट परिसर में लगा हाईमास्ट बिना कनेक्शन ही जलाया जा रहा है। कनेक्शन का संज्ञान लेने की बजाय विभाग के दो खंड के सीमा विवाद में उलझकर रह गया है। जबकि यहां विद्युत आपूर्ति

विद्युत वितरण खंड प्रथम ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपकेंद्र पादरी बाजार से उपखंड द्वितीय के एसडीओ अभिषेक सिंह व पादरी बाजार के अवर अभियंता विजय कुमार सिंह के देख रेख में होती है। इस संदर्भ में उप खण्ड प्रथम के एसडीओ गाजी खान ने बताया कि सरस हॉट मेरे क्षेत्र में नहीं आता हैं। लेकिन यदि बिना विद्युत कनेक्शन के सरस हॉट में हाइमास्ट लगाए गए हैं। जो मेरे संज्ञान में आया हैं मेरे द्वारा स्वयं जांच कर आरोप सही पाए जाने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## 25 सितंबर से शुरू होगी गंभीरपुर की रामलीला, तैयारियां पूरी

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव में 46वें वर्ष की रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी पूरी हो गई है।

यह जानकारी श्री श्री आदर्श रामलीला समिति गंभीरपुर के अध्यक्ष मान सिंह ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को शाम 8 बजे नारद मोह से 12 दिवसीय रामलीला का शुभारंभ होगा। 26 सितंबर को राम जन्म, 27 को फुलवारी, 28 को धनुष यज्ञ, 29 को राम विवाह, 30 को राम वन गमन, 1 अक्टूबर को सीता हरण, 2 को राम सुग्रीव मित्रता, 3 को लंका दहन, 4 को रावण अंगद संवाद, 5 को रावण वध एवं मेला का आयोजन होगा। 6 अक्टूबर को दिन में शोभा यात्रा निकालने के बाद रात 9 बजे प्रभु राम के राज्याभिषेक का मंचन किया जाएगा। बता दें की रामलीला समिति गंभीरपुर में वर्तमान में 50 की संख्या में कलाकार हैं जो रामायण से जुड़े सभी किरदारों का जीवंत अभिनय कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। खास बात यह है कि अभिनय करने वाले सभी किरदार गांव के ही होते हैं जो पारिश्रमिक नहीं लेते हैं। धार्मिक संगीत और नृत्य कलाकारों को उत्तर प्रदेश की विभिन्न जनपदों से चयनित कर बुलाया जाता है। रामलीला शुरू होने के एक माह पहले से ही रिहर्सल शुरू हो जाता है। हर साल नवरात्रि में रामलीला का मंचन किया जाता है। वर्तमान में रामलीला मंचन की जिम्मेदारी संतोष सिंह संभाल रहे हैं। संरक्षक के रूप में मोहन सिंह श्रीनेत, संयोजक के रूप में राम प्रताप सिंह एवं कोषाध्यक्ष राहुल हरेंद्र सिंह हैं।

## छात्राएं एक दिन की बीडीओ व बैंक अधिकारी बनी

चकरनगर, इटावा। पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजपुर की कक्षा आठ की छात्रा ओमनी कुमारी मंगलवार को एक दिन की खण्ड विकास अधिकारी बनीं। ओमनी ने जिम्मेदारी संभालते ही राजपुर गांव में नाला सफाई, गली खड़ंजा निर्माण और पानी की समुचित व्यवस्था कराने के आदेश जारी कर लोगों को स्वच्छता व विकास का संदेश दिया। छात्रा ने आत्मविश्वास के साथ गांव की समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। इसी क्रम में कंपॉजिट विद्यालय बरचैली की कक्षा आठ की छात्रा आशु को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया चकरनगर शाखा में एक दिन के लिए शाखा प्रबंधक बनाया गया। वहीं नेहा कुमारी ने कैशियर और असिस्टेंट मैनेजर का दायित्व निभाया। बैंक पहुंचकर छात्राओं ने ग्राहकों का स्वागत किया।

## सरकार ने सैकड़ों झूठे मुकदमों में फंसाया था: शिवपाल यादव

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को इटावा शहर स्थित चैगुर्जी आवास पर कार्यकताओं से मुलाकात की। कार्यकताओं से चर्चा के बाद उन्होंने मीडिया के सवालों के जवाब में वरिष्ठ नेता आजम खान की रिहाई को लेकर खुशी जताई और कहा कि वे सपा छोड़कर कभी किसी अन्य दल में नहीं जाएंगे। सरकार ने उनको झूठे मुकदमों फंसाया था।

शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि 23 महीने बाद सीतापुर जेल से आजम खान की रिहाई हुई है, यह लोकतंत्र और न्याय की जीत है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि आजम खान को सरकार ने राजनीतिक कारणों से सैकड़ों झूठे मामलों में फंसाया गया था, लेकिन अंत में सच सामने आया और न्याय मिला। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आजम खान के दूसरे दलों में शामिल होने की खबरें पूरी तरह झूठी हैं और केवल अफवाह फैलाने के लिए फैलाई जा रही हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि समाजवादी पार्टी अपने वरिष्ठ नेता के साथ मजबूती से खड़ी है और आगे भी हर स्तर पर उनका सहयोग करती रहेगी। शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया और कहा कि सपा की एकजुटता ही विरोधियों को जवाब देगी। चैगुर्जी आवास पर कार्यकताओं से मिलने के बाद वह अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

## अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी का चुनाव संपन्न



इटावा। स्थानीय चैधरी पेट्रोल पंप के पीछे स्थित मदरसा सुल्तान ए हिन्द गरीब नवाज में संरक्षक एंव उलेमाओं की उपस्थिति में अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी शहर इटावा का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ, जिसमे अध्यक्ष पद पर हाजी सकलैन खलील निर्वाचित हुए। अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी शहर इटावा का चुनाव मौलाना जाहिद रजा अशरफी, हाफिज अरशद, नदीम बरकाती एड., शहजाद वारिस एड., संरक्षक हाजी अब्दुल वहाब खान अशरफी की देखरेख में हुआ। कमेटी के समस्त सदस्यों ने अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के लिए मतदान किया। चुनाव में हाजी सकलैन खलील अध्यक्ष, साबिर हुसैन राइन उपाध्यक्ष, असरार अहमद टिंकू सेकेट्री, अमान उल्ला खां कोषाध्यक्ष, कासिम फारुकी प्रवक्ता, मो. शोएब खान रूमी मीडिया प्रभारी निर्वाचित हुये। पूर्व अध्यक्ष हाजी सरफराज मुस्तफा ने जुलूस ईद मीलादुन्नबी के बाद कमेटी को भंग कर दिया था, जिसके कारण कमेटी का चुनाव सम्पन्न हुआ। अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हाजी सकलैन खलील ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसका पूरी लगन और मेहनत से निर्वाहन करेंगे। कमेटी द्वारा आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम जोशो खरोश और बड़े पैमाने पर आयोजित किये जायेंगे और कमेटी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को पूरा सम्मान मिलेगा। कमेटी के सदस्यों ने अध्यक्ष सहित समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोशीला स्वागत किया।

## साजिद अली ने किया राजू गुप्ता का स्वागत



इटावा। शहर के मोहल्ला शाहगदाली में विशेष आयोजन में समाजसेवी साजिद अली राईन अशरफी ने वरिष्ठ समाजसेवी राजू गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के दौरान दोनों समाजसेवियों के बीच समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने, युवाओं को सही दिशा देने और जरूरतमंदों की मदद को लेकर सार्थक चर्चा हुई। राजू गुप्ता ने कहा कि समाज की तरक्की आपसी सहयोग और पारस्परिक विश्वास से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। वहीं साजिद अली राईन अशरफी ने भी सामाजिक एकता को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने इस मुलाकात को और खास बना दिया। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्यक्रम को समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सहयोग की मिसाल बताया। लोगों का कहना था कि ऐसे आयोजनों से न केवल समाज के बीच नजदीकियां बढ़ती हैं बल्कि जरूरतमंदों की समस्याओं के समाधान की राह भी निकलती है। इस अवसर पर नूर हसन राईन, रिहान राईन, सुभान खान, इंतखाब आलम अशरफी, राशिद अली अशरफी, आसिफ राईन, आसिफ मेव, हाजी गुड्डू मंसूरी, सोनू यादव लालपुरा, आरिफ मेव, कुंवर हसमत अली राजा, फुरकान खान, सलमान चिश्ती, सीमा बेगम तथा सरवर अली सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## छात्रा एक दिन की जिला विद्यालय निरीक्षक बनी



इटावा। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज इटावा की कक्षा 11 बी की छात्रा कु. ज्वाला ने एक दिन का जिला विद्यालय निरीक्षक इटावा का कार्यभार संभाला। जिला विद्यालय निरीक्षक छात्रा ज्वाला ने कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय स्टाफ से परिचय प्राप्त कर पेंडिंग कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीआईओ एस अतुल कुमार सिंह, कोषाधिकारी अंजू सिंह, प्रवक्ता अनीता यादव व सीमा यादव सहित समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। पीएम राजकीय बालिका इंटर कालेज इटावा की कक्षा 10 की छात्रा सौम्या तिवारी प्रधानाचार्या बनीं। उन्होंने सभी शिक्षिकाओं के साथ बैठक कर विद्यालय की अनुशासन व्यवस्था तथा अर्द्ध वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर विचार विमर्श कर अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अंजूश्री सहित सभी शिक्षिकाएं व कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## नगर में निकली मंगल कलश यात्रा

भरथना, इटावा। बैंडबाजों की समधुर ध्वनियों के बीच नगर भ्रमण को निकली मंगल कलश यात्रा के साथ 29वाँ नवदुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारम्भ हो गया। आकर्षक साज-सज्जायुक्त विशालकाय महोत्सव पाण्डाल में उच्च सिंहासन पर विराजमान जगतजननी माँ दुर्गा के भव्य स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु महिला-पुरूष भक्तजनों ने माँ भगवती की स्तुति की।

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री नवदुर्गा पूजा समिति भरथना के तत्वाधान में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सोमवार की सांय नगर भ्रमण को निकली मंगल कलश यात्रा के साथ 29वें श्री नवदुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य शुभारम्भ हो गया। कस्बा के मुहल्ला मोतीगंज स्थित राजाराम पोरवाल पीतल वालों के हाता से बैण्ड बाजों की समधुर ध्वनियों के बीच नगर भ्रमण को निकली मंगल कलश यात्रा में सम्मिलित पीताम्बर पहने महिलाओं-युवतियों ने सिर पर कलश रखकर नगर के प्रमुख मार्गों मोतीगंज, तिलक रोड, बजाजा लाइन चैराहा, होमगंज, सरोजनी रोड, जवाहर रोड आदि के देवस्थानों के दर्शन व जल भरकर पुनः महोत्सव प्रांगण में आचार्य राहुल दीक्षित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों की स्थापना करवायी गई। तदुपरान्त सांय उच्च सिंहासन पर विराजमान माँ भगवती के भव्य स्वरूप के दर्शन भक्तों को कराये गये। साथ ही संगीतमयी ध्वनियों पर सम्पन्न होने वाली पंच आरतियों का गायन कर श्रद्धालु महिला-पुरूष भक्तजनों ने सामूहिक रूप से अपने आराध्य का आवाहन कर जगतजननी माँ दुर्गा के गगनभेदी उद्घोषों से समूचा पाण्डाल गुंजायमान कर दिया। कलश यात्रा के दौरान बृजेश गुप्ता रूपे, श्रीकृष्ण पोरवाल, हरिओम दुबे, समिति अध्यक्ष संजीव दीक्षित गपूडे, महामंत्री भरत पोरवाल, कोषाध्यक्ष श्याम पोरवाल, विपिन पोरवाल छोटे, सोनू मिश्रा डीलर, नेक्से पोरवाल, प्रशान्त अवस्थी, रोहित गुप्ता, छेदीलाल कश्यप आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## कुलपति ने सुपर स्पेशलिटी ओपीडी का किया निरीक्षण



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने आज सुबह मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशलिटी ओपीडी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कुलपति ने लेक्चर हॉल-2 में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और हॉस्टल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या के लिए वे सीधे उनसे मिल सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय आपका परिवार है, आप सभी मिल-जुलकर रहें और संस्थान को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालय, पेयजल व्यवस्था और एनाटॉमी विभाग का जायजा लिया। कुछ अनियमितताएँ पाए जाने पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सैनिटेशन ऑफिसर को कड़े निर्देश दिए। सुपर स्पेशलिटी ओपीडी में न्यूरोलॉजी, कैंसर, प्लास्टिक सर्जरी और कार्डियोलॉजी ओपीडी का भी उन्होंने निरीक्षण किया तथा ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया। नर्सिंग इंचार्ज को गंभीर मरीजों की सुविधा के लिए स्ट्रेचर व व्हीलचेयर ओपीडी के बाहर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कुलपति ने फामेर्सी काउंटर पर जाकर मरीजों से बातचीत की और दवा वितरण में सुधार हेतु तुरंत प्रभाव से व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी परिसर के पार्किंग क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## दुर्घटना रोकने के लिए उठाया गया सार्थक कदम




इटावा। सड़क सुरक्षा सम्बन्धी बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आहूति की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायलों एवं मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल 11 ब्लैक स्पॉट चयनित किए गए है एवं आई रेड मैप पर 10 ब्लैक स्पॉट चयनित किए गए हैं, जिसपर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर बहुत लोग अनजाने में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं इसलिए ब्लैक स्पॉट वाली जगहों पर सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि थाना बकेवर, गोमती पेट्रोल पंप के पास चयनित ब्लैक स्पॉट पर साइनेज बोर्ड लगाया जाए एवं फुट ब्रिज, मेटल बीम का कार्य किया जाए। बिजौली ओवर ब्रिज के शुरू में दोनों तरफ चयनित ब्लैक स्पॉट पर पीजीआर एवं साइनेज बोर्ड लगाया जाए। चयनित ब्लैक स्पॉट पिलखर नहर पुल, थाना इकदिल पर हजार्ड बोर्ड लगाया जाए एवं रोड किनारे वर्कशॉप लगाने वालों को नोटिस दिया जाए और नो पार्किंग का चालान किया जाए। उन्होंने चयनित ब्लैक स्पॉट नगला दलप, थाना इकदिल पर ब्लिंकर लाइट्स एवं साइनेज बोर्ड लगाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने समृद्धि हॉस्पिटल के पास साइनेज बोर्ड लगाने हेतु निर्देश दिए एवं पुलिस विभाग द्वारा मैंन कैरेज वे में पार्किंग करने वाले वाहनों पर चालान किया जाए। कंप्यूटराइज कैमरा चालान कराने की व्यवस्था की जाए, जिससे ऑटोमैटिक चालान होता रहे। उन्होंने कहा कि रोड पर नो पार्किंग के बोर्ड लगाए जाएं एवं दीवारों पर नो पार्किंग लिखा जाए। उन्होंने कहा कि आईटीआई चैराहा, थाना सिविल लाइन पर रोड का चैड़ीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि एनएच पर आने और जाने वाली गाड़ियों में चढ़ने व उतरने की जगह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सुदिती ग्लोबल स्कूल के पास चयनित ब्लैक स्पॉट पर मेटल बीम लगावाई जाए।

## भाजपा नेताओं ने व्यापारियों से जनसंपर्क कर जीएसटी के फायदे बताये



इटावा। जीएसटी बचत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता व सदर विधायक सरिता भदौरिया के नेतृत्व में भाजपा नेता व पार्टी पदाधिकारियों ने शहरी क्षेत्र में व्यापरियों से डोर टू डोर जनसंपर्क कर व्यापारियों से जीएसटी रिफार्म से आए बदलाव के अनुभव साझा किए।

त्यौहार के सीजन में जीएसटी रिफार्म से आए बदलाव के बारे में अनुभव साझा करते हुए व्यापारियों ने जन सम्पर्क के दौरान अपने विचार साझा करते हुए केंद्र सरकार के इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए सराहना की तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने बताया कि 22 सितंबर नवरात्री के पावन अवसर से अमल में आने वाली जीएसटी में मुख्य रूप से सिर्फ 5 और 18 फीसदी की दो दरें ही होंगी। त्योहारों के इस सीजन में केंद्र सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले ने आम जनमानस को शुकुन और मध्यमवर्गी जनता के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया हैं। अभी तक जीएसटी 5ः, 12ः, 18ः और 28ः फीसदी के चार स्लैब के तहत लगाया जाता था। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि देश में जीएसटी सुधारों के समर्थन में भाजपा शीर्ष संगठन द्वारा श्जीएसटी बचत महोत्सवश अभियान चलाया जा रहा हैं। जो 22 सितंबर आज से शुरू होकर 29 सितंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत भाजपा सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्थानीय बाजारों में पदयात्राओं के माध्यम से व्यापारियों से डोर टू डोर सघन जनसंपर्क करते हुए जीएसटी रिफार्म से आए बदलावों के बारे में जागरूकता फैलाएंगे। संपर्क अभियान में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, जिलामहामंत्री शिवाकांत चैधरी, प्रशांत राव चैबे, जिला उपाध्यक्ष विवेक भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी कमलेश कठेरिया, जिला मंत्री रजत चैधरी, राहुल राजपूत, ममता कुशवाहा, डॉ ज्योति वर्मा, सौरभ दीक्षित, अंशुल दुबे, अलोक गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता, अजय गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजवर्धन सिंह भदौरिया, जितेंद्र जैन, कृपा नारायण तिवारी, सभासद शरद वाजपेयी, अरविन्द दीक्षित, विकास भदौरिया, मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर, विवेक गुप्ता, बासु चैधरी जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, वैभव दुबे, समीर सक्सेना, सनी शर्मा, दीपक शाक्य, सुरेश राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे वाहन सं. UP32GN7016 के रजिस्ट्रेशन सार्टिफिकेट (RC) में त्रुटिवश मेरा नाम शोभा पाण्डेय दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम नीलम पाण्डेय दर्ज है। मेरे वाहन रजिस्ट्रेशन सार्टिफिकेट में भी मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **नीलम पाण्डेय पत्नी स्व. आलोक पाण्डेय नि.- म.नं. 559/खा/8 नई श्री नगर नजदीक बी.एन. लाल इण्टर कॉलेज, आलमबाग, लखनऊ।**

**सूचना**

मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों में त्रुटिवश उसका नाम Zikra Raees D/o Raees Ahmad दर्ज है जबकि उसके आधार कार्ड में उसका सही नाम Zikra Rais D/o Mohd Rais Ahmad दर्ज है। मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों में भी उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **मो. रईस अहमद पुत्र मतीन अली नि.- 456/249 (101), दौलतगंज, साजन मैरिज हॉल, हुसैनाबाद, लखनऊ।**

**कम्पोजिट विद्यालय सिपाह, नगर क्षेत्र जौनपुर**

दिनांक : 24/09/2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी जौनपुर के अनुमोदनीपरांत, नगर क्षेत्र कम्पोजिट विद्यालय सिपाह जौनपुर के परिसर में स्थित जर्जर भवन के नीलामी का कार्य विद्यालय के परिसर में खुली बैठक कराकर किया जाना है। नीलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। जर्जर भवन का स्क्रैप मूल्य रुपए 86000/- है।

| विद्यालय का नाम | खुली बैठक का दिनांक |
| --- | --- |
| कम्पोजिट विद्यालय सिपाह | 27/09/2025 समय 10.00 बजे |

नीलामी प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर रोकने का अधिकार विद्यालय प्रबन्ध समिति के पास सुरक्षित है।

**वीरेंद्र मौर्या**
**(अध्यक्ष)**
**विद्यालय प्रबन्ध समितिए कम्पोजिट. वि. सिपाह**
**नगर क्षेत्र जौनपुर**

**उत्तम नागर (सचिव)**
**(प्रधानाध्यापक)**
**कम्पोजिट विद्यालय सिपाह**
**नगर क्षेत्र जौनपुर**

# आयुष चिकित्सा शिविर का डीएम ने किया शुभारंभ



लखीमपुर खीरी। दशम आयुर्वेद दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान धन्वंतरि जी को पुष्प अर्पित करते हुए बृहद आयुष चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने आयुर्वेद के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज आयुर्वेद वैश्विक स्वास्थ्य के लिए नवाचार बन चुका है, आयुष औषधियों के प्रयोग से कोई दुष्प्रभाव नहीं है इसलिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाना चाहिए। इस आयुष पद्धति को पहुंचाने की जिम्मेदारी आयुष विभाग के माध्यम से निभाई जा रही है यह अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन्त कुमार और नोडल अधिकारी डॉ. विनय कुमार भारती ने डीएम का स्वागत किया और कार्यक्रम की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। शिविर में आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने। 632 मरीजों (573 पुरुष एवं 59 महिला) ने पंजीकरण कर निःशुल्क औषधियां एवं परामर्श का लाभ उठाया। आयुर्वेद चिकित्सा सेवा में डॉ. हरवीर गंगवार, डॉ. योगेन्द्र कुमार, डॉ. रिशू सिंह, डॉ. प्रियंका वर्मा के साथ फार्मासिस्ट रमाशंकर श्रीवास्तव, अजीत कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार चौबे और राकेश कुमार शामिल रहे। यूनानी चिकित्सा से डॉ. नेहा भारती, होम्योपैथी से डॉ. अजय वैश्य, डॉ. विनीता सिंह तथा योग चिकित्सा से योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन, कुलदीप वर्मा, अमित कुमार, योगेश शर्मा और राजदीपिका तिवारी ने योगाभ्यास व परामर्श से लोगों को लाभान्वित किया। शिविर को सफल बनाने में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक आलोक अवस्थी, कनिष्ठ सहायक रविंद्र कुमार (प्रथम व द्वितीय), मनोज कुमार मिश्रा, मो. शादाब, स्वच्छक विकास कुमार, प्रमोद कुमार और लतीफ अहमद ने सराहनीय योगदान दिया।

## एलडीएम कार्यालय ने चलाया स्वच्छता अभियान

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। एलडीएम कार्यालय लखीमपुर के कर्मियों द्वारा स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 5 ग्रामीण एवं 5 शहरी सार्वजनिक स्थलों पर जहाँ गंदगी पाई गई, वहाँ सफाई अभियान चलाकर न केवल परिसर को स्वच्छ किया जा रहा है बल्कि लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। इस संदर्भ में इंडियन बैंक के एलडीएम अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि वन विभाग कॉलोनी स्थित श्री रामेश्वरनाथ मंदिर के सामने सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि वे कचरे को यत्र तत्र न फेंकें, बल्कि निर्धारित कूड़ेदान में गीला, सूखा एवं प्लास्टिक कचरे को अलग-अलग डालें। साथ ही मंदिर के बाहरी परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अभियान में एलडीएम कार्यालय के दुर्गेश रस्तोगी, रतीश सिंह, राहुल कुमार तथा इंडियन बैंक मेन ब्रांच के शाखा प्रबंधक वरुण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रतिबंधित पशु की हत्या में दो सगे भाइयों समेत पांच पर केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। गांव बेहटी अफगान में प्रतिबंधित पशु की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन दिन पूर्व अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था जिसका सफल अनावरण करते हुए दो सगे भाइयों समेत पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस आरोपियों का आपराधिक इतिहास पेश नहीं कर सकी है परिजनों ने मामला चुनावी रंजिश में फसाने का बताया है। मंगलवार को पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देशन में एस आई अंकित कुमार और रघुनंदन कुमार समेत 11 आरक्षियों की पुलिस टीम ने प्रतिबंधित पशु की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो सगे शराफत, निजाम, चचेरे भाई हारून, शमसुद्दीन और बहनोई कमलू को पशु की हत्या कर मांस बेचने के लिए जरूरी सामान समेत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के परिजनों चुनावी रंजिश के चलते षड्यंत्र रचकर फसाने का आरोप लगाया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का थाने पर कोई आपराधिक इतिहास दर्ज नहीं है।

## पीड़िता ने एसडीएम से की आवास खाली कराने की मांग

धौरहरा खीरी। उप जिलाधिकारी धौरहरा को पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग। पीड़िता राजकुमारी पत्नी रामकुमार निवासी ग्राम रायपुर मझरा दुलही तहसील धौरहरा ने उपजिलाधिकारी धौरहरा को प्रार्थना पत्र देकर बताया की हमें रहने के लिए एक सरकारी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास मिला था जिस पर रामदुलारी पत्नी राजेश मेरे ही गावं के मेरी कॉलोनी मे जबरन रह रहे है मैने कई बार अपनी कॉलोनी को खाली करने को कहा लेकिन खाली नही कर रही है। कहती है नही खाली करेंगे जो करना है कर लो, और आये दिन भद्दी-भद्दी गालियां देतकर मारपीट कर फौजदारी पर आमादा रहती है। इस पर एस डी एम धौरहरा ने एस एच ओ पढुआ को उपरोक्त लगाए गए आरोपों की जाँच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस सम्बन्ध मे विवेक उपाध्याय प्रभारी निरिक्षक पढुआ ने बताया की मामले की जाँच की जाएगी दोषी होने पर कार्यवाही की जाएगी।

## विद्या निकेतन के छात्र विश्वास रंजन सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र विश्वास रंजन को 17 सितम्बर को ग्रीन टेक्नोलॉजी ऑडिटोरियम, यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई, विद्यानगरी में गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। विश्वास रंजन को यह सम्मान सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन बेसिक साइंसेस, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, भारत सरकार, मुंबई द्वारा 2020-2025 के 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड एमएससी डिग्री प्रोग्राम में गणित संकाय में प्रथम रैंक (टॉपर) प्राप्त करने के लिए दिया गया। साथ ही, उनकी योग्यता को देखते हुए उन्हें पेरिस में रिसर्च इंजीनियर के रूप में चयनित किया गया है। विश्वास रंजन के पिता आशीष रंजन और माता अंजना श्रीवास्तव विद्या निकेतन में शिक्षण कार्यरत हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी और बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने छात्र को आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कालीखोह मंदिर की बैरिकेडिंग से परेशान दुकानदारों ने विधायक से लगायी गुहार

विंध्याचल। नवरात्रि के पावन अवसर पर विंध्याचल के प्रसिद्ध कालीखोह मंदिर पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन इस बार मंदिर पर की गई भारी बैरिकेडिंग से स्थानीय दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है। इसी समस्या को लेकर दर्जनों दुकानदार नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र से मिलने पहुंचे और अपनी पीड़ा उन्हें बताई। दुकानदारों ने बताया कि बैरिकेडिंग इस बार इतनी अधिक कर दी गई है कि श्रद्धालु सीधे दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि साल में दो बार—चैत्र और शारदीय नवरात्र ही ऐसा अवसर आता है जब वे कुछ कमा पाते हैं। यदि इस बार भी कमाई नहीं हो पाई तो परिवार चलाना मुश्किल हो जाएगा। दुकानदारों की बात सुनकर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को फोन कर निर्देश दिए कि बैरिकेटिंग में जगह-जगह पर गैप कर दिया जाए ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही में कोई बाधा न हो और दुकानदारों को भी राहत मिल सके। विधायक की तत्परता से दुकानदारों में उम्मीद की किरण जगी है।

## देवी-देवताओं का अपमान करने वालों को तुरंत जेल भेजा जाये

मीरजापुर। मां दुर्गा को लेकर अपशब्दों की बौछार करने वाली गायिका सरोज सरगम की मुश्किलें थम नहीं रही है। विहिप-बजरंग दल सहित कई संगठनों की कड़ी नाराजगी के बाद अब बीजेपी विधायक ने भी मामला संज्ञान में आने के बाद कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दे दी है कि यदि वीडियो हटाएं जाने के साथ ही सरोज सरगम पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा नहीं गया तो वह सीधे मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत करेंगे। बताते चलें कि मड़िहान थाना क्षेत्र की रहने वाली गायिका सरोज सरगम द्वारा सनातन हिन्दू आस्था का खुलेआम अपमान किया जा रहा है। नवरात्र के पावन पर्व पर देवी-देवताओं के लिए घृणित और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग आस्था पर सीधा प्रहार है, वहीं उनके द्वारा लगातार हिंदू देवी-देवताओं को इंगित करते हुए स्वच्छ गीतों के बजाए समाज में वैमनस्य की खाई खोदी जा रही है जिसको लेकर मिर्जापुर में विरोध बढ़ने के साथ उनकी गिरफ्तारी की मांग हो रही है। लेकिन पुलिस प्रशासन ने अभी तक इस गंभीर मामले में केवल हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। मामला बढ़ता हुआ जैसे ही विंध्याचल देवी धाम के वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित और बीजेपी नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा के संज्ञान में आया है उन्होंने कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए एसएसपी से दूरभाष पर स्पष्ट कहा कि देवी-देवताओं का अपमान करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों की तुरंत गिरफ्तारी कर जेल भेजना जरूरी है, ताकि कोई भी दोबारा सनातन आस्था के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके। बीजेपी विधायक ने कहा है कि लोकगीत के बहाने एक धर्म आस्था पर चोट पहुंचाने के साथ किसी जाति समुदाय को निशाना बनाया न केवल घृणित है बल्कि अशोभनीय भी है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीजेपी विधायक ने कहा है कि यदि इस मामले में अति शीघ्र गायिका की गिरफ्तारी कर कठोर कार्रवाई करते हुए जेल भेज वीडियो डिलीट नहीं कराया गया तो वह इस मामले को मुख्यमंत्री के समझ रखेंगे।

## संक्षेप

### महिला पर जानलेवा हमला तीन पर केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में महिला पर धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया है। पुलिस ने महिला के पुत्र की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम शिवपुरी निवासी नेतराम पुत्र डालचंद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रविवार की देर शाम गांव निवासी धस्सु पुत्र जगदीश शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था। विरोध करने पर धस्सु और उसके पुत्र दीपक व रजनी ने घर में घुसकर उसकी मां को जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिसमें उसकी मां का सिर फट गया। पुलिस ने महिला को घायल अवस्था में सीएचसी भिजवाया जहां महिला की हालत नाजुक होने के कारण रेफर कर दिया गया।

### हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार के तहत विशेषज्ञ डाक्टरों के उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 22 मरीजों का परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गईं। स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार के तहत नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डा0 सुशील कुमार व चर्मरोग विशेषज्ञ डा0 दीपेन्द्र गौतम ने 22 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श के साथ दवाईयां दी। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा0 गणेश कुमार, डा0 अजय वर्मा, डा0 देवराज वर्मा, डा0 अशोक बिहारी आदि मौजूद रहे।

### 10वें आयुर्वेद दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

पलियाकलां खीरी। कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के दिशा-निदेर्शानुसार 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पलिया में 10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय से लेकर गाँव महँगापुर तक पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें वाहिनी के अधिकारीगण एवं अन्य कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि आयुर्वेद व्यक्ति के स्वास्थ्य को पर्यावरण, शरीर, मन और आत्मा के गतिशील एकीकरण के रूप में देखता है। आयुर्वेद न केवल रोगों के उपचार में सहायक है, बल्कि स्वास्थ्य संरक्षण, संवर्धन और रोगों की रोकथाम पर भी विशेष बल देता है। साथ ही, योग और आयुर्वेद प्राचीन भारतीय चिकित्सा एवं जीवनशैली विज्ञान हैं, जिनका महत्व स्वस्थ शरीर और शांत मन प्राप्त करने में अत्यधिक है। जहाँ आयुर्वेद शरीर के तत्वों के संतुलन और आहार-विहार पर ध्यान केंद्रित करता है, वहीं योग आसन एवं ध्यान के माध्यम से मन, शरीर और आत्मा को एकीकृत करता है। ये दोनों मिलकर स्वास्थ्य का समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है और दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत वाहिनी चिकित्सालय में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अभिषेक सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी, राजकीय आयिर्वेदिक चिकित्सालय कड़िया (डांगा), जिला लखीमपुर खीरी द्वारा कार्मिकों को आयुर्वेद से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## एसडीएम के आश्वासन पर वकीलों की हड़ताल स्थगित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) तहसील में अविवादित दाखिल-खारिज की पत्रावलियों पर समयबद्ध आदेश न पारित किए जाने से कई दिनों से चल रही अधिवक्ताओं हडताल एसडीम के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गई है। मंगलवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके शुक्ला गुड्डू और महामंत्री अनूप वर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी से मुलाकात की। जिसमें पदाधिकारियों ने एसडीएम से विभिन्न मुददो पर वार्ता की और 10 सूत्रीय मांगे सौपी। जिस पर एसडीएम ने मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसके बाद कई दिनों से चली आ रही वकीलों की हडताल स्थगित कर दी गई। बैठक में सुरेश गुप्ता, नरेन्द्र शुक्ला, केके वर्मा, विजेन्द्र यादव, सुनील वर्मा, ब्रजेश तिवारी, सुमित गिरि, अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## प्रबंध समिति व साधारण सभा के चुनाव संपन्न

जिला संवाददाता(vol)



धौरहरा खीरी। तराई क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षण संस्थान में शुमार पब्लिक इंटर कालेज ईसानगर में रविवार को साधारण सभा व प्रबंध समिति का चुनाव चुनाव अधिकारी उमेश चन्द्र श्रीवास्तव व राजकीय इंटर कालेज लखीमपुर से अनुज कुमार व राजकीय हाईस्कूल कृस्णानगर रमिया बेहढ के प्रधानाचार्य विनोद कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान अभिभावक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

प्राप्त विवरण के अनुसार तराई क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने में शुमार पब्लिक इंटर कालेज ईसानगर में साधारण सभा व प्रबंध समिति का चुनाव एकल नामांकन दाखिल होने के चलते निर्विरोध संम्पन हुआ। चुनाव अधिकारी उमेश चन्द्र श्रीवास्तव व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित अनुज कुमार व राजकीय हाईस्कूल कृष्णानगर रमिया बेहढ से विनोद कुमार की देखरेख में साधारण सभा के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष नारायण सिंह, मंत्री सिद्धार्थ सिंह का मनोनयन हुआ व प्रबंध समिति के चुनाव में प्रबधक दिनेश प्रताप सिंह, अध्यक्ष गनेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष राजेंद्र कटियार, सचिव प्रताप सिंह, सहायक प्रबंधक जगदम्बा प्रसाद मिश्रा, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, बलवीर सिंह, आलोक श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार मिश्र, उपेन्द्र शुक्ला, देवेन्द्र कुमार, गौरव सेठ आदि का चुनाव एकल नामांकन के चलते निर्विरोध संम्पन हुआ इस दौरान प्रधानाचार्य विपिन श्रीवास्तव ने अभिभावकों व छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विज्ञान प्रदर्शनी के दो वर्गों में सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के दो छात्रों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिसमें अंकुश वर्मा 9 एवं समर वर्मा 7 ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। गोला पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो वर्गों में द्वितीय स्थान और एक वर्ग में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 11 विज्ञान वर्ग से महताब आलम व नईम अली तथा देवेश राठौर व राजपाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा 9 (बी) से अविरल पटेल व अनुरुद्ध कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ने की। इस अवसर पर विज्ञान समन्वयक सुशील मिश्रा, आयोजक राजेश कुमार, प्रधानाचार्य सौरभ दीक्षित तथा जीव विज्ञान प्रवक्ता रामबाबू सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में विद्या मंदिर के छात्र रहे प्रथम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं, विज्ञान समन्वयक सुशील मिश्रा व राजेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के दो छात्रों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने बताया कि कालेज के छात्र अंकुश वर्मा एवं समर वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस दौरान विद्यालय के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कम्पोजिट विद्यालय में एक दिन की प्रधानाचार्य बनी छात्रा कामिनी शर्मा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) बांकेगंज ब्लाक के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय लक्ष्मीपुर खुटार में में कक्षा 7 की छात्रा कामिनी शर्मा को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया। इस अवसर पर कामिनी शर्मा ने अपने सहपाठियों को अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए प्रेरित किया।

मिशन शक्ति फेज-5. अभियान के तहत मंगलवार को प्रधानाचार्य कार्यालय में एक दिन का पद भार संभालने पहुंची छात्रा कामिनी शर्मा का स्कूल स्टाफ ने स्वागत किया। इसके बाद छात्रा कामिनी शर्मा ने शिक्षकों संग बैठक कर शिक्षण कार्य में आ रही परेशानी को साझा किया। एक दिन की प्रधानाचार्य बनने के बाद छात्रा कामिनी शर्मा ने सबसे पहले क्लास रूम, अध्यापकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सहपाठियों को अनुशासन में रहने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने और बच्चों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक चेतना और आत्मबल को जन्म देते हैं। छात्रा कामिनी शर्मा ने एक दिन का पद भार संभालने के बाद जिस परिपक्वता से जिम्मेदारी निभाई, वह सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर शिक्षक सरजीत सिंह, ललित कुमारग गुप्ता, अलका पटेल, उपासना शुक्ला, मुकेश कुमार वर्मा, अयूब अली, रूबी कुमारी आदि मौजूद रहे।

## सिद्ध क्षेत्र गायत्री चेतना केंद्र पर हुआ सवा लाख मंत्र जप अनुष्ठान



जिला संवाददाता(vol)

निघासन खीरी। अखिल विश्व गायत्री गायत्री परिवार द्वारा नवरात्रि के अवसर पर समूह साधना का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया साधना के इस क्रम में नवरात्रि के दूसरे दिन निघासन ब्लॉक के रामपुर (बम्हनपुर) स्थित गायत्री चेतना केंद्र पर सवा लाख गायत्री मंत्र जप सामूहिक अनुष्ठान का कार्यक्रम आयोजित किया। प्रातः 4 बजे से आरंभ हुए सामूहिक जप में क्षेत्र के सात सौ से अधिक श्रद्धालुओं और साधकों ने गायत्री मंत्र जप कर सबके लिए सद्बुद्धि और श्रेष्ठ कार्यों हेतु शक्ति संवर्धन की प्रार्थना की। जप का समापन गायत्री चेतना केंद्र पर नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तीन पालियों में संपन्न हुआ जिसमें जप करने वाले साधकों सहित जिले गायत्री परिजनों और कार्यकर्ताओं ने गायत्री मंत्र से आहुतियां प्रदान कीं। यज्ञमय वातावरण में विवाह संस्कार भी संपन्न किया गया। यज्ञ संचालन जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद, अजय वर्मा, विवेक मौर्य, राम सजीवन जायसवाल, जय सिंह, सचिन जायसवाल की टोली ने किया। यज्ञ का समापन युग निर्माण सत्संकल्प के सामूहिक उद्घोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में सभी को 6 नवंबर से लखीमपुर खीरी के धर्म सभा इंटर कॉलेज मैदान में होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह और 1 जनवरी से निघासन में होने जा रहे 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम संयोजक देशराज राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कनकपाल राणा, देवेंद्र द्विवेदी, लवकुश वर्मा, मुंशीलाल वर्मा, रविन्द्र राठौर, श्रीराम राठौर, राम बहादुर शर्मा, राम प्यारी राठौर, राम कुमार गुप्ता, अवध राम पाल, रमेश कुमार पाल, डोरे लाल पल सहित जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धूमधाम गणेश वंदना के साथ मेला श्री रामलीला शुरू



मोहम्मदी खीरी। कस्बा में मेला श्री रामलीला की शुरूआत नवरात्रि के प्रथम दिन पर गणेश पूजन के साथ संपन्न हो गई है।

सोमवार को पंडित चंद्रभाल मिश्रा द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ आर्य समाज मंदिर से हनुमान ध्वज को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पंचायती राज सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, पूर्व पालिका अध्यक्ष दुर्गा मेहरोत्रा, अमित भसीन, गोपाल मोहन रस्तोगी, अतुल रस्तोगी, सभासद सुशीला वर्मा, बबली, गोविंद गुप्ता, रजनी सैनी, राकेश कटियार, सुशील, रमाकांत द्विवेदी, रीना तिवारी, ईओ जेपी मौर्या, लिपिक शिवनंदन रस्तोगी, समेत तमाम गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं और पुरुषों ने सहभागिता कर पदयात्रा के साथ ध्वज को रामलीला मैदान पर स्थापित कर निर्विघ्न कार्य को संपादित करने के लिए गणेश भगवान की स्तुति कर हवन पूजन किया गया है।

## छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मिशन शक्ति फेज-5.0 महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्राओं को साइबर क्राइम और



महिला संबंधी अपराधों में रोकथाम के लिए जागरूकता एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

मंगलवार को प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा एवं प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया की मौजूदगी में उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा ने मिशन शक्ति फेज पांच के बारे में छात्राओं को अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि गांव, शहर, सड़क या स्कूल कहीं भी महिलाओं व छात्राओं को डरने की जरूरत नहीं है। किसी व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत 112, 1090 या स्थानीय पुलिस को सूचना दें या मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 पर सूचित करें। अपूर्वा शर्मा ने बालिकाओं को समझाया कि मोबाइल का अधिक उपयोग न करें और विशेषकर इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसी सोशल मीडिया साइट्स से दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि ह्वसही दिशा में प्रयत्न करने से ही आत्मनिर्भरता और सुरक्षित जीवन संभव है। सभी ने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपने अधिकारों को जानें और समाज में सशक्त भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा, प्रधानाचार्य राजकुमार, आचार्या चरन कमलजीत कौर आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## प्रयास मेडिसिन बैंक से वितरित हुईं दवाएं

आजमगढ़। देवारा स्थित महाराजगंज ब्लॉक के कटान बाजार में प्रयास संस्था द्वारा शारदीय नवरात्र को गरीबों असहायों और जरूरतमंदों के लिए दूसरे मेडिसिन बैंक की स्थापना की गई। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो जरूरतमंद मरीजों ने चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया और निशुल्क दवाई प्राप्त किया। प्रयास अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि पहला मेडिसिन बैंक प्रयास संस्था द्वारा देवारा के कुड़ही ढाला में स्थापित किया गया, जहां से तमाम जरूरतमंद जो दवा खरीदने में असमर्थ हैं लाभान्वित हो रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य के प्रति प्रयास अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए निरंतर ऐसे आयोजन करता चला आ रहा है। श्री सिंह ने आगे बताया कि प्रयास तमाम सेवाओं के साथ-साथ चिकित्सा सेवा पर भी प्रयास कर रहा है कि समाज के गरीब तबके का भी इलाज संभव हो सके। आज के इस चिकित्सा कैंप में डॉ मोइन खान, डॉ कामरान फैजी, डॉ चंद्रकेश यादव, डॉ मोहम्मद फैजान सहित स्थानीय डॉ राम आसरे, डॉ बृजराज प्रजापति ने अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर सुनील यादव, कवि राम दरस, अरविंद, हरेंद्र यादव, शायर आदित्य आजमी के साथ प्रयास के केंद्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के ड्रमंडगंज स्थित श्री जय दुर्गा इंटरमीडिएट कालेज में मंगलवार को थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ब्रह्मदीन पांडेय ने महिला मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। थानाध्यक्ष ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112,1090,1076,1098,1930 की विस्तार से जानकारी दी ।कहा कि कोई भी समस्या आने पर इन हेल्प लाइन नंबरों पर फोन कर पुलिस की मदद ले सकती हैं ।कहा कि आपात स्थिति में तत्काल वूमेन पावर लाइन 1090 और पुलिस हेल्पलाइन 112 पर फोन करें पुलिस सहायता के लिए आपके पास पहुंचेगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि छोटी छोटी घटनाओं को नजर अंदाज नही करें बल्कि अपने परिजनों और पुलिस को सूचना दें जिससे समस्या का समाधान किया जा सके। थानाध्यक्ष ने कहा कि आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें पुलिस आपकी सहायता करेगी। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान फेज पांच के तहत छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान हेड कांस्टेबल प्रमोद यादव घनश्याम यादव प्रधानाचार्य रमाकांत चौरसिया व शिक्षक मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

शाहगंज/सोनभद्र। स्थानीय पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पथरिया महुअरिया में बीती रात एक युवक फांसी लगाकर जान दे दी। मीली जानकारी के अनुसार छविंद्र पुत्र बुद्धवंत लगभग २५ वर्ष सोमवार की रात फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया ।इसकी सूचना मृतक के पिता द्वारा संबंधित पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस चैकी नवागत प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए अन्त्य परीक्षण हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया।

## कर्मयोगी लार्ज स्केल जनसेवा कार्यक्रम का शुभारंभ

सोनभद्र। आरएलआई विंध्याचल द्वारा एनटीपीसी मास्टर ट्रेनर्स हेतु 3 दिवसीय राष्ट्रीय कर्मयोगी लार्ज स्केल जनसेवा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम दो बैचों में 22 से 24 सितम्बर तथा 25 से 27 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। यह पहल कर्मयोगी फ्रेमवर्क के अंतर्गत कर्मचारियों को सेवा भाव अपनाने और नागरिक-केंद्रित सेवा प्रदायगी के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पहले बैच में एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं/ विंध्याचल, सिंगरौली, रिहंद, दर्लीपल्ली और बोंगाईगाँव से 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ (सीनियर स्पेशलिस्ट, विंध्याचल) एवंएम. भास्कर राव (अपर महाप्रबंधक, सतर्कता, दर्लीपल्ली) कर रहे हैं, जो मास्टर ट्रेनर्स को कार्यस्थल पर सीख को प्रसारित करने हेतु आवश्यक साधन उपलब्ध कराएँगे। कार्यक्रम का उद्घाटन संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) द्वारा किया गया।

# विंध्याचल धाम आने से आर्थिक संकट होता है दूर

जिला संवाददाता(vol)

विंध्याचल, मीरजापुर। शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गया है. देशभर की देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है. मिजार्पुर के विश्व प्रसिद्ध विंध्याचल धाम में भी मंगला आरती के बाद से ही श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी का लंबी-लंबी लाइनों में लगकर दर्शन पूजन कर रहे हैं. नवरात्र के पहले दिन शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन पूजन किया. विंध्याचल धाम का अपना एक अलग ही महात्म है. इच्छा क्रिया और ज्ञान सिर्फ विंध्याचल में ही प्राप्त होता है. यह जो भी आता है विशेष हो जाता है. गंगा आई वह भी विशेष हो गई इकलौता स्थान है जहां गंगा विंध्य पर्वत के ऊपर बह रही है।

उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर के विंध्याचल धाम में स्थित है विश्व प्रशिद्ध मां विंध्यवासनी का मंदिर. वैसे तो यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने आते हैं, मगर नवरात्र में इसकी संख्या बढ़कर लाखों में हो जाती है. शारदीय नवरात्र में आज सुबह से ही देश भर के देवी मंदिरों में जहां भीड़ लगा हुआ है. वही विंध्याचल धाम स्थित मां विंध्यवासिनी के मंदिर में भी दर्शन के लिए भी आधी रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था मंगला आरती के बाद से ही श्रद्धालु लंबी-लंबी लाइनों में



लगकर हाथों में नारियल चुनरी लेकर मां विंध्यवासिनी का का जयकारा लगाते हुए एक झलक पाकर निहाल हो रहे हैं. कोई मंदिर को छात्रों की लाइट और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है।

इस बार नवरात्र 10 दिनों तक है. विंध्याचल सिद्धि पीठ है यहां पर नवरात्र में मां के दर्शन मात्र से ही सभी कष्टो से मुक्ति मिलती है मां से मागने पर सभी मनोकामनाए पूर्ण होती है. नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन पूजन कर रहे हैं.10 दिनों तक लगने वाले इस नवरात्र में देश भर से लाखो भक्त मां के दर्शन पूजन करने आते है और नवरात्र तक इस विंध्य क्षेत्र में कुछ भक्त निवास भी करते है .नवरात्र में मां का दर्शन करने का अपना अलग ही महात्म है. धमार्चार्य मिट्ठू मिश्रा कहते है यहाँ कि महिमा अपरमपार है जो भी भक्त एक बार नवरात्र में माँ का दर्शन कर ले उसकी सभी मनोकामना पूरी होती है. मां विंध्यवासिनी के साथ ही मां काली मां अष्टभुजा का भी त्रिकोण परिक्रमा कर दर्शन कर लेते हैं तो यात्रा पूरी मानी जाती है. नवरात्रि में भक्त यहां आकर नौ रूपों का शक्ति प्रदान करते हैं जैसे बिना बिंदू के सृष्टि का सृजन नहीं होता वैसे ही मां विंध्यवासिनी के बिना सृष्टि की परिकल्पना नहीं की जा सकती है.त्रिकोण दर्शन करने से असंतुलित मानव को संतुलित पैदा कर देता है. इच्छा क्रिया ज्ञान की त्रिकोण है, त्रिकोण दर्शन करने से भक्त इच्छा क्रिया ज्ञान को प्रदान करते है.इच्छा क्रिया ज्ञान सिर्फ विंध्याचल में हैं. भगवती के पूजन अर्चन में बीज मंत्र अधिक से अधिक जप करने से त्रिशक्ति पूजन अर्चना हो जाती है. त्रिकोण परिक्रमा करने से एक दुर्गा सप्तशती का फल प्राप्त हो जाता है, नौचंडी का पाठ करना चाहिए.मां विंध्यवासिनी देवी को 9 नारियल चढ़ाने से आर्थिक संकट दूर होता है, जिन्हें आवास की प्राप्ति करना है वह अष्टभुजा के पहाड़ी पर मां अष्टभुजा का दर्शन करने के बाद पहाड़ पर पड़े पत्थर को जोड़कर घर बनाकर चले जाते हैं उन्हें आवास की प्राप्ति होती है।

मां अष्टभुजा को 9 गोड़हल का फूल चढ़ाने से ज्ञान की वृद्धि होती है और जो कंपटीशन की तैयारी कर रहे-छात्र है वह मोर के पंख को अर्पित करने के बाद अपने बुक में रख ले तो उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलती है. कुछ लोग बीकार से ग्रसित हैं महाकाली के पास जाना चाहिए तंत्र पूजा के माध्यम से मां खिचरी मुद्रा वाली काली मां पूजा की जाती है वह विकार मुक्त कर देती हैं, मां विंध्यवासिनी आर्थिक संकट को दूर करती हैं मां काली विकारों से मुक्त करती हैं, मां अष्ठभुजा हमें ज्ञान देती हैं. विंध्याचल में आकर भक्त असंतुलित जीवन को संतुलित बना सकता है. यहां जो आता विशेष हो जाता है गंगा आई वह भी विशेष हो गई इकलौता स्थान है जहां गंगा भी विंध्य पर्वत के ऊपर से बह रही है. विंध्याचल धाम में नवरात्र मेले को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीन सुपर जोन, 10 जोन और 21 सेक्टर में विभाजित किया गया है. भारी संख्या में अधिकारी और पुलिस बल लगाई गई है.सीसीटीवी और सिविल ड्रेस में निगरानी की जा रही है. गंगा घाट पर बैरिकेडिंग की गई है इसके साथ ही फ्लड पीएसी की भी ड्यूटी लगाई गई है. पूरे मेले को जिला अधिकारी पवन कुमार गंगवार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा संभाल रहे हैं. पूरे नवरात्र तक मां विंध्यवासिनी के चरण स्पर्श पर रोक लगा दिया गया है कोई भी श्रद्धालु चरण स्पर्श नहीं कर पाएगा. शारदीय नवरात्र मेले में आने वाले भीड़ को देखते हुए मां विंध्यवासिनी की आरती के समय को बदल दिया गया है. यह व्यवस्था नवरात्र पहले दिन से ही शुरू हो गया है.समय सारिणी के अनुसार में भोर में होने वाली मंगला आरती 3:00 बजे से 4:00 बजे तक होगी.पहले यह आरती सुबह 4:00 से पांच बजे होता था।

## मच्छरजनित संक्रमण से शहर के निचले इलाकों में बढ़ी परेशानी



- प्रयास सामाजिक संगठन ने रोकथाम के लिए जिला प्रशासन से लगाई गुहार

आजमगढ़। शहर से सटे कोलघाट समेत कई निचले इलाकों में मच्छरजनित संक्रामक रोगों के बढ़ते प्रकोप के रोकथाम को लेकर प्रयास सामाजिक संगठन आगे आया। संक्रामक रोगों के खिलाफ विभागीय कार्यो को कागजी बताते हुए मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल डीएम को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा और अतिशीध्र युद्धस्तर पर रोकथाम के व्यापक कदम उठाने की मांग की।

आजमगढ़ मण्डल अध्यक्ष राणा बलवीर सिंह ने कहाकि तीन तरफ नदियों से घीरे आजमगढ़ शहर के नीचले इलाके में आने वाले कोलघाट, कोल बाजबहादुर आदि के लोग प्रशासनिक उदासीनता के चलते इन दिनों में नारकीय स्थिति का सामना करने को विवश है। इन इलाकों में जगह-जगह नालियों का दूषित पानी और बरसात के पानी का ठहराव होने से मच्छरजनित रोग का संक्रमण है। हालत है कि अधिकांश घरों के लोग डेगू रोग से संक्रमित है। तमसा नदी के बांध से सटे इस घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र के बावजूद यहां पर न तो किसी प्रकार का कोई दवा छिड़काव हुआ न ही नालियों की साफ-सफाई ही समय से की गई। कागजी कोरमपूर्ति और विभागीय उदासीनता के चलते लोग बीमार हो रहे है इसीलिए प्रयास टीम ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर जिला प्रशासन तक उनकी समस्या पहुचाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इन लोगों में खुली नालियां व नाला बजबजा रही हैं, जिसमे आवारा पशु को डेरा है और मच्छररोगों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती चली जा रही है। जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा।

केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहाकि हजारों की आबादी वाले इन इलाकों में नाला-नालियों की साफ-सफाई और दवाईयां का छिड़काव कराया जाना आवश्यक है। प्रयास ने जनसरोकार के विषय पर संज्ञान दिलाया है। आवश्यक कार्यवाही शीध्र नहीं की गई तो डेंगू का बढ़ता प्रकोप महामारी का रूप ले सकता है। उन्होंने अतिशीध्र स्वास्थ्य विभाग की टीमें और साफ-सफाई के बावत आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग करते हुए निरकुंश टीमों की समीक्षा कर उन्हें दंडित किये जाने की बात कहीं। इस अवसर पर इंजी सुनील यादव, राजीव शर्मा, शिवप्रसाद पाठक, हरिश्चन्द्र, इंजी अमित यादव, हंसराज आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका में भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

जौनपुर। नगर पालिका में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, तेल गबन, शहर की बदहाल सड़कों, गोमती घाट को निजी हाथों में सौंपने और तीन मौत की घटनाओं पर चुप्पी जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ता शहर कांग्रेस कार्यालय से विशाल जुलूस निकालकर नगर पालिका परिसर पहुँचे और नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिंह और शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ खान ने किया। प्रदेश सचिव सत्यवीर सिंह ने आरोप लगाया कि नगर पालिका में हो रहे घोटालों के लिए सीधे तौर पर स्थानीय मंत्री गिरीश चन्द्र यादव जिम्मेदार हैं। उनके संरक्षण के बिना इतना बड़ा भ्रष्टाचार संभव नहीं है। कार्यकताओं ने ह्वतेल छोड़ो, गद्दी छोड़ोह्व के नारे लगाते हुए मंत्री से इस्तीफे की माँग की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जौनपुर की जनता भ्रष्टाचार और लापरवाही को और बर्दाश्त नहीं करेगी। सड़कों पर गड्ढों की वजह से रोज हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन और मंत्री बेपरवाह हैं। अगर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन और तेज करेगी ।शहर अध्यक्ष ने कहा कि गोमती नदी का घाट जौनपुर की पहचान और आस्था का प्रतीक है। इसे निजी हाथों में देना शहर की संस्कृति और परंपरा पर सीधा प्रहार है। नगर पालिका भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुकी है, जबकि भाजपा नेता केवल सत्ता सुख में डूबे हैं।

राकेश सिंह डब्बू और राकेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रही है और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच उजागर करती रहेगी। विनय तिवारी, देवराज पांडेय, अरुण शुक्ला, कृष्णचंद निषाद, आशुतोष सिंह आशू, संतोष गिरी, अनिल दुबे आजाद, इरशाद खान, शैलेन्द्र यादव, असरफ अली, मु. ताहिर, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका प्रशासन और मंत्री गिरीश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन चरणबद्ध तरीके से और व्यापक किया जाएगा।

## प्रधानाध्यापिका समेत पांच को कारण बताओ नोटिस

आजमगढ़। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक ने सोमवार सुबह 9:30 बजे जहानागंज ब्लॉक के कम्पोजिट स्कूल धरवारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में कई खामियां और शिक्षकों की लापरवाही सामने आई, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। स्कूल में कुल 449 बच्चों का नामांकन है, लेकिन निरीक्षण के समय मात्र 215 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। 18 कर्मचारियों के स्टाफ में से 5 कर्मचारी बिना किसी स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित थे। अनुपस्थित कर्मचारियों में इंदिरा सिंह (सहायक अध्यापिका), रूचि सिंह (सहायक अध्यापिका), कुसुमलता सिंह (शिक्षा मित्र), उषा यादव (अनुदेशक) शामिल हैं। इसके अलावा, अनुदेशक अनूप सिंह 19 जून 2025 से लगातार अनुपस्थित हैं, और इस पर प्रधानाध्यापिका द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने को बीएसए ने उनकी संलिप्तता का संकेत माना। बीएसए राजीव पाठक ने बताया कि 28 अगस्त को जहानागंज ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापकों की बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद, स्कूल में बुनियादी सुधार जैसे बच्चों को होमवर्क देना, कॉपियों की जांच करना, और टाइम मोशन का पालन नहीं हो रहा है। पिछले सत्र की तुलना में 75 बच्चों का नामांकन भी कम हुआ है, जो स्थिति को और चिंताजनक बनाता है। इन सभी कमियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए बीएसए ने सभी संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जवाब संतोष जनक नहीं पाया गया, तो कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## मानव प्रगति में विज्ञान व तकनीक की भूमिका महत्वपूर्ण

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में दीक्षोत्सव के अंतर्गत 21वीं सदीं में विज्ञान एवं तकनीकीरू संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। व्याख्यान के मुख्य वक्ता पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो राजाराम यादव ने कहा कि 21वीं सदी विज्ञान और तकनीक की सदी है । आज शिक्षा, संचार, चिकित्सा, कृषि, उद्योग, परिवहन, रक्षा, ऊर्जा के क्षेत्र में वैज्ञानिक प्रगति ने मानव जीवन को बेहतर बनाया है ।प्रो यादव ने कहा कि बेरोजगारी, असमानता, साइबर खतरे और पर्यावरणीय संकट जैसी चुनौतियाँ भी सामने हैं। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग किस प्रकार करते है। संतुलित और जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाकर ही हम विज्ञान की शक्ति को सच्चे अर्थों में मानव कल्याण का साधन बना सकते हैं। अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा इक्कीसवीं सदी में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मानवता को अभूतपूर्व अवसर प्रदान कर रहे हैं। प्रो सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में वैज्ञानिक प्रगति के बिना मानव विकास की कल्पना संभव नहीं है। प्रो सिंह ने विद्यार्थियों को विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों को गहराई से समझ कर उसमें काम करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के संपूर्ण शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास के लिए कटिबद्ध है। विद्यार्थियों के अंदर विज्ञान की समझ बढ़े इसके लिए संस्थान लगातार व्याख्यान एवं प्रशिक्षण आयोजित करता रहता है। प्रो. शर्मा ने स्वास्थ्य के क्षेत्र विज्ञान के आधुनिक शोध एवं प्रयोगों पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. नितेश जायसवाल तथा प्रो. देवराज सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जीएसटी सुधारों से कम होगी कीमतेंः राज्यमंत्री

जौनपुर। केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी स्लैब में किए गए सुधार पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक सिद्धार्थ उपवन मे एक प्रेस वार्ता की गई ।खेल और युवा राज्य मंत्री स्वंत्रत प्रभार गिरीश चंद यादव ने कहा इस कदम से न केवल व्यापारियों और उपभोक्ताओं, बल्कि पूरे देश के लोगों को लाभ मिलेगा जिसकी चैतरफा प्रशंसा का जी रही है 22 सितंबर से अब केवल दो स्लैब में- 5ः और 18ः जीएसटी लगेगा, पीएम मोदी और निर्मला सीतारमण ने नवरात्रि, दिवाली और छठ पूजा से पहले देश को एक बड़ा दिवाली उपहार दिया है हम इसे बचत उत्सव के रूप में मना रहे हैं। जीएसटी 2.0 अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से रोटी-कपड़ा-मकान की कीमतें कम होंगी ।उन्होंने कहा कि ये सुधार किसानों, युवाओं, महिलाओं और हर वर्ग के लोगों के लिए फायदेमंद हैं, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक सामान से लेकर स्वास्थ्य उत्पादों, शिक्षा से संबंधित सामानों और वाहनों तक सब कुछ सस्ता हो जाएगा यह न केवल कर दरों को कम करेगा, बल्कि सरलीकरण भी लाएगा, क्योंकि अब केवल दो स्लैब होंगे।

## बांटे आयुष्मान और वंदना कार्ड



सोनभद्र। आयुष्मान भारत दिवस पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोनभद्र में आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक भूपेश चैबे एवं नगर पालिका अध्यक्षा रूबी प्रसाद उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में जनमानस को जागरूक किया गया, उक्त कार्यक्रम में 10 लाभार्थी जिनकी आयु 70 वर्ष या अधिक आयु पूर्ण हो चुकी थी, को आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण किया गया ।कार्यक्रम में 05 लाभार्थी शिवपूजन सिंह उम्र 49 वर्ष, का रू0 49500-00, श्रीवंती उम्र 65 वर्ष 91200-00, जर्नादन उम्र 70 वर्ष रू0 32000-00, राजेन्द्र उम्र 60 वर्ष रू0 35000-00, लीलावती उम्र 72 वर्ष रू0 28000-00 जो आयुष्मान भारत योजना से लाभ प्राप्त कर चुके है. को मुख्य अतिथि द्वारा अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत, डा० गणेश प्रसाद चिकित्सक एन०सी०डी०, रजत मिश्रा, डी०जी०एम०, जीतेन्द्र सिंह कुशवाहा, डी०ए०एस०एम० आयुष्मान भारत सोनभद्र उपस्थित थे।

## वेदांश आनंद की उपलब्धि से गौरवान्वित हुआ आजमगढ़



आजमगढ़। खित्तै-ए-आजमगढ़ है मगर फैजान ऐ तजल्ली है अक्सर, जो जर्रा यहाँ से उठता है, वह नैयर-ए-आजम होता है....प्रख्यात शायर इकबाल सुहैल की यह पंक्तियां आजमगढ़ निवासी वेदांश आनंद एड. पर सटीक बैठती है।

आजमगढ़ के हरवंशपुर निवासी वेदांश आनंद पुत्र तेज बहादुर राय एड को भारत के राष्ट्रपति ने कानून एवं न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग (न्यायिक अनुभाग) द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से वरिष्ठ केंद्रीय सरकारी अधिवक्ता के रूप में दिल्ली उच्च न्यायालय में भारत सरकार का पक्ष रखने हेतु नियुक्त किया है। अधिसूचना आते ही लगातार इन्हें और इनके परिजनों को बधाईयां देने का क्रम जारी है, आजमगढ़वासियों ने इसे विधि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताया। कानूनी मामलों के जानकार वेदांश आनंद के पिता आजमगढ़ में वरिष्ठ अधिवक्ता है वहीं माता श्रीमती मधुलिका राय प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त है। शहर के चिल्ड्रेन कालेज से प्राथमिक से लेकर इंटरमीडिएट तक की शिक्षा ग्रहण करने के बाद वेदांश आनंद उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली रवाना हो गये। दिल्ली इन्द्रप्रस्थ विवि में उच्च शिक्षण ग्रहण करने के बाद उन्होंने यहीं से अधिवक्ता की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपनी सेवाएं दी। वे पूर्व में सरकारी प्लीडर के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वेदांश आनंद ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय नाना प्रख्यात अधिक्ता स्व. परमानंद राय, बाबा स्व. हनुमान राय को दिया है। जिनके आदर्शो के बल पर चलकर ही वे यहां तक पहुंच सके है। श्री आनंद ने आगे कहा कि वे आगे भी अपने क्षेत्र में अपना शत-प्रतिशत योगदान देते हुए समाज के हर व्यक्ति की विधिक मदद करते रहेंगे। वहीं सदस्य विधान परिषद प्रतिनिधि सौरभ उपाध्याय ने कहा कि वेदांश आनंद बचपन से ही मेधावी थे, उन्होंने लगातार जनपद का नाम रोशन किया, उनकी उपलब्धि से समूचा आजमगढ़ ही नहीं पूरा प्रदेश गौरवांवित हुआ है।

## आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करेगा जीएसटी सुधार का निर्माणः संजीव कुमार

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी सुधारों के ऐतिहासिक निर्णय के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने भाजपा जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता कर जीएसटी बचत उत्सव के संबंध में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों का युक्तिसंगत, सरलीकरण, आर्थिक ढांचे को सशक्त बनाएगा और आने वाली पीढ़ी को अधिक



पारदर्शी, सरल और विकासोन्मुख व्यवस्था प्रदान करेगा। इन सुधारों से उद्योगों को नई ऊर्जा मिलेगी, उपभोक्ताओं के लिए कीमतों में कमी आएगी और सरकार के राजस्व में भी सकारात्मक वृद्धि होगी। यह कदम भारत की अर्थव्यवस्था को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहायक होगा। और आगे कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस देश की जनता के अटूट स्नेह और अपार समर्थन से इस देश की बागडोर संभाली। पहले दिन से ही उन्होंने प्रधान सेवक के रूप में 140 करोड़ भारतीयों की समृद्धि और खुशहाली के लिए बिना थके एक भी दिन बिना छुट्टी लिए समर्पित भाव से निरन्तर काम किया है। इस देश को अपना परिवार मानते हुए उन्होंने परिवार के मुखिया के रूप में सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास सिर्फ नहीं ये नारा ये है उद्देश्य हमारा धरातल पर साकार करके दिखाया है। जीएसटी सुधारों का ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम है। यह प्रधानमंत्री की तरफ से देशवासियों को दीवाली का सुनहरा उपहार है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल गुप्ता, उपाध्यक्ष अनुसूचित आयोग जीत सिंह खरवार, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा के प्रति छात्राओं को किया जागरूक



बीजपुर/सोनभद्र। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस द्वारा विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को जागरूक किया गया तथा महिला सुरक्षा, हेल्पडेस्क समेत विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु मंगलवार को आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी पुनर्वास प्रथम में प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह एवं महिला आरक्षी उमा ने विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को जागरुक कर महिला सुरक्षा एवं विभिन्न महिला हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। जिससे महिलाओं ओर छात्राओं के साथ होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह एंटी रोमियो स्क्वायड, महिला हेल्प डेस्क, हेल्पलाइन नंबर यूपी 112, वूमेन पावर 1090 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी छात्रा को विद्यालय,कोचिंग आने-जाने,घर के आस पड़ोस या विद्यालय में कहीं भी कोई व्यक्ति परेशान करे या छींटाकशी करे या किसी प्रकार के महिला उत्पीड़न की समस्या हो तो निर्भीक होकर बताए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर या स्थानीय पुलिस को सूचित करें, प्राप्त शिकायत पर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाई की जाएगी ।इसके अलावा प्रभारी निरीक्षक ने राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से भी छात्राओं को अवगत कराया ।महिला आरक्षी उमा ने छात्राओं से उनके समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्होंने छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाए जा रहे मिशन नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,नारी स्वालंबन के दृष्टिगत सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस अवसर विद्यालय के सभी बच्चे एवं शिक्षक,शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## विधायक पीड़ित परिवारों के लिए डीएम से मिलीं



जौनपुर ।नगर के मछलीशहर पड़ाव पर में 25 अगस्त को करंट लगने से तीन लोगों की मौत के मामले में सपा विधायक रागिनी सोनकर ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। विधायक ने पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है। विधायक ने कहा कि यह घटना बिजली विभाग और नगर निगम की लापरवाही का परिणाम है। एक महीने से अधिक समय तक शिकायत के बाद भी न तो बिजली के खंभे की मरम्मत की गई और न ही टूटी नाली को ठीक किया गया। उन्होंने बताया कि प्राची, समीर और शिवा की मौत सरकारी लापरवाही के कारण हुई है। घटना के समय अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। दोषी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बात कही गई थी। जांच के लिए गठित टीम में सीआरओ को अध्यक्ष बनाया गया था। परिवार के लोगों की मांग पर जांच टीम में एडीएम को भी शामिल किया गया है। डीएम ने स्पष्ट किया कि सरकारी नौकरी देना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है ।विधायक ने कहा कि वे इस मुद्दे को विधानसभा सत्र में उठाएंगी। उनका मानना है कि ऐसे मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में अधिकारी और भी लापरवाह हो सकते हैं। उन्होंने जौनपुर के अन्य मुद्दों को भी सदन में उठाने की बात कही। विधायक के साथ सपा के प्रदेश सचिव सुशील दुबे, उषा जायसवाल प्रदेश सचिव महिला सभा मौजूद रही।

## नौ दिवसीय विन्ध्य महोत्सव का शुभारम्भ

मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में आयोजित नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना से सम्बन्धित चित्र प्रदर्शनी का विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह ने चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन व विन्ध्य महोत्सव का मां विन्ध्यवासिनी देवी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। विधायक नगर ने भ्रमण कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विधायक ने विंध्याचल के बारे में भी चर्चा करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल है। उन्होंने विंध्याचल के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के बारे में बताया, और इसके विकास और संरक्षण के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों और लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करना हैं। विधायक ने विंध्याचल के विकास और संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि कैसे यह स्थान श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने लोगों से विंध्याचल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और इसके विकास में योगदान देने का आह्वान किया। विधायक नगर ने लगाई गई प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए लोगों की अपील की कि वे प्रदर्शनी का अवलोकन करे तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए महत्पूर्ण कार्यो की जानकारी लें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विन्ध्य महोत्सव के मंच पर मनीष शर्मा के द्वारा कथक नृत्य की मन मोहक प्रस्तुति दी गई। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग लखनऊ की अन्तर्राष्ट्रीय लोकगीत, कजली गायिका उषा गुप्ता के द्वारा लाले-लाले फुलवा के गजरा बनाके मैय्या श्रद्धा से करी ला पुकार हो.... देवी गीत प्रस्तुति की गई तथा एवं शिवलाल गुप्ता एण्ड पार्टी तथा संस्कृति निदेशालय से कल्पना गुप्ता के द्वारा देवीगीत व भजन सुनाया गया।

## पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन आज से

आजमगढ़। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग से प्राप्त निर्देश के क्रम में एवं डीएम के निर्देशन में 24 सितंबर 2025 को ब्लॉक/तहसील स्तर पर ह्नमिशन शक्तिह्न के अन्तर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्या डॉ प्रियंका मौर्या के द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

संक्षेप

## पूर्व दरोगा पर छेड़छाड़ का आरोप

**आगरा।** ट्रांसयमुना क्षेत्र में एक पूर्व दरोगा पर युवती से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। फेस-2 कॉलोनी में रहने वाली युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना सोमवार की सुबह करीब 5 बजे की है। युवती अपने पालतू कुत्ते को घुमाने निकली थी। इसी दौरान कॉलोनी में रहने वाले पूर्व दरोगा जी.पी. सिंह ने उसे रोक लिया। आरोप है कि उन्होंने युवती के साथ अश्लील हरकतें कीं। युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि पूर्व दरोगा पिछले तीन साल से उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। आरोपी अक्सर अपशब्द कहकर उसे बदनाम करने की कोशिश करता है। धमकियां भी देता है। इस वजह से युवती तनाव में है। उसने थाना ट्रांसयमुना प्रभारी से शिकायत की है। युवती का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उसे और उसके परिवार को जान का खतरा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 7000 पशुओं का हुआ टीकाकरण

**देवरिया।** जनपद में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम मे लम्पी स्कीन डिजीज टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत विभिन्न गांवों में लम्पी रोग नियंत्रण हेतु डॉ दिग्विजय यादव एवं पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी के नेतृत्व में अभियान चलाकर 7000 पशुओं का टीकाकरण एवं 78 लम्पी संक्रमित पशुओं का उपचार किया जा चुका है। मंगलवार को ग्राम रनिहवां में पशुपालन विभाग की टीम ने शिविर लगाकर लम्पी संक्रमित पशुओं का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया एवं 100 पशुओं को टीका लगाया। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने शिविर में पशुपालकों को जागरूक किया कि इस समय बिमारी नियंत्रण में है परन्तु लम्पी संक्रमित पशुओं के घाव को ठीक होने में दो सप्ताह का समय लगता है। पशुओं को मच्छर, मक्खी व किलनी आदि से बचाव का समुचित उपाय जरूरी है अन्यथा घांव में कीड़े आदि पड़ने की संभावना रहती है और संक्रमण भी बढ़ जाती है। टीकाकरण अभियान में सुभाष चन्द्र एवं महेंद्र यादव के साथ पैरावेट सुनील कुमार, रजनीश, धर्मेन्द्र, अभिषेक मणि त्रिपाठी, पंकज मणि व आयुष कुमार ने सहयोग किया।

## ईंट मंडी में नहीं खड़े होंगे ईंटों से भरे ट्रैक्टर लगेगा जुर्माना

**आगरा।** ईंट मंडी में अब ईंटों से भरे ट्रैक्टर खड़े नहीं होंगे। अगर, खड़े मिले तो उन पर जुमार्ना लगेगा। नगर निगम ने प्रदूषण को देखते हुए यहां ट्रैक्टरों के खड़े होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कारगिल पेट्रोल पंप के पास स्थित ईंट मंडी में आकर खड़े होने वाले ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों से जहां नागरिकों को धूल व प्रदूषण की मार झेलनी पड़ रही है वहीं, इनकी वजह से यातायात भी बाधित हो रहा है। लोगों की लगातार शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर चालकों को सख्त चेतावनी दी कि यदि अब उन्होंने ईंटों से भरे वाहन सड़क पर खड़े किए तो उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने साफ किया कि सार्वजनिक मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी कर वायु प्रदूषण बढ़ाना और आवागमन बाधित करना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मानवाधिकार कार्यकर्ता ने की निष्पक्ष जांच व पीड़िता को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग

- सूर्य प्रताप मिश्र ने राष्ट्रीय मानवाधिकार को भेजा पत्र, किया चार सूत्रीय मांग
- वर्ल्ड यूथ सोशल ऑर्गेनाइजेशन के पत्र पर मानवाधिकार आयोग ने एसपी को नोटिस जारी कर मांगा था विस्तृत रिपोट

**कुशीनगर।** बीते माह विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के माध्यम से लखनऊ मे आयोजित प्रेसवार्ता मे कुशीनगर जनपद की अनामिका नामक युवती द्वारा धर्मांतरण, दुष्कर्म व छांगुर गैंग से कनेक्शन के लगाये गये आरोपो के बाद नौशाद, छांगुर, आलमगीर समेत तेरह लोगो पर दर्ज हुए मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने व पीडिता को सुरक्षा मुहैया कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मानवाधिकार कार्यकर्त्ता सूर्य प्रताप मिश्र ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो नई दिल्ली को भेजे गये पत्र में मानवाधिकार कार्यकर्त्ता सूर्य प्रताप मिश्र ने कहा है कि बीते माह 19 अगस्त को लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता के माध्यम से कुशीनगर जनपद की युवती अनामिका सिंह द्वारा कसया के रेड हिल्स रियल एस्टेट कंपनी के मालिक आलमगीर अंसारी सहित कुल 13 व्यक्तियों पर लव जिहाद, जबरन धर्मांतरण, मानव तस्करी एवं यौनशोषण जैसे गंभीर आरोप लगाए गए। इस प्रकरण में पीड़िता




की लिखित शिकायत पर कोतवाली पडरौना में अपराध संख्या- 452/2025, धारा- 376-ऊ, 377, 342, 323, 504, 120-इ तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा- 3 एवं 5(1) के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत हुआ है। पत्र में आगे लिखा है कि उक्त मामले में वर्ल्ड यूथ सोशल ऑर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष शशिकांत मिश्र द्वारा आपको ईमेल प्रेषित कर उच्चस्तरीय जांच कराने का अनुरोध किया गया था। आपके निर्देश पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केस संख्या- 17675/24/45/2025- डब्लूसी दर्ज कर दिनांक-10 सितम्बर-2025 को पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर को नोटिस जारी करते हुए विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है।

### धनबली व रसूखदार आरोपी पीडिता पर बना रहे है दबाव

मानवाधिकार कार्यकर्त्ता ने अपने पत्र मे कहा है कि मामला रसूखदार एवं प्रभावशाली व्यक्तियों से संबंधित है, इस लिए आरोपीगण, पीड़िता एवं उसके परिजनों पर निरंतर दबाव बना रहे हैं। पीड़िता के विभिन्न वीडियो बनवाकर उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित कराया जा रहा है, जिससे जनमानस में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है तथा जांच प्रक्रिया प्रभावित होने का खतरा है। यह स्थिति पीड़िता एवं उसके परिजनों के आत्मविश्वास को कमजोर करने का स्पष्ट प्रयास है।

### संगठन ने की है मांग

पत्र में मानवाधिकार कार्यकर्त्ता श्री मिश्र ने पीड़िता एवं उसके परिजनों की तत्काल सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने, पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष शीघ्र बयान दर्ज कराने, अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी अथवा पूछताछ न किये जाने पर संबंधित पुलिस को नोटिस जारी करने व निष्पक्ष एवं तथ्यपरक जांच कर शीघ्र आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

## 15 लाख की केबल चुराने वाले 8 अभियुक्त गिरफ्तार

**आगरा।** बीएसएनएल के कॉपर केबल चुराने वाले 8 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 325 मीटर कॉपर केबल की कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। चोरों के पास से हाइड्रा, मोबाइल फोन, ब्लेड, गंडासा, आरी आदि बरामद किए गए हैं। थाना रकाबगंज में बीएसएनएल के एसडीओ (टैक्स) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 20-21 सितंबर की रात को बालूगंज में चीलघर चौराहे से पीडब्ल्यूडी तिराहे के बीच में 1200 पैएर की यूजी कॉपर केबल डाली गई थी, जिसकी लंबाई लगभग 325 मीटर है। इसे रात में ही चुराकर ले गए। पुलिस ने चोरों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया। 22 सितंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आगरा केसर होटल के पास मजार के पीछे से 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से हाइड्रा, कॉपर केबल, 6 मोबाइल फोन, ब्लेड, गंडासा, आरी, लकड़ी का गट्टा आदि बरामद हुए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 20-21 सितंबर की रात एक लाला नाम का ठेकेदार मिला। खुद को उसने बीएसएनएल का ठेकेदार बताया। सभी को लेकर वो चीलगढ़ चौराहे पर पहुंचा। हाइड्रा से केबल निकलवाई गई। उसके 27 टुकड़े किए गए। केबल के टुकड़ों को झाड़ियों में छिपाकर रख दिया। 22 सितंबर को वे लोग ठेकेदार के साथियों के साथ केबल बेचने जा रहे थे।

## महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं




**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ के सदस्य श्रीमती ऋतू शाही जी के अध्यक्षता में आज जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित समस्याओं, शिकायतों एवं उनके त्वरित निस्तारण हेतु एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएँ एवं बालिकाएँ उपस्थित हुईं और उन्होंने घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, भरण-पोषण, विवाह संबंधी समस्याओं तथा अन्य कानूनी व सामाजिक मुद्दों पर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। आयोग के सदस्य ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों और अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। साथ ही, महिलाओं को उनके अधिकारों और उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। महिला आयोग ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करना प्राथमिकता है और आयोग प्रत्येक स्तर पर पीड़ित महिलाओं की सहायता हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अनिल कुमार सोनकर, जिला प्रोबेशन अधिकारी देवरिया, वन स्टाप सेंटर, हब फार इम्पावेमेंट ऑफ वुमन के कार्मिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद दिवस पर स्वास्थ्य शिविर व जन जागरूकता रैली आयोजित

**देवरिया।** 10वां आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय स्तर पर राजकीय इण्टर कालेज, देवरिया के प्रांगण में आयुर्वेद विभाग, देवरिया द्वारा जनसामान्य को आयुर्वेद के लाभ एवं दवा वितरण करने हेतु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर/कैम्प का आयोजन किया गया एवं आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गयी। स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया साथ ही औषधिय पौधों का वितरण एवं जन जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त शिविर में आयुष मिशन की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु समस्त बिन्दुओ पर प्रकाश डाला गया। आयुर्वेद के प्रति जनपद के समस्त चिकित्सालयों द्वारा आम जनमानस को कैम्प, मेला, जन चौपाल आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। चिकित्सकों एवं योग प्रशिक्षको द्वारा द्वारा चिकित्सा कार्य के साथ-साथ योगासन, प्राणायाम, ध्यान, ध्यान, आहार-विहार आदि पर विशेष चर्चा करते हुये आम जनमानस को जागरूक किया गया। शासन के मंशानुरूप आयुर्वेद एवं योग के महत्व के बारे में बताया गया। आयुष विभाग के चिकित्साधिकारियों द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में कुल लगभग 400 मरीज देखे गये। शिविर स्थल पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी के साथ-साथ आयुष विभाग के चिकित्साधिकारी डा० विशाल चौधरी, डा० सुभाष चन्द्र यादव, डा० रजनीश यादव, डा० प्रभात कुमार राय और जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा डा० अजीत नारायण मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, भारती शर्मा, जिला कार्यकम प्रबन्धक, संजय कुमार पाण्डेय, शफीक अहमद, परितोष सिंह, विजय प्रसाद एवं समस्त योग प्रशिक्षक/योग सहायक उपस्थित रहे।

## एएसपी ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय ने रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी ली। तत्पश्चात निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षीयों से दौड़ लगवायी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। तत्पश्चात उन्होंने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी, मनोरंजन कक्ष, जिला मेस, स्टोर, आरटीसी मेस आदि का निरीक्षण किया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिया। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

- शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवायी गयी दौड़

# सुरक्षा की दृष्टि से पंडाल समितियो को विद्युत विभाग ने जारी की गाइडलाइन

**कुशीनगर।** नवरात्रि के महापर्व पर नगर में स्थापित होने वाले दुर्गा पूजा पंडाल में बिजली सप्लाई को लेकर विद्युत विभाग ने अप्रिय घटना से बचाव के लिए आयोजन समिति के लिए गाइडलाइन जारी करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है विद्युत उपकेंद्र पडरौना के अवर अभियंता दिलीप कुमार मौर्य ने नगरवासियों को नवरात्रि की शुभकामना देते हुए

दुर्गा पूजा आयोजन समिति से अपील किया है कि दुर्गा पूजा पंडाल की स्थापना एचटी, एलटी विद्युत तार के नीचे कदापि न करे। उन्होने कहा कि पंडाल में वायरिंग व सजावट का कार्य अनुभवी एंव लाइसेंस प्राप्त ठेकेदारों से कराये, पंडाल की सुरक्षा के दृष्ट से उचित क्षमता वाले फ्यूज एंव एमसीबी लगवाने के अलावा पंडाल में आईएसआई मार्क का केबल उपयोग करने का सुझाव दिया। अवर अभियंता ने पंडाल मे सजावट के लिए उपयोग में लिए जाने वाले विद्युत तार को किसी भी हालत मे खुला न छोडने की हिदायत देते हुए उसे सुरक्षित करने के लिए अच्छे क्वालिटी का टेप उपयोग करने की बात दोहरायी। उन्होने तल्ख लहजे मे कहा कि पंडाल की सजावट के लिए अवैध रूप से कटिया कनेक्शन का प्रयोग न करे इसके लिये नियमानुसार

- पंडाल की सजावट के लिए न करें अवैध रूप से कटिया कनेक्शन का प्रयोग: अवर अभियंता

विद्युत विभाग में आवेदन करके अस्थाई विद्युत कनेक्शन जरूर ले और विद्युत उपकेंद्र के कन्ट्रोल रूम, अवर अभियन्ता व उपखंड अधिकारी का मोबाइल नम्बर अवश्य अपने पास रखे ताकि आवश्यकता पडने पर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क स्थापित हो सके। श्री मौर्य ने आयोजन समिति से पंडाल मे हैलोजन की जगह यथासंभव एलइडी बल्ब का उपयोग करने, पंडाल मे लोहे के पाइप से विद्युत केबल दूर रखने, केबल व लोहे के पाइप के बीच सूखी लकडी का बीट इस्तेमाल करने का अपील किया है। उन्होने कहा कि त्योहार हम सभी का है और हम सभी को मिलकर छोटी छोटी सावधानियो का ध्यान मे रखना होगा, ताकि त्योहार उत्साह से मना सके।

## आत्महत्या की आशंका

**आगरा।** जैतपुर ब्लॉक स्थित नदगवाँ घाट पर एक वृद्ध के चंबल नदी में कूदने की आशंका है। पहाड़पुरा गांव के वृद्ध के कपड़े नदी किनारे मिलने से यह आशंका और बढ़ गई है। सूचना मिलते ही खेड़ा राठौर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय लोग भी चंबल नदी घाट पर जमा होने लगे हैं। वृद्ध की तलाश में कई चुनौतियां हैं। चंबल नदी में इस समय पानी का बहाव तेज है। इसके अलावा नदी में मगरमच्छ व घड़ियाल के संरक्षित क्षेत्र होने के कारण खोज अभियान में परेशानी आ रही है।

## जगदीशपुर ब्लॉक में हुई अनोखी पहल

**जगदीशपुर, अमेठी।** कस्तूरबा गांधी विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा अनुष्का बनीं एक दिन की खंड विकास अधिकारी ।जगदीशपुर एडीओ पंचायत की मौजूदगी में कराया गया शपथ ग्रहण ।पदभार संभालते ही अनुष्का ने जन्म और मृतक प्रमाण पत्र पर किए हस्ताक्षर। इसके साथ ही दिलाई स्वच्छता मिशन की शपथ। मौके पर मौजूद रहे ब्लॉक के सभी कर्मचारी और जगदीशपुर कोतवाली की महिला पुलिस ।लोगों ने इस पहल को बताया... नारी शक्ति और बाल सशक्तिकरण का अद्भुत उदाहरण।

# जिला उद्योग, व्यापार और श्रम बंधु की हुई बैठक

- सभी तहसीलों में 5-5एकड़ की भूमि उद्योग स्थापना हेतु उद्योग विभाग को दियेजाने का लिया निर्णय: डीएम

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु/व्यापार बन्धु /श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न की गई।

बैठक में मेसर्स विशाल ट्रेडिंग कम्पनी, मुसहर बस्ती, जंगल बेलवां, पडरौना, कुशीनगर के इकाई स्थल के सम्पर्क मार्ग के पक्का निर्माण एवं चौडीकरण विषयक मामला के संबंध में नगर पालिका पडरौना द्वारा कार्य योजना में शामिल कर लिए जाने तथा टेंडर हो जाने पर कार्य शुरू किए जाने की जानकारी दी गई। मेसर्स सीएससी कुशीनगर सठियांव यूपी फार्मर प्रोड्यूसर कं०लि०, सठियांव, फाजिलनगर के इकाई स्थल के संपर्क मार्ग के संबंध में भी नगर पंचायत फाजिलनगर द्वारा कार्य योजना में




शामिल कर लिए जाने एवं आगामी बोर्ड की बैठक में स्वीकृत कराकर कर कार्य शुरू कराने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार सुभाषितम इंडस्ट्रीज मालूडीह कसया द्वारा इकाई स्थल पर सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई नहीं किए जाने संबंधित था जिस पर विद्युत विभाग द्वारा स्टीमेट दे दिए जाने एवं धनराशि वहन किए जाने पर कनेक्शन की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त मिनी औद्योगिक आस्थान, नदवां विशुनपुर, फाजिलनगर के वर्ष 1990 में अधिग्रहित भूमि के गाटा नं० 184, 622 एवं 621ख के स्थान पर त्रुटिपूर्ण रूप से गाटा नं0-625 पर मिनी औ०आस्थान का निर्माण कर दिया गया था तथा ग्राम प्रधान द्वारा गाटा नं0-622 पर सुलभ शौचालय, छठ घाट, अमर ज्योति आदि का निर्माण करा दिया गया है, जिसके सुधार का प्रकरण समिति के समक्ष पूर्व में रखा गया थे जिसे जिलाधिकारी द्वारा अगली बैठक से पूर्व निस्तारण करा लिए जाने हेतु आश्वस्त किया गया। इसी प्रकार अन्य मामलों के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत कराने उपरांत आज की बैठक शुरू की गई। युवा उद्यमी योजना 1996 आवेदन के क्रम में विभिन्न बैंकों में 5 सौ से अधिक आवेदन लंबित होने की जानकारी पर डीएम ने बैंकवार समीक्षा की तथा एलडीएम को प्रभावी कार्यवाही किए जाने एवं मॉनिटरिंग किए जाने की हिदायत दी। कसया के गोला बाजार स्थित उद्योग विभाग की भूमि की पैमाईश के संबंध में डीएम ने शीघ्र एसडीएम कसया से पैमाईश करा लिए जाने हेतु आश्वस्त किया। डीएम ने इस अवसर पर कहा कि इस बैठक में और क्या क्या शामिल कर सकते हैं उपायुक्त उद्योग इस के लिए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि जनपद में इंडस्ट्रीज को कैसे प्रमोट किया जाय, उन्होंने कहा कि बहुत से इंडस्ट्रीज भूमि की कमी के वजह से नहीं लग पा रहे हैं इस लिए सभी तहसीलों में की गई चिन्हित भूमि 5-5 एकड़ की शीघ्र ही उद्योग विभाग को हस्तांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त भूमि का निरीक्षण कर चिन्हित कर लिया जाय कि कौनसी भूमि में क्या क्या स्थापित कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अंतर्गत कहां पार्क बनेगा तथा कौनसी भूमि किस कार्य हेतु उपयुक्त रहेगी। जिला श्रम बन्धु की बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में श्रमिकों द्वारा आवेदन कराया जा रहा है साप्ताहिक बंदी का अनुपालन भी कराया जा रहा है तथा कन्या विवाह योजना , लेबर सेस, सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण उपस्थिति अधिकारियों द्वारा किया गया। पूर्व की शिकायतों पर हुई कार्यवाही से अवगत भी कराया गया। बैठक में सीडीओ गुंजन द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग अभय कुमार, उपायुक्त राज्यकर एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक, डीडीओ, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय के अतिरिक्त उद्यमी व व्यापारी उपस्थित रहे।

## पारिवारिक जीवन का बोध कराकर सचिव ने कराया मेल मिलाप



**देवरिया।** मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र (ए0डी0आर0 भवन) के द्वारा एक पारिवारिक वाद को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में मध्यस्थ, श्री सिंहासन गिरि के सहयोग से एक पारिवारिक वाद का निस्तारण कराया गया। न्यायालय सिविल जज (जू0डी0)एफ0टी0सी-।।, देवरिया द्वारा मध्यस्थता हेतु संदर्भित किये जाने पर मामला जिला विधिक सेवा प्राधिरकण, देवरिया में मध्यस्थता एवं सुलह समझौता हेतु प्राप्त हुआ। मामलें का तथ्य इस प्रकार है कि आज मु0अ0सं0-350/2025, सरकार बनाम अनूप गुप्ता व अन्य का प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय के माध्यम से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी के समक्ष आया। प्रकरण में दोनो पक्ष उपस्थित हुए दोनों पक्षों में वार्ता करायी गयी। जिसमें मध्यस्थता के फलस्वरूप पक्षकार बतौर पति-पत्नी साथ-साथ रहने को तैयार हुए। इसक्रम में पक्षकारों के सहमती से मामलें को सफल निस्तारण किया गया तथा सचिव ने कहा कि मध्यस्थता का मुख्य उद्देश्य विवादों को आपसी सहमति से सुलझाना है। मध्यस्थता, पक्षो के बीच संबंधों को बनाए रखने में मदद करता है एवं पक्षों को अपने विवादों को स्वयं हल करने का अधिकार देता है। मध्यस्थता के द्वारा निस्तारित मामलें में दोनों पक्ष जीतते है, कोई हारता नही है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा आमजन से एवं विधि व्यवसायियों से अपील की गई कि वे अपने मामलें को न्यायालय से निवेदन कर मध्यस्थता हेतु संदर्भित कराये और राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियानका लाभ उठाए।

## डॉक्टर को ब्लैकमेल करने की कोशिश, आईएमए का कड़ा रुख, 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग

**आगरा।** किसान यूनियन के नाम पर कुछ छोटे पदाधिकारियों द्वारा शहर में डॉक्टरों को ब्लैकमेल करने की कोशिशें हो रही हैं। झूठे आरोप लगाने और पैसों की मांग करने जैसी गतिविधियों के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), आगरा ने कड़ा रुख दिखाया है। एसोसिएशन ने आरोपियों की 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग की है। आईएमए की आपातकालीन जीबीएम सुश्रुत हॉस्पिटल (हिल्टन होटल के सामने) में आयोजित हुई, जिसमें सैकड़ों चिकित्सक उपस्थित रहे। आईएमए आगरा के अध्यक्ष डॉ. अनूप दीक्षित ने कहा कि डॉक्टर सदैव हर जरूरतमंद की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं, लेकिन उन्हें भी सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल चाहिए, ताकि वे मरीजों को सर्वोत्तम इलाज प्रदान कर सकें। आईएमए आगरा के सचिव डॉ. रजनीश मिश्रा ने कहा कि डॉक्टर ईमानदारी से कार्य करते हैं और उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह हालात बने रहे तो छोटे अस्पताल धीरे-धीरे बंद हो जाएंगे। आईएमए आगरा ने स्पष्ट संदेश दिया कि डॉक्टरों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ब्लैकमेलिंग, उत्पीड़न या दबाव की राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पुलिस द्वारा चिकित्सक की तहरीर नहीं लेने पर विरोध जताया गया। बाद में पुलिस ने अस्पताल में आकर तहरीर ली। आईएमए ने सभी आरोपियों की 24 घंटे में गिरफ्तारी का अल्टीमेटम दिया, गिरफ्तारी न होने पर अगला कदम तय किया जाएगा। इस दौरान अस्पताल परिसर के आसपास 10-15 लोगों ने प्रदर्शन करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने विफल कर दिया। जीबीएम में डॉ. पंकज नागायच, डॉ. मुकेश भारद्वाज, डॉ. हरेंद्र गुप्ता, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. मुकेश गोयल, डॉ. योगेश सिंगल, डॉ. डीवी शर्मा, डॉ. जेएन टंडन, डॉ. अशांक गुप्ता, डॉ. सुनील, डॉ. अजय, डॉ. अमिता कुशवाह, डॉ. राकेश मोहनिया, डॉ. बीबी कुशवाहा, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. गोविंद सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर उपस्थित रहे।

# पाण्डेयबाबा मेले की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** विजयदशमी से शुरू होने वाले ऐतिहासिक पाण्डेयबाबा मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अमले की रैन बसेरा पर बैठक हुई। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय व प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह ने प्रशानिक अमले के साथ मेला परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई व सुरक्षा व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कादीपुर एसडीएम उत्तम तिवारी, एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह, डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल, सीओ आशुतोष कुमार, प्रभारी थानाध्यक्ष विनोद मिश्र ने मौजूद लोगों से सुझाव मांगा और मेले की सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन दिया। बैठक में शामिल सदर विधायक ने कहा कि ऐतिहासिक पांडे बाबा मेले में तीन दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था और परिसर सुसज्जित बनाने का काम होना चाहिए। मेले के दौरान



हांसापुर, शेखपुर, गोरसरा व बडौनाडीह स्थित सामुदायिक शौचालय को खुला रखने का भी निर्देश दिया गया। सीओ ने कहा मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पीएससी के जवान तैनात होंगें। महिला सिपाही सिविल ड्रेस में अराजकतत्वों पर नजर रखेंगी। रूट डायवर्जन भी किया जायेगा। प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मार्ग के किनारे स्थित नालियों को शीघ्र ही साफ करा लिया जाएगा। यहां पर खंड विकास अधिकारी एस.एन. चतुर्वेदी, एक्सईएन संजय यादव, जेई रामशरण त्यागी, संदीप मौर्य, एडीओ पंचायत नितेश सिंह, सचिव सचिन कुमार, प्रधान नीलकमल, प्रधान लवकुश , प्रेमनारायण माली, पंकज वर्मा, प्रेमसागर वर्मा, विनोद सिंह बेलखरिया, के.डी. सिंह, पिंटू सिंह, आदि मौजूद रहे।

## आईटीआई कठौरा, जगदीशपुर में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन आज

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कठौरा जगदीशपुर अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 24 सितम्बर , प्रातः 10:30 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कठौरा जगदीशपुर, अमेठी में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि मेले में पुखराज हेल्थ केयर एवं एस.आई.एस. सिक्योरिटी गार्ड कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेले में 12वीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुरूप कंपनी में आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, अभ्यर्थियों को मेला स्थल पर फोटो व बायोडाटा सहित उपस्थित होना आवश्यक है। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

संक्षेप

## मार्ग दुर्घटना में मासूम घायल

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में लहरपुर हरगांव राजमार्ग पर ग्राम शेखवापुर के पास एक चार वर्षीय मासूम बालिका तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से टकराकर घायल हो गई। जिसे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लहरपुर हरगांव राजमार्ग पर ग्राम शेखवापुर के पास चार वर्षीय बालिका अनन्या पुत्री दुर्गेश निवासी शेखवापुर उस समय गंभीर रूप से घायल हो गई। जब वह घर से सड़क पार कर रही थी तभी तेज रफ्तार अनियन्त्रित मोटर साइकिल आ गई। जिससे वह टकराकर के घायल हो गई। जिसे तत्काल परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना स्थल से मोटर साइकिल सवार फरार हो गया।

## एसडीएम ने सुनी पीड़ितों की समस्या

पुरवा, उन्नाव। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने जनता दर्शन में आए हुए सभी पीड़ितों की समस्या को सुना, इसी क्रम में लल्लू पुत्र प्रभू निवासी गोडियन खेडा मजरे खेरवा परगना मौरावां ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि हमें गाटा संख्या 627 रकबा 0,3420 हे का तालाब आवंटन मत्स्य पालन करने के लिए दिया गया है। गांव के ही बुद्धीलाल पुत्र बच्चू अवैध रूप से कुछ भाग में धान की फसल व कुछ भाग में सिंघाड़ा की बेड डाले हैं मना करने पर लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा है। आवंटन पर कब्जा दिलाने की मांग एसडीएम से की। एसडीएम ने तत्काल समस्या को सुनकर तहसीलदार व पुलिस को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कुल शिकायत 19 दर्ज की गई। जिसमें राजस्व से 15 व पुलिस से 4 शिकायतो को एसडीएम के द्वारा सुना गया और 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर कानूनगो, लेखपाल व तहसील के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## विवाद में महिला घायल, पांच पर मामला दर्ज

सफीपुर, उन्नाव। चचेरे भाईयो के बीच मार्ग पर मिट्टी डाल गड्ढे भरने पर हुए विवाद में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजन सीएचसी लाए जहा से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार महिलाओ सहित पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाच शुरू की। क्षेत्र के अहमदाबाद माथर गांव के मजरा गदनाखेड़ा निवासी कुशमा पत्नी मदन चन्द ने तहरीर देकर बताया कि दोनों परिवारों के घर के बीच सड़क है जिसमे गड्ढे होने की वजह से वह मंगलवार सुबह 6 बजे गड्ढो में मिट्टी डालकर पाट रही थी कि तभी पड़ोसी कुवर चन्द्र पुत्र यदुनाथ उनकी पत्नी मालती पुत्री संगीता, रानी व शिवानी उसे गन्दी गन्दी गालियां दे रही थी तब वह बचने के लिए घर में घुस रही थी तभी कुवर चन्द ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी मार कर घायल कर दिया तब परिजन लेकर सीएचसी गए। जहाँ से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार महिलाओं सहित पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सेवा पखवाड़ा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान गोष्ठी आयोजित

सोनभद्र। सेवा पखवाड़ा मंगलवार को थाना कोन परिसर मे सेवा पखवाड़ा अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेशानुसार मिशन शक्ति 5.0 की थीम नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग के मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे मे विस्तार से पात्रता बताते हुए आवेदन करने हेतु कहा गया साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन ,181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में बताते हुए यह जानकारी दी गई की बालिकाएं इन नंबरों पर अपनी सुरक्षा हेतु शिकायत कर सकती हैं उनकी जानकारी गुप्त रखी जाती है। वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को विस्तार से बताया गया साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताकर जागरूक किया गया की बालिकाएं को किसी प्रकार की धोखेबाजी और छेड़छाड़ से संबंधित कॉल आए तो इस नंबर पर शिकायत दर्ज कर जानकारी दे सकती हैं।

# आजम खान समर्थकों के काफिले के साथ सीतापुर से निकले





जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। आजम खान रामपुर के लिए करीब 100 गाड़ियों के काफिले में रवाना हुए। शाहजहांपुर में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां भी सैकड़ों समर्थकों के साथ उनके स्वागत में शहर से बाहर हाईवे पर खड़े नजर आए। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को सीतापुर जेल से रिहा होते ही शहर के बाहर भेज दिया गया।

सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी थी कि उन्हें किसी भी समर्थक या करीबी से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। जेल के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। जिसने आजम खां की गाड़ी को सीधे शहर से बाहर की ओर रवाना किया।

जेल से बाहर निकलने के बाद आजम खां के वाहन को जेल रोड के ओवरब्रिज से नेपालपुर की तरफ मोड़ा गया। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें शहर के भीतर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद, नैपालपुर चैराहे से उन्हें हुसैनगंज की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भेजा गया। वहां से उनका काफिला लखनऊ-दिल्ली हाइवे होते हुए रामपुर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान पुलिस की भारी सुरक्षा ने उन्हें चारों तरफ से घेरा रखा। जब तक आजम खां का वाहन जिले की सीमा से बाहर नहीं गया, तब तक पुलिस और प्रशासन ने चैन की सांस नहीं ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह फैसला कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिया गया था। आजम खां की रिहाई को लेकर उनके समर्थकों में भारी उत्साह था और जेल के बाहर बड़ी भीड़ जमा हो सकती थी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने उन्हें तुरंत शहर से बाहर भेजने का निर्णय लिया।



## न्यायपालिका का धन्यवाद करना चाहूंगीः रुचिवीरा

सीतापुर। मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा ने कहा कि न्यायपालिका का धन्यवाद करना चाहूंगी। सभी लोग दुआ भी कर रहे थे वो आज रिहा हो रहे हैं। आजम खान के बसपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आजम साहब बहुत बड़े नेता हैं। बहुत सी पार्टियां हैं जो चाहेंगी कि आजम साहब उनकी पार्टी से जुड़ जाएं। मुझे तो किसी भी बात से ऐसा नहीं लग रहा है कि वह ऐसा कोई फैसला लेंगे। वह सपा के संस्थापक हैं। उन्होंने इस पार्टी को अपने खून-पसीने से सींचा है। हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनका सम्मान करते हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव, विधायक अनिल वर्मा व सपा नेता रामहेत भारती उनसे मिलने पहुंचे थे। जिन्हे भी पुलिस ने वहां से हटा दिया। रामपुर समेत अन्य कई जिला के समर्थकों की भीड़ भी सीतापुर पहुंची पर उन्हे शहर में प्रवेश नही दिया गया।

## 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर सीतापुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार के इनामी और कुख्यात अंतर-जनपदीय चेन स्नैचर सुनील भातू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह अपराधी सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी और खीरी सहित कई जिलों में चेन




स्नैचिंग की दर्जनों घटनाओं में शामिल था। सोमवार को थाना कोतवाली नगर और क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति कनवाखेड़ा अंडरपास के पास से गुजर रहा है। जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने पुलिस पार्टी पर गोली चलाकर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखे बरामद हुए। आरोपी की पहचान सुनील भातू उम्र 47 के रूप में हुई, जो मूल रूप से मुरादाबाद का निवासी है। पूछताछ के दौरान सुनील भातू ने कई चैंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर लूट और स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने उसके पास से तीन पिघले हुए सोने के टुकड़े, एक सोने की चेन और 2,050 नकद बरामद किए। आरोपी ने कबूल किया कि बरामद की गई सोने की चेन उसने इसी महीने लखनऊ में बीजेपी कार्यालय के पास एक महिला से छीनी थी। वहीं बरामद सोने के टुकड़े सीतापुर के कप्तान आवास के पीछे, लखनऊ के विरामखंड गोमती नगर और सुशांत गोल्फ सिटी में छीनी गई तीन अलग-अलग चेनों को पिघलाकर बनाए गए हैं। उसने बाराबंकी में एक महिला से छीनी गई चेन से मिले पैसों में से 2,050 मिलने की बात भी स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, इस शातिर अपराधी के खिलाफ आगरा, बरेली, हरदोई, लखनऊ और बाराबंकी जैसे 12 से अधिक जिलों में लूट, चोरी और हत्या के प्रयास सहित करीब 4 दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

## संवेदनशील गांवों में गतिविधियां व्यापक रूप से संचालित की जायेःअभिषेक आनंद

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुयी।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 05 से 31 अक्टूबर तक एवं दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सभी अधिकारी समय से माइक्रोप्लान तैयार कर इसके अनुसार गतिविधियां संचालित करायें। ब्लॉक टास्क फोर्स एवं तहसील टास्क फोर्स की बैठक समय से आयोजित की जाये। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि मच्छर जनित रोग जिस स्थान से मिले, वहां वेक्टर कन्ट्रोल हेतु व्यापक गतिविधियां तत्काल संचालित करायी जायें तथा मरीजों को तत्काल समुचित उपचार दिया जाये। उन्होंने कहा कि संवेदनशील गांवों में गतिविधियां व्यापक रूप से संचालित की जायें। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छता, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव झाड़ियों का कटान आदि से संबंधित गतिविधियां पूर्ण मनोयोग से संचालित कराएं। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि संक्रामक रोगों यथा डेंगू, मलेरिया, एई/जेईएस आदि के प्रभावी नियंत्रण द्वारा हम किसी की जान बचा सकते हैं। बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय से गतिविधियां संचालित करने से निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। जिन विकासखण्डों में मच्छर जनित बीमारियों के मरीज अधिक मिल रहे हैं। वहां ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं अन्य सभी विभागीय अधिकारी समन्वय बैठक कर गतिविधियां संचालित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि टीमों के माध्यम से घरों में मच्छर प्रजनन के श्रोत की जांच करायी जाये और इसकी सूचना का संकलन भी किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक महत्त्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना, रोगों के प्रसार को रोकना और समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, इसलिए इसे बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय से व्यापक स्तर पर संचालित कराया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं-बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया

पाटन, उन्नाव। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज 5.0 और शक्ति दीदी अभियान के तहत बिहार थाना पुलिस टीम ने ग्राम पंचायत सराय मनिहार में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया।

अभियान के तहत महिलाओं की समस्याओं के सम्बन्ध में उनसे जानकारी की गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत दर्ज नहीं करायी गई। बतातें चलें कि विकास खण्ड सुमेरपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा सरॉय मनिहार स्थित कम्पोजिट विद्यालय में मंगलवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रशिक्षण शिविर में थाना बिहार में तैनात उप निरीक्षक रेखा दुबे ने प्रतिभागियों को विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा हेतु व्यावहारिक टिप्स और तकनीकें सिखाईं। साथ ही महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों को लेकर सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं जैसे नारी सुरक्षा व नारी सम्मान, कन्या सुमंगला, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर हेल्पलाइन 1930, एंबुलेंस सेवा 108, आपातकालीन नंबर 112 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की विस्तृत जानकारी दी गई। बालिकाओं ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उप निरीक्षक रेखा दुबे ने आश्वस्त किया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे ताकि महिलाएँ निडर होकर समाज में आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ऊर्फ प्रिंसू सिंह, कांस्टेबल शैलेश कुमार व पूनम राजपूत, देश दीपक पाण्डेय, धीरेन्द्र सिंह, एएनएम ज्योति, सीमा सिंह, विजया सिंह, आगनवाड़ी कार्यकत्री सरिता सिंह, आशा सिंह, आशा बहू माया देवी समेत भारी संख्या में ग्रामसभा की महिलाएं और स्कूल की छात्राएं मौजूद रहीं।

## चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेल सकेंगे

उन्नाव। अंर्तमंडली क्रिकेट प्रतियोगिता आर. बी. एस. क्रिकेट स्टेडियम शुक्लागंज में आयोजित किया गया। इसमें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, आजमगढ़, मंडल के बच्चों ने प्रतिभा



किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह द्वारा सरस्वती माता का पूजन कर प्रारंभ किया। कार्यक्रम में बीएसए ने बताया कि सभी बच्चो का आज स्टेडियम में ट्रायल चलेगा। उसके पश्चात चयनित बच्चों को 5 दिन का प्रशिक्षण कस्तूरबा सरोसी जनपद उन्नाव में दिया जाएगा तत्पश्चात चयनित बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्राप्त होगा। खंड शिक्षा अधिकारी मनीद्र कुमार खेल प्रभारी की देखरेख में कार्यक्रम संपादित कराए जाएंगे उक्त प्रतियोगिता में समस्त मंडलों से लगभग 48 बच्चों ने प्रतिभा किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निशा तोमर जिला व्यायाम शिक्षिका, सोनू सिंह जिला गाइड कैप्टन, राणा ऋषेन्द सिंह, कयामुद्दीन, अविनाश, निखिल, अखिलेश, ऋषभ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डीवसीव बालिका चंदेश्वर मिश्र ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 310 मरीजों का हुआ इलाज

मड़िहान, मीरजापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा तीन सौ दस मरीजों का निःशुल्क परीक्षण एवं इलाज किया गया। मानसिक, दिव्यांगता, नींद न आना, काम में मन न लगना, आत्महत्या के विचार, तनाव, घबराहट, मिर्गी, बेहोशी, नशा मुक्ति आदि के मरीजों की भीड़ रही। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर राधेश्याम वर्मा ने बताया कि शिविर में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का निःशुल्क परीक्षण और इलाज के दौरान दवाएं दी गई। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगा।

## दंगल व आल्हा गायन का आयोजन



पाटन, उन्नाव। करमी ग्राम पंचायत के संत नगर में आयोजित विशाल दंगल व आल्हा गायन कार्यक्रम में पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने आम जनमानस का आशीर्वाद प्राप्त किया व दंगल कमेटी को आर्थिक सहयोग दिया। सुंदर आल्हा गायन के लिये शालिनी यादव व शत्रुघ्न यादव सहित समस्त आल्हा गायन टीम को नकद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान रामचरण, पूर्व प्रधान पुरुषोत्तम शर्मा, राम सजीवन यादव, रामशंकर, दयाराम, विनोद बाजपेई, जहूर अली, गंगाराम निषाद, पीर मोहम्मद, राहुल सिंह चैहान, विश्वजीत, फूलचंद्र यादव, लोटन पासवान, मानवेन्द्र सिंह, विक्रम यादव, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## वेतन न मिलने से सफाईकर्मियों ने दिया धरना

तम्बौर/सीतापुर। आर्थिक तंगी का सामना कर रहे नगर पंचायत तंबौर के पास ठेके व संविदा पर रखे सफाई कर्मियों को देने के लिए वेतन तक नहीं है। पिछले दो माह का वेतन लेने को भटक रहे सफाई कर्मचारियों ने कार्यालय के अंदर चैयरमैन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कामकाज ठप्प रखने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों ने चैयरमैन पर आरोप लगाया कि चेयरमैन द्वारा वेतन रजिस्टर पर साइन न करने से उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

हरिसंकर, प्रदीप कुमार, अजय कुमार, शिवकुमार, कैलाश, क्षमा, मीना, नीलम, ने कहा कि वह पिछले कई वर्षो से सफाई कर्मचारी पद पर मुलाजिम के तौर पर सफाई का कार्य कर रहे है। कस्बे के विभिन्न हिस्सों से गंदगी उठाना और स्वच्छता बनाएं रखने के लिए सदा तत्पर रहते है और पिछले दो महीनों से उन्हें वेतन नहीं दिया जा रहा है



और जब वह अपनी वेतन लेने की मांग को उठाते है तो उन्हें हटाने की धमकी देकर चुप करवा दिया जाता है। कचरा उठाने का ट्रैक्टर-ट्राली चलाने वाले फहीम, हफीज, हरिओम, दिलीप, अलीम, राशिद, तारीख का कहना है कि वेतन ना मिलने के कारण महंगाई के इस दौर में दो वक्त की रोटी खानी मुश्किल हो गई है। उन्होंने कहा कि बार-बार उच्चाधिकारियों से समस्याओं के संबंध में मिल चुके है और उन्हें कोई भी संतुष्टिपूर्वक जवाब देने को तैयार नहीं है, जिस कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत में ठेके पर 132 कर्मचारी व संविदा पर 31 कर्मचारी तैनात है। वही सफाई कर्मचारियों का कहना है कि अगर आज हमारी सुनवाई नही हुई तो हम सभी सफाई कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठने को बाध्य होंगे अगर बुधवार तक उन्हें वेतन रिलीज ना किया गया तो नगर पंचायत के बाहर भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी सीधे तौर पर नगर पंचायत अध्यक्षता की होगी।

## सुंदरकांड के साथ मौरावां मेले का शुभारंभ

हिलौली, उन्नाव। मौरावां के करीब 200 वर्ष पुराने मेले का श्रीगणेश आज 4 बजे से मौरावां के प्राचीन मेला मैदान पर हो गया। नवरात्र के प्रथम दिन से प्रारंभ होने वाले करीब 200 वर्ष पुराने मेले की आधिकारिक शुरूआत से पूर्व मेला मैदान में आज सुबह करीब 11 बजे से सुंदरकांड पाठ मंडली ने सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय व भक्तिमय पाठ सुनकर भक्त हनुमानजी की भक्ति में डूब गए। इसके पूर्व पंडित प्रमोद मिश्रा ने गणपति जी, राम परिवार एवं हनुमान जी की



विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। सुंदरकांड पाठ के बाद हनुमानजी की आरती हुई तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर विवेक सेठ ने मेले की शुरूआत की घोषणा की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर विवेक सेठ, सभासद अमरनाथ सविता, भाजपा मंडल अध्यक्ष मौरावां विजय गुप्ता, समाजसेवी राजेश चैधरी, सौ बेड हॉस्पिटल सीएमएस रवि अधोरिया, दिनेश विश्वकर्मा, रामराज सिंह, गौरी सिंह, जमुना शंकर तिवारी, अवधेश दीक्षित, अतुल दीक्षित, धर्मेंद्र यादव, राजेश पांडेय, साहित्य शुक्ला, और सुंदरकांड पाठ मंडली के सदस्य प्रदीप चौरसिया, बुद्धि लाल मास्टर, अमन सोनी, शिवम गुप्ता, रजत गुप्ता, मयंक गुप्ता, फंनर शुक्ला, पंकज अवस्थी, शुभम सिंह, सहित कई सैकड़ा लोग उपस्थित रहें।

## व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लहरपुर के तत्वाधान में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू भैया के नेतृत्व में लहरपुर व्यापार मंडल के समस्त व्यापारी बीते लगभग एक माह से अधिक समय से नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर में कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य का विरोध कर रहे हैं।

नगर पालिका ने पक्षपाती रवैया अपनाते हुए नगर के मुख्य मार्ग की बाई और 23 फीट पर नाला निर्माण तथा वहीं दूसरी ओर 26 फीट पर नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके चलते नगर के व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को समस्त व्यापारियों ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू भैया के नेतृत्व में समस्त व्यापारी गुरखेत बाजार पहुंचे। जहां उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की तथा धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका परिषद से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रियाज अहमद और बबलू ने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो यह धरना अनवरत ऐसे ही चलता रहेगा। गौरतलब है कि आखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पूर्व में भी कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सहित उप जिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम को पत्र सौंप कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया लेकिन प्रशासन की ओर से कार्रवाई के नाम पर मात्र आश्वासन ही दिया गया। जिसके फलस्वरूप समस्त व्यापारी अनवरत धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य हो गए। जानकारी मिलते ही एसडीएम आकांक्ष गौतम मौके पर पहुंची और अधिशासी अधिकारी अनूप राय को बिना शटर को तोड़े नाला निर्माण कराए जाने हेतु नगर पालिका प्रशासन को निर्देशित किया। नगर पालिका प्रशासन द्वारा समान दूरी पर ही नाला निर्माण करने के आश्वासन के साथ धरना समाप्त कर दिया गया। जिसके चलते व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। और सभी व्यापारियों ने व्यापार मंडल को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू भैया महामंत्री हरीश रस्तोगी गोलू उपाध्यक्ष हाशिम अंसारी, उस्मान खान सलीम अंसारी, जावेद अंसारी, मोहम्मद रियाज अंसारी, लुकमान, अब्दुल कादिर, सियाराम जायसवाल, हरीश जायसवाल, मोहम्मद रेहान चांद, नीरज रस्तोगी, सरोज कुमार, दीपक रस्तोगी, सहित भारी संख्या में व्यापार मंडल के पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने एलबीडी में सीखी आर्डिनो कोडिंग, सर्किट निर्माण, टाई एंड डाई की गतिविधियां

उन्नाव। दो दिवसीय लर्निंग बाई डूइंग कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को विभिन्न व्यवसायिक दक्षताओं के साथ ही बच्चों के अन्दर वैज्ञानिक क्षमता के विकास के लिए सर्किट निर्माण, रोबोट, विभिन्न प्रकार के सेंसर के प्रयोग को सिखलाए जाने से प्रशिक्षण में रचनात्मकता देखने को मिली।



प्रथम गतिविधि में आर्डिनो की सहायता से ट्रैफिक सिंगनल, स्मार्ट डस्ट बिन, स्ट्रीट लाइट का समय पर चालू और बंद होना, स्मार्ट बोर्ड, स्मार्ट शूज फॉर ब्लाइंड पर्सन का निर्माण करना सिखाया गया। दूसरी गतिविधि बांस का काम और शिल्प हस्तकला और रचनात्मक गतिविधि में बांस का इतिहास, उसकी प्रजातियां, उपयोग के साथ ही विभिन्न सजावटी एवं उपयोगी सामग्री का निर्माण सिखाया गया। तृतीय गतिविधि टाई एंड डाई में प्रशिक्षकों द्वारा कपड़े में विभिन्न रंगों के पैटर्न बनाना सिखाया गया, जिसमें बाँधणी, लहरिया और शिबोरी विधियों का प्रयोग किया गया। चतुर्थ गतिविधि में सेब से जैम एवं जेली निर्माण एवं उसमें सोडियम बेंजोएट के प्रयोग को बतलाया गया। पांचवीं गतिविधि तोड़ फोड़ और जोड़ के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को खोल कर उनकी प्रक्रिया और विज्ञान को समझाने के प्रयास किए गए। इसी के साथ टेररियम के अंतर्गत पौधे का प्राकृतिक परिवेश निर्माण कर उसकी वृद्धि को समझाने के प्रयास हुए। शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ एजीआई, इलेवन लैब्स, स्पीच एम ए के विभिन्न उपयोग समझाए गए। औरास के रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रशिक्षण के समापन अपने उद्बोधन में विद्यालय के सभी शिक्षकों को लर्निंग बाई डूइंग में प्रतिभाग के लिए कहा। साथ ही कहा कि कक्षाओं के बड़े पाठ्यक्रम को कुछ कम करके एलबीडी लैब में अधिक समय और अधिक लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

उन्नाव डाइट प्रवक्ता राजीव शुक्ला और दिनेश कुमार ने प्रशिक्षण को लाभकारी और व्यवस्थित बताया। डीसी रुचि मिश्र ने सभी शिक्षकों से उनके द्वारा बनाए जा रहे प्रोजेक्ट की सूची लेकर उनके निरीक्षण को कहा। राज्य संदर्भदाता प्रशांत दुबे ने बिछिया के इछौली और औरास के रामपुर में चल रही एलबीडी लैब को आदर्श बतलाया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों में प्रदीप कुमार वर्मा, हरि ओम प्रताप, गंगारतन, परमजीत सिंह, रणविजय, अवनींद्र, किशन सिंह, सुनील, अनामिका, प्राप्ति, तूलिका, विभा आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों में प्रशांत दुबे, हर्षित शुक्ला, नवल किशोर, प्रेमलता, स्नेहलता, तुषार, राजेन्द्र, रंजीत, लक्की, मोव कासिम, अभय प्रताप, आकाश, विनोद आदि ने दो दिवसीय लर्निंग बाई डूइंग प्रशिक्षण में शिक्षकों को अनेकों गतिविधियों के साथ ही व्यावसायिक दक्षताओं का ज्ञान करवाया। प्रशिक्षण के समापन पर सभी को प्रशिक्षकों, डाइट प्रवक्ताओं एवं डीसी द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

संक्षेप

## चचेरे भाइयों में मारपीट

ललितपुर। थाना मड़ावरा के ग्राम रजौला निवासी मनीराम लोधी पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 20 सितम्बर को अपराह्न 2 बजे उसके पिता रघुवीर सिंह, मां जानकी व भाई थानसिंह को परिवार के हीरा पुत्र मलखान, जवार व भुजबल पुत्रगण हीरा लोधी ने जमीनी विवाद को लेकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मोटर साइकिल चोरी

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां निवासी अनुज पुत्र हरदेव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 20 सितम्बर की रात करीब 10 बजे वह जिला अस्पताल की पार्किंग में अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 वाई 0946 को खड़ा कर अस्पताल के अंदर भर्ती उसके पिता हरदेव के पास चला गया। अगली सुबह 21 सितम्बर को जब वह बाहर आया तो उसने देखा कि अज्ञात चोर उसकी मोटर साइकिल चोरी कर ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## शामिल खेती की पूरी फसल रखकर धमकाने का आरोप

ललितपुर। थाना गिरार के ग्राम हनुमतगढ़ में रहने वाले पप्पू पुत्र मोहन अहिरवार ने थाना मड़ावरा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने ग्राम पिसनारी में अपने दामाद के साथ शामिल खेती की थी। लेकिन दामाद ने उसकी उड़द की पूरी फसल रख ली। जब उसने 15 सितम्बर को हिसाब करने की बात कही तो दामाद अजित पुत्र भूरे ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## चांदनी किन्नर के घर से बैग चोरी

ललितपुर। महरौनी के ग्राम कुआघोषी में रहने वाली चांदनी किन्नर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 21 सितम्बर की रात करीब 2 बजे वह घर के अन्दर सो रही थी और उसकी गुरू मुनी किन्नर जो कि बीमार है, वह बाहर तखत पर सो रही थी। पास में देखरेख के लिए उसका साथी कमलेश किन्नर भी चारपाई पर सो रही थी। कमलेश किन्नर अपना छोटा बैग चारपाई पर सिर के पास रखकर सो रहा थी। आरोप है कि अज्ञात चोर कमलेश किन्नर का बैग चोरी कर ले गया है। उक्त छोटे बैग में आधार कार्ड, गाड़ी की चाबी व दो मोबाइल फोन और 5 हजार रुपये भी रखे थे। पुलिस ने चांदनी किन्नर की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## चार सौ लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने ग्राम चीरा में, थाना पूराकलां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उगरपुरा, थाना मड़ावरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तिसगना आदि में दबिश के दौरान 404 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर मौके पर करीब 6700 लीटर लहन नष्ट कर, 13 नफर अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही गई।

## फार्म हाउस में घुसकर मारपीट

ललितपुर। भरतपुरा हाउस के पास आजादपुरा निवासी मयंक यादव पुत्र महेन्द्र यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 21 सितम्बर को वह अपने स्पा सेंटर के पीछे स्थित फार्म हाउस पर था, तभी तालाबपुरा निवासी गुल्लू यादव, तुवन मंदिर के पीछे निवासी रौनक यादव, अटल विद्या मंदिर के पास आजादपुरा निवासी रोहित पटैरिया पुत्र भगवान स्वरूप अपने एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ उसके फार्म हाउस पर पहुंचे। आरोप है कि उक्त लोग शराब के नशे में धुत्त होकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

# राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार से सम्मानित हुई नपाप ललितपुर

### तत्कालीन डीएम, एडीएम व ईओ ने आंध प्रदेश में ग्रहण किया पुरूस्कार




**ललितपुर।** आंध प्रदेश के विशाखापट्नम में भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद ललितपुर के स्वच्छ भविष्य ललितपुर, उत्तर प्रदेश में सतत विकास हेतु स्मार्ट अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ललितपुर को राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) से सम्मानित किया गया है। बताते चलें कि राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) के लिए ललितपुर को प्रदेश में सतत विकास हेतु स्मार्ट अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चयनित किया गया है, जिसमें तत्कालीन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, एमडी ब्रजेश कुमार को पुरस्कार हेतु नामित किया गया है। आंध प्रदेश के जिला विशाखापट्नम में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा श्रेणी-राष्ट्रीय ई-गव पुरस्कार, प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार, अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा प्रदान किए गए पुरस्कारों जैसी सफल राष्ट्रीय स्तर की पुरस्कृत परियोजनाओं की पुनरावृत्ति और उनके विचार के लिए नगर पालिका परिषद, ललितपुर उत्तर प्रदेश को स्वच्छ भविष्य ललितपुर, उत्तर प्रदेश में सतत विकास हेतु स्मार्ट अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर पालिका परिषद, ललितपुर को राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) से सम्मानित किया गया है। तत्कालीन डीएम अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विकास व शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है, जिसका नतीजा यह रहा कि आज जिले को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) से सम्मानित किया गया है। नगर पालिका परिषद, ललितपुर को आंधप्रदेश के विशाखापट्नम में राष्ट्रीय-ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 (जूरी) से पुरस्कृत किये जाने पर जिले में खुशी की लहर है।

# श्री लक्ष्मी नरसिंह रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ



ललितपुर। नगर के ऐतिहासिक श्रीलक्ष्मी नरसिंह मंदिर तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित 56वें रामलीला महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। भव्य समारोह का प्रारंभ मंदिर के महंत गंगादास जी महाराज ने श्री गणेश व रामायण पूजन के साथ किया। मंचासीन अतिथियों में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, पुलिस अधीक्षक मो.मुस्ताक, सीडीओ शेषनाथ चैहान तथा अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। महंत गंगादासजी ने कहा कि रामलीला का मंचन केवल मनोरंजन नहीं, अपितु यह हमारे जीवन में मयार्दा, त्याग, संयम और धर्म की राह दिखाता है। प्रभु श्रीराम का पावन चरित्र समाज में एकजुटता और नैतिक मूल्यों की स्थापना का संदेश देता है। सदर विधायक ने कहा कि नगर में लगातार 56 वर्षों से रामलीला महोत्सव का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन जन-जन तक मयार्दा पुरुषोत्तम के आदर्शों को पहुँचाने का पुण्य कार्य है। एसपी ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशासन एवं पुलिस महोत्सव की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग देंगे। सीडीओ ने कहा कि श्रीराम का चरित्र भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जिससे हर आयु वर्ग के लोगों को प्रेरणा मिलती है। शुभारंभ के पश्चात वृंदावन से आए कलाकारों ने गणेश व रामायण आरती से कार्यक्रम का प्रारंभ किया और तत्पश्चात नारद मोह प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया। इस दौरान राधेश्याम महाराज, जगतगुरू डा.कृष्ण गिरि महाराज, डा.ओमप्रकाश शास्त्री, रामेश्वर प्रसाद, प्रदीप चैबे, बब्बू राजा, रमेश लोधी, सीओ अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, सदर चैकी प्रभारी प्रशांत राणा, वी.के.सरदार रंजीत बुन्देला सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## रामलीला मंचन, नारद मोह लीला देख दर्शक हर्षित



बांदा। तिंदवारी कस्बे में रामलीला मंचन का शुभारंभ कमेटी पदाधिकारियों के विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणेश पूजन के साथ हुआ। 12 दिनों तक चलने वाली रामलीला का मंचन कलाकारों ने नारद मोह लीला से शुरू किया। नारद मोह लीला का सजीव मंचन देखकर दर्शक हर्षित हो उठे। मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि नारद तपस्या करने बैठ जाते हैं, उनकी घोर तपस्या से राजा इंद्र का सिंघासन हिलने लगता है, तब उन्हे चिंता सताने लगती है। इंद्रदेव नारद की तपस्या भंग करने के लिए सुन्दर अप्सराओं को भेजते हैं, पर वह अप्सराएं नारद की तपस्या को भंग नही कर पातीं। इसके बाद वह कामदेव को नारद की तपस्या भंग करने के लिए भेजते हैं, पर कामदेव हर जतन करने के बाद भी तपस्या को भंग नही कर पाते, तब नारद को इस बात का घमंड हो जाता है। नारद के इस घमंड को चूर करने के लिए भगवान विष्णु शीलनगरी का निर्माण करते हैं और वहां का राजा शीलनिधि को बनाते हैं, उनकी पुत्री के विवाह का आयोजन कराते हैं। नारद भी वहां पहुंचते हैं, नारद भगवान विष्णु के पास पहुंचकर कहते हैं कि प्रभु एक दिन के लिए आप मुझे हरि का स्वरूप दे दो। भगवान विष्णु नारद के घमंड को चूर करने के लिए हरि अर्थात वानर का स्वरूप दे देते हैं। नारद जब उसी स्वरूप के साथ शीलनगरी पहुंचते हैं तब वहां उनका उपहास उड़ाया जाता है, तब नारद वापस आ जाते हैं। इस प्रकार भगवान विष्णु नारद का घमंड चूर कर देते हैं। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष अनिल लखेरा, महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता, मुख्य सचेतक हरवंश श्रीवास्तव, उप प्रबंधक धीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष नमन कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता किशुन, संतोष गुप्ता, डी डी गुप्ता, निखिल गुप्ता, अथर्व गुप्ता मौजूद रहे।

## सीओ सिटी का छात्राओं के साथ शक्ति संवाद



बांदा। महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को लेकर शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने शहर के आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की छात्राओं के साथ ह्लशक्ति संवादह्व किया। इस दौरान छात्राओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा संबंधी प्रावधानों एवं महिला हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से जोड़ते हुए जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया, छात्राओं से उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस की विभिन्न पहलों के बारे में प्रश्न पूछा गया जिसके संबंध में मिशन शक्ति टीम ने विस्तृत जानकारी दी तथा पम्प्लेट भी वितरित किए। छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े सभी कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई। शक्ति संवाद के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम गुप्ता, थानाध्यक्ष महिला मोनी निषाद, विद्यालय की शिक्षिकाएं, कोतवाली नगर एवं महिला थाना मिशन शक्ति टीम उपस्थित रही।

# स्वच्छता सिर्फ जिम्मेदारी नहीं हमारा कर्तव्य भी: प्राचार्य

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शिक्षकों एवं स्वयं सेवकों ने जागरूकता पखवाड़ा का सफल आयोजन किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में स्वच्छता के महत्व को समझाना और स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाना है। प्राचार्य प्रो.डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। एनएसएस नोडल अधिकारी डा.ओ.पी. चैधरी ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन का आधार है। पखवाड़े की शुरूआत श्रमदान के साथ हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छ भारत -स्वस्थ भारत जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया। इसके बाद कॉलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। शुभारम्भ वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय अभियान है। जिसका उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना और महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करना है। सभी एनएसएस के स्वयं सेवक, सेविकाओं को शपथ दिलाई कि मैं न गदंगी करूंगा और न किसी को करने देंगें। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ व्यक्ति ही स्वच्छ समाज का निमार्ता है। कार्यक्रम अधिकारी अनीता ने कहा कि स्वच्छता एवं सतर्कता से हम अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। संचालन कार्यक्रम अधिकारी ईकाई 4 के मनीष वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक इस अभियान के सच्चे प्रेरणास्त्रोत हैं। आभार कार्यक्रम अधिकारी डा.वर्षा साहू ने जताते हुये कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सदैव सामाजिक उत्थान एवं जन-जागरूकता हेतु कार्य करता रहेगा। इस दौरान डा.एच.सी.दीक्षित, डा.गिरेंद्र सिंह एवं इं.बिपिन कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस प्रताड़ना से पिता की आत्महत्या एक त्रासदी

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल पीड़ित परिवार से मिला

ललितपुर। रबर मोहर बनाने वाले व्यापारी लक्ष्मीनारायण राठौर की आत्महत्या और उसके पुत्र शिवम राठौर को बजाज फाइनेंस कम्पनी में धोखाधड़ी के मामले में जेल भेजा गया है। इस मामले को लेकर मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मण्डल ललितपुर पहुंचा, जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल ने पीड़ित परिवार की आपबीती भी सुनी और इसके बाद जिलाधिकारी अमनदीप डुली से भी वार्ता की। इस गंभीर मामले की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने हेतु उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय की अनुशंसा पर कांग्रेसजनों का एक प्रतिनिधि मंडल मृतक के परिवार से मिला, उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही स्थानीय प्रशासन से तत्काल दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की।



कांग्रेसियों ने कहा कि ललितपुर की यह घटना प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। आरोप है कि पुलिस की प्रताड ?ा से मजबूर पिता की आत्महत्या सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विफलता है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री भारत सरकार प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व विधायक बृजेन्द्र व्यास, निवर्तमान महासचिव राहुल रिछारिया, को-ऑडीर्नेटर मुकुट सिंह, एआईसीसी सदस्य मनीराम कुशवाहा, ललितपुर जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष झांसी योगेन्द्र सिंह पारीछा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नेहा तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल, महासचिव इमरान खां, संगठन प्रभारी ललितपुर रामनरेश दुबे, पूर्व प्रदेश सचिव जयपाल सिंह, मकरंद किलेदार विक्की, शैलेष सिंह तालबेहट के अलावा शशि राजा बुन्देला शामिल रहे।

## खाद की 7 दुकानों के लाइसेंस निलंबित, 2 को नोटिस



बांदा। जिले में खरीफ और रबी फसलों की बुवाई के लिए यूरिया व डी०ए०पी० का वितरण सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से किया जा रहा है। किसानों को उर्वरक सही दाम पर मिलें इसके लिये जिला प्रशासन कड़ी निगाह रखे हुए है। बीते दिनों तहसील प्रशासन एवं जिला कृषि अधिकारी की लगातार की गयी छापेमारी से कई दुकानदारों की गड़बड़ी पकड़ी गयी है और इनके विरूद्ध कार्यवाही भी की गयी है। जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि किसानों को उनकी जोत से अधिक उर्वरक देने के कारण बजरंग खाद बीज भण्डार डिंगवाही, जय माँ जगदम्बे खाद बीज भण्डार खुरहण्ड एवं संगीता खाद बीज भण्डार बाकरगंज का लाइसेंस निलंबित किया गया है। लाला घनश्याम खाद भण्डार बदौसा की दुकान में बोर्ड स्टॉक एवं रेटबोर्ड तथा स्टॉक वितरण रजिस्टर न दिखाने एवं बिना पॉश मशीन के उर्वरक बिक्री करने की वजह से लाइसेंस निरस्त किया गया है। नरसिंह खाद बीज भण्डार महुआ के निरीक्षण में मिली कमियों के कारण लाइसेंस निलंबित किया गया है। इसी प्रकार बबेरू में पॉश मशीन एवं भौतिक रूप से स्टॉक मिलान में भिन्नता, अंजली कृषि खाद बीज भण्डार टोलाकाजी बबेरू एवं राज खाद बीज भण्डार बबेरू का लाइसेंस निलंबित किया गया है। निरीक्षण के दिन दुकान बन्द होने के कारण गौरव खाद, बीज भण्डार, साहू कृषि रक्षा केन्द्र, बीज भण्डार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बबेरू में शिवहरे खाद, बीज भण्डार, महादेव ट्रेडस खान कृषि सेवा केन्द्र, अग्रहरि एग्रो एजेन्सी स्टॉक का मिलान किया गया। उन्होने बताया कि निजी क्षेत्र एवं सहकारिता के जरिए 22 व 23 सितम्बर को लगभग 850 मी०टन डी०ए०पी० एवं 140 मी०टन यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माँग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। थोक, फुटकर विक्रेता, सहकारी समितियां यदि ओवर रेटिंग, जमाखोरी, कालाबाजारी करती हैं तो कड़ी कार्रवाई होगी।

# चिकित्सालय प्रशासन वायदे से मुकरा तो होगा बड़ा आंदोलन: घनश्याम वर्मा



अयोध्या। मरीजों,जनता, किसानों की समस्याओं को लेकर के भारतीय किसान यूनियन द्वारा मंडलीय चिकित्सालय/ राजर्षि दशरथ राज्य मेडिकल कालेज पर किसान महापंचायत का ऐलान किया गया था। परंतु चिकित्सालय प्रशासन के प्रस्ताव पर किसान महापंचायत ना करके चिकित्सालय के सभाकक्ष में चिकित्सकों तथा किसानों के बीच में संवाद करके समस्याओं का समाधान कराया गया प्राचार्य डा0 सत्यजीत वर्मा ने आश्वस्त किया कि किसानों की एक-एक समस्याओं का समाधान करेंगे। दोपहर 12बजे मंडलीय चिकित्सालय के सभाकक्ष में किसानों तथा चिकित्सकों की लंबी वार्ता/ मीटिंग में एक-एक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करके समाधान निकाला गया प्राचार्य डॉ0 सत्यजीत वर्मा अपने चिकित्सकों की टीम के साथ बैठक में उपस्थित रहकर एक- एक समस्याओं का समाधान किया, प्राचार्य ने कहा कि किसी भी मरीज/ जनता को ना तो बाहर से दवा लेनी पड़ेगी और ना ही किसी प्रकार की जांच बाहर से कराना होगा, सभी डाक्टर नियमित समय से बैठकर मरीज को देखेंगे और सही सलाह देंगे चिकित्सालय के डाक्टर, वार्ड बाय ब्वाय, कर्मचारी के व्यवहार जनता के प्रति ठीक ना होने के सवाल पर प्राचार्य सत्यजीत वर्मा ने कहा कि डॉक्टर जेपी तिवारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है कि चिकित्सालय के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करके कि मरीज व जनता से सही व्यवहार करें। दलालों पर अंकुश लगाने के सवाल पर प्राचार्य ने कहा कि अस्पताल में 150सी सी कैमरे लगाए गए हैं टीम भी गठित की गई है दलाल चिन्हित होने पर उनके विरुद्ध करवाई की जाएगी। इमरजेंसी डाक्टर का ड्यूटी चार्ट नाम तथा मोबाइल नंबर सहित डिस्प्ले होता रहेगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि चिकित्सालय प्रशासन व किसानों के बीच बहुत ही सौहार्द पूर्ण वार्ता हुई है आस जगी है कि चिकित्सालय प्रशासन मरीजों/ जनता के प्रति सही व्यवहार करते रहेंगे घनश्याम वर्मा ने चिकित्सालय प्रशासन को चेतावनी दिया है कि यदि मरीज व जनता के प्रति चिकित्सालय प्रशासन का व्यवहार में सुधार न हुआ, भ्रष्टाचार दूर ना हुआ, डॉक्टरों की लापरवाही वन्द ना हुई, दलालों के प्रवेश पर रोक ना लगाया गया तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# प्रेमी युगल की निषाद समाज के अध्यक्ष श्यामलाल ने करायी शादी



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आई है। यहां कल घर से दो प्रेमी जोड़े भाग निकले। दोनों प्रेमी जोड़े निषाद समाज से आते हैं जिसकी सूचना पलिया पार्षद रामशंकर ने निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद को दी सूचना मिलते ही निषाद समाज अध्यक्ष श्यामलाल निषाद और पुलिस ने दोनों के परिवारों को थाने बुलाया फिर समझा बुझाकर प्रेमी जोड़े की थाना परिसर के बगल स्थित मा पाटेश्वरी देवी के मंदिर से विधि-विधान से शादी कराई। यह शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। कई लोग निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद और पुलिस के इस सरहानीय कदम की बढ़ाई करते नहीं थक रहे हैं। कहते हैं कि लड़के और लड़की का रिश्ता तो भगवान उनके जन्म के पहले ही तय कर देता है। इस कहावत को सही सबित कर रही है अयोध्या में हुई प्रेमी जोड़े की शादी. दरअसल, अयोध्या के अलग-अलग गांव के रहने वाले दो प्रेमी प्रेमिका आपस में प्यार करते थे घर वालों के डर से शादी के लिए नहीं कह पाए अंत में दोनों नें निर्णय लिया कि भाग कर ही शादी करते हैं लेकिन अयोध्या में ही कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी जहां अयोध्या कोतवाली की पुलिस ने दोनों प्रेमी जोड़े को थाना कैंट पुलिस के हवाले कर दिया जहां थाना प्रभारी ने दोनों के परिजनों को बुलाकर आपसी सहमति से दोनों की शादी कराई निषाद समाज का होने के नाते निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद ने भी मंदिर पहुंचकर चुनरी और अन्य शादी की सामग्रियां लेकर सकुशल प्रेमी जोड़े की शादी कराई।

## दुर्गा पूजा समिति की डीएम, एसपी के साथ बैठक



बांदा। केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति की पुलिस लाइन में बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने दुर्गा पूजा के दौरान जल संस्थान अभियंता को पेयजल आपूर्ति, रोस्टर में सुधार कर जलापूर्ति के निर्देश दिए। उन्होने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि दुर्गा पूजा के समय रात में विद्युत की कटौती न की जाए। डीएम ने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण को विसर्जन स्थल एवं सड़कों की मरम्मत फौरी तौर पर कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने केन्द्रीय दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों से कहा कि दुर्गा पूजा और दशहरा मिलजुल कर आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। कहा कि कमेटी के सदस्यों की किसी भी समस्या के निदान के लिए जिला प्रशासन हमेशा तैयार है तथा सभी का सहयोग त्योहारों पर जरूरी है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कहा कि दुर्गा पूजा, दशहरा का त्योहार मिलजुल कर मनाएं। उन्होने पुलिस अधिकारियों को त्योहारों के दौरान संवेदनशीलता के साथ काम करने के निर्देश दिए। एसपी ने कमेटी सदस्यों से कहा कि विसर्जन के दौरान पर्याप्त सतर्कता बरतें और दुर्गा पूजा के दौरान डीजे तेज आवाज में न बनाएं। रात 10 बजे के बाद डीजे न बजाया जाए। कहा कि पंडालों पर कमेटी सदस्य वालेंटियर के रूप में अवश्य रहें और जरूरत पर प्रशासन की मदद करें। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत, उप जिलाधिकारी नमन मेहता, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, अन्य अधिकारी, केन्द्रीय कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# एबीवीपी ने सीट वृद्धि को सौंपा ज्ञापन



बांदा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में सीट बढ़ाए जाने को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि शीघ्र सीटें नही बढ़ाई गयीं तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगा। कहा कि महाविद्यालय में सीटों की कम संख्या होने के कारण तमाम छात्र-छात्राएं एडमीशन से वंचित हो जाएंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थी परिषद नेताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में नगर मंत्री श्लोक द्विवेदी, विभाग छात्रा प्रमुख आयुषी त्रिपाठी, पूर्व विभाग संयोजक नितीश निगम, तहसील संयोजक सुभाष त्रिपाठी, अभय साहू, आशीष अवस्थी, विवेक यादव, विकास सिंह, राज द्विवेदी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। विद्यार्थी परिषद ने कहा कि छात्र हितों को लेकर संगठन प्रतिबद्ध है। छात्रों के साथ संगठन मनमानी बर्दास्त नही करेगा।

# सांकेतिक भाषा दिवस पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित

महोबा। अन्तर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की उपस्थित में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को मूक बधिर प्रशिक्षकों द्वारा सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल को सांकेतिक भाषा की बारीकियों से परिचित कराना और मूक बधिर नागरिकों से संवाद की क्षमता विकसित करना है, ताकि जरूरतमंदों की सहायता करने में किसी प्रकार की संचार बाधा न रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यह प्रशिक्षण पुलिस कर्मियों को संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक




महत्वपूर्ण कदम है। इससे पुलिस जनसंपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा तथा विशेष रूप से दिव्यांगजन को सुरक्षा एवं सहयोग प्रदान करने में सुगमता होगी। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया और समाज में समावेशिता एवं समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अन्त में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी मूक बधिर प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# ट्रंप से कोई उम्मीद न करें

अमेरिका सही मायने में एक ऐसे गैर-जिम्मेदार व्यक्ति के हवाले हो गया है, जो अपने फैसलों में अमेरिकी लोगों के हितों को ध्यान में रखने के बजाय सनक में फैसला करता है। ऊल-जलूल फैसले लेना, नोबेल पुरस्कार के लिए दिन भर झूठ बोलना, आतंकियों को भी ग्रेट बताना, युद्ध विराम की संख्या गिनाने के लिए बिना युद्ध वाले देशों में शांति समझौता करा देना, ऐसी हरकतें जब अमरीका जैसे महान देश का राष्ट्रपति करता है, तो दुनिया उस पर हंसती है। अमरीका की हालत आज क्या हो गयी है? एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था में कभी अमरीका खुद को दुनिया का पुलिसमैन समझता था और काफी हद तक था भी। लेकिन आज उसकी स्थिति ऐसी हो गयी है कि तालिबान से लेकर ईरान तक धमकियां देते हैं। इजराइल अपनी मनमानी करता है और यूरोपीय देश अमरीकी आपत्तियों को नजर अंदाज कर अपने कूटनीतिक फैसले करते हैं। यह सब हुआ है ट्रंप जैसे अस्थिर व्यक्ति के राष्ट्रपति बनने से। ट्रंप अभी करीब 40 महीने राष्ट्रपति रहेंगे और तब वह अमरीका को इतना नीचे पहुंचा देंगे कि वह कभी भी अपनी पुरानी स्थिति तक नहीं पहुंच पायेंगे। बहरहाल यह स्थिति भारत के लिए भी बड़ा अवसर है। अगर अमरीका गिरेगा तो उसकी जगह लेने के लिए दूसरे देश के सामने मौके भी तो होंगे। ऐसे भारत को ट्रंप की वीजा और टैरिफ धमकियों के सामने झुकने के बजाय अब जवाब देना चाहिए और अपनी अंतर्निहित क्षमताओं को पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए। इससे ही भारत महान बनेगा। अमरीका के सामने कमजोर कूटनीति से अगर कोई लाभ मिल भी जाये तो उससे देश का भला होने वाला नहीं है उलटे छवि को नुकसान पहुंचेगा। इसलिए ट्रंप से कोई उम्मीद नहीं करनी चाहिए। बेहतर होगा कि अब भारत अगले 40 महीनों तक अमरीका से संबंध सुधारने के बजाय ट्रंप का कार्यकाल पास होने का इंतजार करे। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में यह जता दिया है कि वह बिना किसी सार्वजनिक चर्चा या पूर्व सूचना के बड़े निर्णय लेने के लिए तैयार रहते हैं। एच-1बी वीजा के लिए फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर तक करने के उनके निर्णय के साथ भी लगभग यही बात लागू होती है। ट्रंप के इस फैसले ने उन लोगों के मन में कुछ हद तक चिंता बढ़ा दी जिनके पास इस समय एच-1बी वीजा है। उनके फैसलों से अफरा-तफरी मची। हालांकि, व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि नया एच-1 बी वीजा फीस केवल नये आवेदकों पर ही लागू होगा। मगर इस बात का कतई भरोसा नहीं किया जा सकता कि अमेरिकी सरकार इस आश्वासन पर कायम रहेगी। हालांकि, मौजूदा एच-1बी वीजा धारकों को निश्चित रूप से कुछ हद तक राहत महसूस होगी। एच-1बी वीजा पर पर ट्रंप का निर्णय यह भी दर्शाता है कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में अत्यधिक अति वादी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप के इस निर्णय पर भारतीय अधिकारियों ने साहसिक रुख अख्तियार किया है। उन्हें लगता है कि भारत के अपने तकनीकी एवं स्टार्टअप क्षेत्र बड़ी संख्या में प्रतिभावान लोगों को अपने साथ जोड़ सकते हैं मगर इस बात को लेकर भी संदेह नहीं कि भारत की कई सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। अमेरिका जितने एच-1 बी वीजा जारी करता है उनमें लगभग 70 फीसदी भारतीयों को मिलते हैं और कुछ खबरों के अनुसार एच-1बी लॉटरी में लगभग आधे स्लॉट आउटसोर्सिंग या स्टाफिंग कंपनियों द्वारा झटक लिए जाते हैं। उनके लिए स्वाभाविक रूप से यह एक बड़ा झटका होगा। बहरहाल अब भारत के युवाओं को फिलहाल अमरीकी सपने पर ब्रेक लगाना चाहिए और सरकार को भी नियमों, कानूनों का झमेला खत्म कर युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वास्तव में विकसित भारत का सपना साकार हो सके।



डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में जो सनक भरे फैसले लिए जा रहे हैं, उससे भविष्य में अमरीका की कूटनीतिक हैसियत घटेगी.

# खेल के मैदान में पाक खिलाड़ियों की अभद्रता

नरेंद शर्मा

> पाकिस्तान की वर्तमान टीम बहुत ही कमजोर है, लेकिन उसमें जो इस समय खिलाड़ी खेल रहे हैं, उनकी बदतमीजियां अपने चरम पर हैं। दरअसल, वह मैदान में क्रिकेट नहीं बल्कि कुछ और ही खेल खेल रहे हैं। उनकी हरकतें बता रही हैं कि दशकों के सैन्यीकरण व आतंकवाद ने उनके मनोविज्ञान पर बहुत गहरा नकारात्मक प्रभाव डाला है, जैसा कि सुपर-4 के मैच में अर्द्धशतक लगाने के बाद साहिबजादा फरहान के 'गन जश्न' से स्पष्ट है।

भारत के टी-20 कप्तान सूर्य कुमार यादव ने क्रिकेट प्रेमियों व विशेषज्ञों से आग्रह किया है कि वह भारत व पाकिस्तान के मैचों को 'प्रतिद्वंदिता' कहना बंद कर दें क्योंकि यह 'नो-कांटेस्ट' (बराबरी का मुकाबला न होना) हैं। सूर्य की बात एकदम सही है, क्योंकि अब भारत व पाकिस्तान के मैचों में पहला सा रोमांच व टक्कर है ही नहीं। भारत बहुत ही मजबूत टीम है और पाकिस्तान इतनी कमजोर टीम है कि आईसीसी के एसोसिएट सदस्यों से भी उसे जूझना पड़ता है। भारत निरंतर एकतरफा जीत दर्ज कर रहा है, जैसा कि एशिया कप में अभी तक दोनों टीमों के बीच हुए दोनों मैचों से जाहिर है। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का कहना है कि पाकिस्तान की वर्तमान टीम को देखकर दुःख होता, उनके मैच देखने का भी दिल नहीं करता, जबकि 'एक जमाने में मैं विशेष रूप से हनीफ मुहम्मद, इमरान खान आदि को खेलते हुए देखना पसंद करता था'। इसी कड़ी में भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान का कहना है कि पाकिस्तान की वर्तमान टीम को आईपीएल की कोई भी टीम हरा देगी।

निश्चितरूप से पाकिस्तान की वर्तमान टीम बहुत ही कमजोर है, लेकिन उसमें जो इस समय खिलाड़ी खेल रहे हैं, उनकी बदतमीजियां अपने चरम पर हैं। दरअसल, वह मैदान में क्रिकेट नहीं बल्कि कुछ और ही खेल खेल रहे हैं। उनकी हरकतें बता रही हैं कि दशकों के सैन्यकरण व आतंकवाद ने उनके मनोविज्ञान पर बहुत गहरा नकारात्मक प्रभाव डाला है, जैसा कि सुपर-4 के मैच में अर्द्धशतक लगाने के बाद साहिबजादा फरहान के 'गन जश्न' से स्पष्ट है। यह सही है कि कोई व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल करने के बाद हर खिलाड़ी का जश्न मनाने का अपना अंदाज होता है, जो दर्शकों को अच्छा भी लगता है, जैसे रविन्द्र जडेजा अर्द्धशतक या शतक लगाने के बाद अपने बल्ले को तलवार की तरह घुमाते हैं। लेकिन फरहान का 'गन जश्न' तो बहुत ही वीभत्स था, विशेषकर इस पृष्ठभूमि को मद्देनजर रखते हुए कि पहलगाम व ऑपरेशन सिंदूर के बाद हालात इतने तनावपूर्ण हैं कि ग्रुप मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से परम्परागत हाथ मिलाने से भी इंकार कर दिया था और अगर आईसीसी की प्रतियोगिता न होती तो भारत पाकिस्तान के खिलाफ मैच भी न खेलता।



## हार के अवसाद से ग्रस्त हैं पाकिस्तानी

संस्कृति लेखक माइक मार्की उन दुर्लभ अमेरिकियों में से हैं, जो क्रिकेट देखना पसंद करते हैं और उस पर लिखते भी हैं। उन्होंने एक बार भारत व पाकिस्तान के मैच को 'शूटिंग रहित युद्ध' कहा था। उन्होंने 1996 के ओडीआई विश्व कप पर अपनी पुस्तक का शीर्षक भी यही रखा था- 'वॉर माइनस द शूटिंग'। ध्यान रहे कि नब्बे के दशक तक सीमा पार से आतंक ने गहरी जड़ें पकड़ ली थीं और दोनों पड़ोसी देशों के बीच विश्वास का अभाव था। लेकिन दोनों के बीच अंतिम युद्ध 25 साल पहले 1971 में हुआ था, इसलिए पुस्तक का शीर्षक प्रतीकात्मक था, जिसका सकारात्मक अंदाज में यह बताना था कि भारत व पाकिस्तान के क्रिकेट मैच रोमांच व जोश से भरे होते हैं और मुकाबला बराबर का व कड़ा होता है। बहरहाल, 21 सितम्बर 2025 के मैच में शब्द 'शूटिंग' ने अति वीभत्स रूप धारण किया, जो पूर्णतः नकारात्मकता से भरा हुआ था। फरहान ने भारतीय दर्शकों की ओर काल्पनिक गन का रुख करते हुए अपने अर्द्धशतक का जश्न मनाया।

इसके थोड़ी देर बाद पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रौफ ने विकेट लेने के बाद ऐसी नकल उतारी जैसे वह हवाईजहाज को शूट कर रहे हों और फिर उन्होंने 6-0 का संकेत किया, जिसका संदर्भ उन अपुष्ट खबरों की ओर था कि इस साल मई में जो दोनों देशों के बीच चार दिन का सैन्य टकराव हुआ उसमें छह राफेल जहाज गिराये गये थे। प्रतीकात्मकता, लेकिन स्पष्टता के साथ, उस दिन दुबई में क्रिकेट नहीं बल्कि कुछ और खेल खेला जा रहा था। भारतीय क्रिकेटरों ने भी अपना संयम खो दिया। गेंद कहां गई है यह बताने के लिए गालियों का प्रयोग किया गया, जोकि अमूमन सीमा के पार जा रही थी। अतीत में भी खिलाड़ियों ने काल्पनिक गन सलूट से जश्न मनाया है। दर्शकों के उकसाने पर अत्यधिक आपत्तिजनक हरकतें भी की हैं। लेकिन 21 सितम्बर की भाषा तो एकदम अलग थी। ये हरकतें बता रही हैं कि मई का सैन्य टकराव उनकी यादों व मनोविज्ञान में बहुत गहराई तक प्रवेश कर गया है।

सोशल मीडिया पर 'मिल्ली क्रॉनिकल' के संस्थापक जबक तनवीर ने बताया कि फरहान की हरकत गहरी समस्या को प्रतिविम्बित कर रही है। उन्होंने लिखा, 'दशकों के सैन्यकरण व अतिवाद ने सुनिश्चित किया है कि हिंसा का संस्कृति के रूप में महिमामंडन किया जाये।' अफसोसनाक है कि 22 सितम्बर को पाकिस्तान की अंडर-17 फुटबॉल टीम ने भारत के विरुद्ध खेलते हुए रौफ की बेशर्म हरकत को दोहराया। एशिया कप, जो अब खेला जा रहा है, अप्रैल में पहलगाम नरसंहार के बाद दोनों देशों के बीच पहला क्रिकेट मुकाबला है और यह शुरू से ही विवादित रहा है, जिसमें वेन्यू का चयन भी शामिल है। पहले गेम में पाकिस्तान को बुरी तरह से पराजित करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने हाथ नहीं मिलाये। मैच के बाद पुरस्कार वितरण के दौरान कप्तान सूर्य ने पहलगाम नरसंहार के पीड़ितों व उनके परिवारों को याद किया। उससे पहले पाकिस्तान के आल-राउंडर फहीम अशरफ ने ऑपरेशन सिंदूर का मखौल उड़ाते हुए सोशल मीडिया पर निंदनीय पोस्ट डाली थी। इन दोनों मैचों से दो स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। एक, स्टेडियम में अब पहले की तरह दर्शक भारत व पाकिस्तान के मैच देखने के लिए नहीं आ रहे हैं, जिनमें अब अधिकतर नकारात्मक भावनाएं भर गई हैं। दूसरा यह कि पाकिस्तान की टीम इतनी कमजोर हो गई है कि उस पर जीत दर्ज करके अब पहली जैसी खुशी नहीं होती है, विशेषकर इसलिए कि मैच निरंतर एकतरफा हो रहे हैं। कोई मुकाबला ही नहीं है। सुपर-4 के मैच में भारत ने पांच कैच छोड़े, जिनमें से चार पहले आठ ओवर में थे, इसके बावजूद उसने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया।

मैच शुरू होने से पहले ही सबको मालूम था कि भारत आसान व एकतरफा जीत दर्ज करेगा। इसलिए विजय के बाद भी भारतीय क्रिकेट प्रेमियों ने पटाखे नहीं फोड़े, उन्हें दीवाली के लिए सुरक्षित रखा। टीमों के खेल स्तर में उतार-चढ़ाव का आना स्वभाविक है। क्लाइव लायड के जमाने की वेस्टइंडीज टीम और आज की वेस्टइंडीज टीम में जमीन आसमान का फर्क है। आज की वेस्टइंडीज तो आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाती है, जैसा कि 2023 के ओडीआई विश्व कप में हुआ। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम भी पतन के दौर से गुजर रही है। लेकिन मैदान पर बदतमीजी बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। जिन खिलाड़ियों की हरकतें अंपायर को आक्रमक व भड़काऊ लगती हैं, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही होनी चाहिए। समय आ गया है कि क्रिकेट में भी फुटबॉल की तरह येलो व रेड कार्ड्स का प्रयोग किया जाये।

## सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में पीएम आयुष्मान भारत योजना के सफलता पूर्वक 7 साल पूरा करने पर समस्त लाभार्थियों को इसकी हार्दिक शुभ कामनाएं। केशव प्र. मौर्य.



महिलाओं की समृद्धि और प्रगति के लिए हमने भाई-बहन मान योजना शुरू की है। हमारी सरकार बनने पर महिलाओं को 2500 प्रति माह दिये जायें। -तेजस्वी यादव.



अर्थव्यवस्था का चक्का छोटे बड़े काम दुकान के सामान व प्रोत्साहन से ही घूमेगा, जिससे लोगों के रोजी रोजगार का इंतजाम होगा, सबका चले रोजगार, सब रहें खुशहाल। अखिलेश यादव



## विचार

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

-महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

-तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हो, उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

-फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुन: कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

-मुनि गणेश वर्णी.

# क्रियात्मक साधना

अंतर्दृष्टि

स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजरोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है। गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

# आप इन्हें सही समय पर लाये हैं...

व्यंग्यलोक

उत्तर आधुनिक जमाने से डायलॉग फूट रहे हैं। एक डायलॉग मॉम ने अपने बेटे से किया- बेटे! एक हाथ में मोबाइल ले ले और दूसरे हाथ में टीवी का रिमोट पकड़ ले। तब तक मैं खाना लगाती हूं। माय लवली चाइल्ड! मैंने तुम्हारे लिए अभी एक बर्गर ऑर्डर दिया था, जो बाजार से हमारे ड्रोन ने डाइनिंग टेबल पे रख दिया है। हॉस्पिटल में डायलॉग भारी है। डॉक्टर किसी परिजन को कह रहे हैं- आप इन्हें सही समय पर ले आए हैं। अगर थोड़ी भी देर और हो जाती तो इन्हें मारना मुश्किल हो जाता। वैसे घबराने की कोई बात नहीं है। मैंने इन्हें इंजेक्शन दे दिया है। कल सुबह तक इन्हें होश नहीं आएगा। आपके ऑर्डर के मुताबिक कल तक यह इंसान मुर्दे में तब्दील हो जाएगा। लेकिन आप होश में रहना और और मेरा बिल कैश में ही देना। मेरी कोशिश पूरी है, लेकिन आपके लिए अगले 24 घंटे नाजुक हैं, भगवान से प्रार्थना करिए कि ये बंदा आपकी इच्छा अनुसार ही सलट जाए। इंसान से मुर्दे में तब्दील बंदे की सांसें कह रही हैं- भगवान के लिए मुझे छोड़ दो। ये लो ब्लैंक चेक ले लो। इस पर अपनी कीमत लिख लो और मुझे इस हॉस्पिटल से घर ले चलो। इस पवित्र अवसर पर डॉन बना परिजन अपनी निजी पत्नी को कहता है- मोना डार्लिंग! ये तो खुशी के आंसू हैं! इन्हें यूं ही कोई जाया नहीं करते। तभी एक दोस्त हॉस्पिटल में आया और कहने लगा- मैं इधर से गुजर रहा था सोचा आपसे मिलता चलूं। मुझे पता है कि आप अपने परिजन को मुर्दा बनाने के कार्यक्रम में इधर नए हॉस्पिटल टूरिज्म पर हैं। और हां! इनसे मिलिए ये हैं शहर के मशहूर प्राइवेट श्मशान घाट के ग्रांड बिजनेसमैन! करीब 9 देशों एवं 75 शहरों में उनके श्मशान घाट फैले हैं। मेरी कोई मदद हो तो जरूर कहिएगा। मीट माई सन विक्की, आज ही विलायत से पढ़ाई पूरी करके लौटा है। बाई दा वे आपकी डॉटर इधर नहीं दिख रही है। चुनावी साल में डायलॉग बहुत पल रहे हैं। सच तो यह है कि घर, परिवार और चुनावी अदालतें सबूतों से नहीं जज्बातों से ही चलती है। मेरे सभी सियासी फाजिल दोस्त चुनावी अदालतों में वोटरों का सिर्फ कीमती वक्त ही जाया करते हैं, मी लार्ड! परिवार और चुनावी अदालतें सारे सबूतों और गवाहों के बयानों के मद्देनजर किसी भी खास नतीजे पर नहीं पहुंचती हैं और हमेशा की तरह है मामला सारा गुड़ गोबर ही रहता है। नेता चमचों को हड़का रहा है- ड्राईवर, उस गाड़ी का पीछा करो। जल्दी! उसमें पिछली वाली गली का एक वोटर जा रहा है। इधर सरकार बन रही है और वोटर साहब कह रहे हैं- पता नहीं यह किसका पाप है? मैं उस नेता का गुरूर तोड़ कर रहूंगा।



रामविलास जॉंगिड़

# तनाव कम करने का बेजोड़ उपाय है हास्य



स्वास्थ्य

जी हां, आपने बिल्कुल सही सुना है। हंसने से हमारे शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जिससे उसी समय तनाव कम होने लगता है और हम अच्छा महसूस करने लगते हैं। क्योंकि एंडोर्फिन हमारे मस्तिष्क से पैदा होने वाला ऐसा रसायन है जो हमें अच्छा महसूस कराता है। वैसे तो बिना हंसे भी कुछ स्थितियों और परिस्थितियों में यह रसायन पैदा होता है, लेकिन जब हम हंसते हैं तो शरीर में इसके पैदा होने की मात्रा काफी बढ़ जाती है, इसलिए यह हमें किसी भी तरह के तनाव से उसी समय लड़ने और सकारात्मक महसूस करने में मदद करता है, जिससे हमारा बिगड़ा हुआ मूड सही हो जाता है। वास्तव में तनाव से राहत दिलाने के लिए हंसी हमारे शरीर की सबसे मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली है। एक किस्म से हंसी प्राकृतिक दर्द निवारक है, जिससे दर्द तो कम होता ही है, हमें संतुष्टि भी मिलती है और हमारा मूड भी बेहतर हो जाता है। और हां, यह बिल्कुल तात्कालिक नहीं होता, हंसने से एंडोर्फिन के साथ साथ हमारे शरीर में सेरोटोनिन का स्तर भी बढ़ता है, जिससे हंसी के साथ साथ हमें खुशी भी मिलती है, जिसका अच्छा एहसास हंसने के मुकाबले काफी देर तक रहता है और हमें स्थायी रूप से आराम मिलता है।

हंसने से शरीर को और भी कई फायदे हैं जैसे इससे हमारे शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, मांसपेशियों को आराम मिलता है, हृदय रोग से बचाव होता है, शरीर में मेलाटोनिन नामक हार्मोन बनता है, जिससे चैन की नींद आती है। हंसने से हमारे सामाजिक संबंध भी बेहतर होते हैं और नये संबंध भी विकसित होते हैं। हंसना हमारे रक्तसंचार को बेहतर बनाता है, इससे हमें गुस्सा कम आता है और अवसाद में जाने की स्थितियां कम हो जाती है। नींद से जुड़ी समस्याओं में भी हंसना फायदेमंद होता है। जिन लोगों को अनिद्रा की बीमारी होती है, उन्हें लॉफ्टर थैरेपी दी जाती है। अगर हम रोज दिन में कम से कम एक बार खिलखिलाकर हंसते हैं तो हम मानसिक तनाव से मुक्त रहते हैं। एक बार हंसने से कम से कम 50 मिनट तक मांसपेशियों को राहत मिलती है। इसलिए अगर कोई व्यक्ति सुबह 10 मिनट तक हंस लेता है या ऐसी संगत में रहता है, जहां हंसी, मजाक और खुशी का माहौल होता है, तो पूरा दिन मूड भी बेहतर रहता है और स्वास्थ्य भी चमकदार रहता है।

आपने कई लोगों से सुना होगा कि हंसने से खून बढ़ता है, खून बढ़ता नहीं बल्कि हमारा रक्तप्रवाह बेहतर हो जाता है। सवाल है कितना बेहतर? अगर इस संबंध में शोध करने वालो की मानें तो हंसने से हमारा 20 फीसदी रक्तसंचार बेहतर हो जाता है और इस 20 फीसदी रक्तसंचार के बढ़ने से हमारे शरीर की 50 फीसदी बीमारियां खत्म हो जाती हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हंसना सिर्फ बेहतर मूड का टॉनिक ही नहीं है बल्कि यह हमारे बेहतर स्वास्थ्य का भी रामबाण टॉनिक है। हंसना सामाजिक रूप से भी बहुत सकारात्मक गुण है। हंसती हुई भाव भंगिमाएं समाज में किसी को भी बुरी नहीं लगतीं बशर्ते आप किसी की कमियों पर न हंस रहे हों।

मनोविज्ञान मानता है कि हंसने वाले लोग दयालु और काफी सहनशील होते हैं। इसलिए आमतौर पर बात बात पर हंसने वाले लोगों को समाज में बहुत अच्छा माना जाता है। उन्हें सकारात्मक तौरपर लिया जाता है। शायद इसकी एक वजह यह भी है कि हंसने वाले लोग दूसरों को भी खुश रखते हैं, लेकिन हंसने के कुछ तौर तरीके भी होते हैं। आमतौर पर दूसरों की कमियों पर हंसने वाले लोगों को वो फायदे नहीं मिलते, जो किसी बात पर खुश होकर हंसने से मिलते हैं। इसी तरह बात बात पर जो लोग ठहाका मारकर हंसते हैं, उनसे भी लोग ज्यादा खुश नहीं होते, क्योंकि उन्हें अहंकारी माना जाता है। कुछ लोगों को नींद में हंसने की आदत होती है। लेकिन नींद में यह हंसना किसी तरह से परेशानी का सबब नहीं होता बल्कि शोधकताओं का मानना है कि यह आम बात है, जब लोग हंसने वाला सपना देखते हैं तो ज्यादातर लोग नींद में रहते हुए भी हंसते हैं। हां, लेकिन अभी एक हालिया शोध में यह बात भी कही गई है कि नींद में अकसर हंसना बहुत दुर्लभ मामलों में न्यूरोलॉजिकल विकार का लक्षण होता है, इसे हिप्नोजैली कहते हैं। हंसने और मुस्कुराने में फर्क होता है। कई लोगों का चेहरा ही मुस्कुराहटपूर्ण होता है, वो भले न मुस्कुराएं फिर भी मुस्कुराते हुए लगते हैं। कुछ लोग अपने अंदर की हंसी को दबाने के लिए भी मंद मंद मुस्कुराने का सहारा लेते हैं, लेकिन हंसना ज्यादा अच्छा होता है। **डॉ. माजिद अलीम.**

## आप की बात

### सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते। इससे प्राइवेट अस्पताल का कामकाज बढ़ता है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

### शुरू करें समावेशी योजनाएं

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## 25 को पं. दीन दयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि समर्पण कार्यक्रम

बाराबंकी। पं0 दीन दयाल उपाध्याय समाज सेवा न्याय के तत्वाधान में प्रख्यात राष्ट्रवादी विचारक पं0 दीन दयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर 25 सितम्बर समय 1 बजे विजय उद्यान पार्क में स्थापित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि समर्पण कार्यक्रम होगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी ट्रस्ट संयोजक रामलखन शुक्ल एडवोकेट ने दी।

## गैर इरादतन हत्या में चार को दस साल की सजा

अयोध्या। पड़ोसी किशोर की लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने चार अभियुक्तों को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रत्येक पर 5000 जुमार्ना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार ओझा तथा अधिवक्ता अंजनी कुमार सिंह ने ने बताया कि घटना 29 -30 मार्च 2023 की रात की है ।रात करीब 12 बजे बच्चों के आपस के विवाद को लेकर अहमद उर्फ जफरियाद 18 वर्ष को बागली, बाबू खान, बिलाल, हैदर अली और सरीकुन निवासी दहलवा थाना गोसाईगंज में लात घूसा डंडा से मारा पीटा था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी गोसाईगंज ले गए। जहां से हालत गंभीर देखते हुए किशोर को हायर सेंटर रेफर कर दिया । अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। इसकी रिपोर्ट सभी के खिलाफ हत्या की धारा में लिखाई गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने सबके खिलाफ आरोप पत्र भी हत्या की धारा में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले को गैर इरादतन हत्या की धारा में परिवर्तित करते हुए सजा दी।

## करोड़ों की ठगी के मामले में एसएसपी ने की बड़ी कार्रवाई

गोसाईंगंज-अयोध्या। फर्जी चिटफंड कंपनी में निवेषकों से करोड़ो की ठगी करने के मामले में एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बड़ी कार्रवाई की है ।एसएसपी ने महबूबगंज चैकी पर तैनात चार सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया ।अभी कुछ और पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही होने की पूरी संभवाना है ।बताते चले कि एलएफ एलजी वर्ल्ड ग्रुप नामक एक कम्पनी लोगो का धन कम समय मे दुगना करने का सब्जबाग दिखाकर करोड़ो रुपए जमा करवाया था ।कम्पनी की आफिस महबूबगंज के बगल मीरापुर गांव में स्थित डायमंड मैरिज हाल में चल रहा था ।कम्पनी ने लोगो का भरोसा जीतने के लिए कुछ दिन तक रुपये देती रही ।पांच दिन पूर्व अचानक कम्पनी आफिस में ताला लगाकर फरार हो गईं ।मामले में बड़ी देवकाली निवासी अभिषेक चतुर्वेदी की तहरीर पर पांच कर्मियों के खिलाफ केस दर्जकर दो कर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था ।सूत्रों के मुताबिक मामला करोड़ो के घपले का है ।कम्पनी के फरार होने के बाद कुछ फोटो वायरल हुआ जिसने महबूबगंज चैकी के सिपाही जगत यादव,राहुल यादव, अमित पटेल व मोहित कुमार सहित चैकी प्रभारी विकास कुमार कम्पनी के प्रचार करते हुए दिखे ।चारो सिपाही वर्दी में थे, परन्तु चैकी प्रभारी सादे ड्रेस में थे ।एसओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक चारो सिपाहियों को वर्दी के दुरुपयोग करने में लाइन हाजिर किया गया है ।वर्दी में किसी कम्पनी का प्रचार करना गलत है जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा ।बताया कि अयोध्या जनपद के अलावा अम्बेडकरनगर के भी निवेशकों ने भी कम्पनी में निवेश किया है ।मामले में दो आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है, अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी में पुलिस लगी हुई है।

## रौनाही पुलिस ने खोली एक और हिस्ट्रीशीट

सोहावल-अयोध्या। एसपी डाक्टर गौरव ग्रोवर के निर्देश पर रौनाही पुलिस ने एक और अपराधी को दुराचारी घोषित करते हुए इसकी हिस्ट्रीशीट ए श्रेणी में खोली है। नीरज सिंह पुत्र मनोज सिंह निवासी ग्राम कुंदुर्खा खुर्द थाना रौनाही जनपद अयोध्या की खोली गई इस हिस्ट्रीशीट के बारे में पुलिस का दावा है कि आरोपी के विरुद्ध रौनाही थाना में अब तक आधा दर्जन मुकदमा दर्ज है। हाल ही का मुकदमा अपराध संख्या निल /2025 धारा 129 बीएनएस के तहत दर्ज की गई है।

# जीएसटी कटौती से मिलेगी राहत



अयोध्या। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सोमवार को पूरा बाजार में व्यापारियों से संपर्क कर 22 सितम्बर से लागू हुए जीएसटी बदलावों की जानकारी दी। विधायक ने दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से मुलाकात की और नए प्रावधानों से होने वाले लाभों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए लगातार कदम उठा रही है, ताकि व्यापारी और ग्राहक दोनों लाभान्वित हो सकें।

विधायक ने व्यापारियों को बताया कि इन बदलावों से छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी और ग्राहकों को भी सही मूल्य पर वस्तुएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि कारोबार की पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ व्यापार करने की प्रक्रिया को आसान बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है। इस मौके पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जीएसटी में हुए बदलाव से व्यापारियों को सहूलियत और ग्राहकों को लाभ मिलेगा। सरकार हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है और व्यापारियों की परेशानियों को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। व्यापारियों ने विधायक से बातचीत के दौरान अपने सुझाव और समस्याएं भी साझा कीं। उन्होंने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे कारोबार और सरल हो जाएगा व महंगाई कम होगी। मौके पर गन्ना चेयर मैन दीपेन्द्र सिंह, कपिल देव वर्मा, गुलशन चैरसिया, बिंटू सिंह, संतोष सिंह, विनय मोदनवाल, राम चरित्र गुप्ता, विवेक सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव



मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र के ग्राम सभा सलोनी में एक 25 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में तनाव व्याप्त है। सूरज पुत्र गंगाराम (उर्फ फकीर चंद) अपने खेत में मचान बनाकर खेत की रखवाली करने गया था, लेकिन आज सुबह स्थानीय लोगों ने उसे मचान पर चारपाई से रस्सी के सहारे लटका हुआ पाया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को अपने घर पर ले जाकर थाना इनायत नगर पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा के साथ फॉरेंस्क टीम द्वारा हर एँगल से जांच कर पुलिस टीम ने शव का पंचनामा किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक सूरज की हाल ही में निशा से शादी हुई थी, जो जानकी प्रसाद निवासी बैजू का पुरवा की हैं। शादी के बाद ससुराल पक्ष के साथ मृतक के परिवार के बीच कई बार विवाद भी हुए थे। दो दिन पहले मृतक के परिवार के लोग ससुराल पक्ष से विदाई के संबंध में बातचीत करने भी गए थे। मृतक के तीन भाई हैं, जिनमें सबसे छोटा भाई आकाश (22 वर्ष) अविवाहित है। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह घटना आत्महत्या लगती है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक के मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## स्वास्थ्य शिविर का विधायक ने किया उद्घाटन

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवारा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पूरा बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे और स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श का लाभ उठाया।

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, नेत्र रोग समेत अन्य बीमारियों की जांच की गई। साथ ही गंभीर मरीजों को उच्च स्तरीय अस्पतालों में रेफर करने की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा को ही संगठन का मूल मंत्र मानती है।

# दशहरा तक बहराइच में रहेगी भक्ति और साधना की धूम

## कमेटी मनायेगी 120 सालों की परंपरा का जश्न



**बहराइच।** जनपद की ऐतिहासिक और सबसे पुरानी रामलीला इस वर्ष अपने 120वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। नवरात्रि के प्रथम दिन 22 सितम्बर से प्रारंभ होकर यह भव्य आयोजन 07 अक्टूबर तक चलेगा। सोमवार को छावनी स्थित पंचायती मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा का नगरभर में स्वागत हुआ। विसातखाना चबूतरा सहित स्टीलगंज तालाब पर भूमि पूजन के साथ श्रीराम शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए झिंगहाघाट के समीप मौनी बाबा आश्रम स्थित रामलीला मैदान पहुँचा। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों, पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्री श्यामकरन टेकड़ीवाल ने बताया कि भगवान श्रीराम और बजरंगबली की कृपा से यह आयोजन लगातार जनमानस को जोड़ रहा है और आज यह जनपद की सबसे प्राचीन रामलीला बन चुकी है। इसका उद्देश्य युवाओं और रामभक्तों को आदर्श प्रस्तुत करते हुए मंचीय रूप में भव्य रामलीला का आनंद प्रदान करना है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या इस रामलीला की लोकप्रियता का प्रमाण है। इस बार नगर के छावनी चौराहे पर 50 फिट ऊँचा आकर्षक स्वागत द्वार कमेटी पदाधिकारियों की मांग पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी टेकड़ीवाल द्वारा बनवाया गया है, जो आयोजन को और अधिक भव्य व दिव्य रूप प्रदान करेगा। 2 अक्टूबर : विजयादशमी पर रावण वध का भव्य मंचन, रंग-बिरंगी आतिशबाजी और रोशनी से जगमगाता रामलीला मैदान वही भरत मिलाप– नगरवासियों के लिए श्रद्धा व भक्ति का अद्भुत संगम, भाईचारे और त्याग का जीवंत चित्र श्रीराम राज्याभिषेक– शाही साज-सज्जा, झांकियों और पुष्पवर्षा के बीच प्रभु श्रीराम के राजतिलक का अनुपम दृश्य। और सांस्कृतिक संध्या– स्थानीय व बाहर से आए कलाकारों की लोकनृत्य, भजन-कीर्तन व नाट्य प्रस्तुतियाँ, जो वातावरण को भक्तिमय बना देंगी। इस अवसर पर राहुल रॉय, जयजय अग्रवाल सहित अनेकों रामभक्त मौजूद रहे। इस वर्ष का दशहरा उत्सव धार्मिक आस्था, कला और संस्कृति का अनोखा संगम होगा, जो बहराइच की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

# बीजेपी के जीएसटी बचत उत्सव में पथराव, कई घायल

गोंडा। जिले के कटरा बाजार ब्लॉक में मंगलवार को आयोजित बीजेपी के जीएसटी बचत उत्सव के दौरान जमकर हंगामा हुआ। कार्यक्रम में कटरा विधायक बावन सिंह और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल के समर्थकों के बीच तनाव उस समय भड़क उठा, जब दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी शुरू की। जिंदाबाद के नारों के बीच स्थिति बेकाबू हो गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर चलाने शुरू कर दिए। इस पथराव में कई लोगों के घायल होने की खबर है, हालांकि अभी घायलों की सटीक संख्या और उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही कर्नलगंज क्षेत्राधिकारी समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह विवाद दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच पुरानी रंजिश और स्थानीय स्तर पर प्रभुत्व की लड़ाई को लेकर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार्यक्रम के दौरान मंच पर नेताओं के बीच भी तीखी नोकझोंक हुई, जिसने समर्थकों को उकसाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है और दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर तनाव का माहौल है। बीजेपी के स्थानीय नेताओं ने मामले को शांत करने की कोशिश की, लेकिन समर्थकों के बीच गहरी खाई साफ दिखाई दी। जिला प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है।

# आजम खां की रिहाई पर सपाई खुश



बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव/पूर्व मंत्री/सांसद आजम खां को न्यायपालिका द्वारा जमानत दिए जाने के बाद जेल से मिली रिहाई पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद को सपा कार्यकताओं ने मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजम खाँ ने हमेशा सच का साथ दिया। गरीब, मजदूर, कमजोर के हक अधिकार की लड़ाई लड़ी। उसी का परिणाम है कि आज उनकी रिहाई पर पूरा प्रदेश खुशी मना रहा है।

## पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया उर्स का उद्घाटन



बाराबंकी। कमालुद्दीन शाह बाबा नागेश्वर नाथ रोड के 104वा उर्स का ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने फीता काट कर उद्घाटन किया। और अस्थाने पर चादर चढ़ाकर मुल्क में अमन चैन और भाईचारा कायम रहे दुआ की। उर्स पर अस्थाने के खादिम इकराम राईन, सरुख राईन ने लंगर का आयोजन किया। इस मौके पर बाबू राईन, मुक्तार राईन, लड्डुन सलमानी, सगीर बाबा, जुनैद अंसारी, जावेद राईन, शफीक राईन, अनीस राईन, गुफरान राईन, अब्दुल्ला राईन, खलील राईन, हरून राईन मौजूद रहे।

# एसपी ने ग्राम प्रधान और ग्राम चौकीदारों संग की बैठक



बहराइच। पुलिस लाइन बहराइच में सभासद, ग्राम प्रधानों, बीडीसी, ग्राम चौकीदारों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी त्योहारों दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन, दशहरा आदि को सकुशल संपन्न कराने हेतु विस्तृत चर्चा की गई ।एसपी ने अपने संबोधन में सभी से आपसी समन्वय स्थापित कर त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु कहा गया एवं उपस्थित लोगों से अपने-अपने क्षेत्र दुर्गा पूजा पाण्डाल व विसर्जन स्थल पर ड्यूटी पर लगे पुलिस बल के साथ सामन्जस्य स्थापित कर प्रशासन का सहयोग करें तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने में सहायता प्रदान करें ।एसपी ने बताया कि क्षेत्र में डायल-112 247 भ्रमणशील रहती है, किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि या अन्य सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल डायल-112 पर सूचना देकर उनसे सहयोग प्राप्त कर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करें। मिशन शक्ति टीम को गांव-गांव जाकर महिला चौपाल आयोजन कर महिलाओं/ बालिकाओं को सशक्त, स्वावलंबी बनाने हेतु जागरुक करने के लिए निर्देशित किया गया एवं सम्भ्रान्तजन से मिशन शक्ति के उद्देश्यों की पूर्ति में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में एडीएम बहराइच, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# साधना पर्व है शारदीय नवरात्र : रमेश सिंह



रुपईडीहा बहराइच ।श्री नव दुर्गा पूजा पंडाल का पंडित पुरवा में उद्घाटन आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह ने फीता काटकर नवदुर्गा पंडाल में विविध पूजा-अर्चना के पश्चात भारत माता की जय जय माता दी जय जय माता दी जयकारों से नवदुर्गा पूजा पूजा पंडाल गूंज उठा आपको बताते चलें कि आदर्श थाना कोतवाली रुपईडीहा रमेश सिंह रावत प्रभारी निरीक्षक द्वारा फीताकर ग्राम पंचायत मुरलीधर ददौली ग्राम पंडित पुरवा में नवदुर्गा पूजा समिति मैं आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ज्ञातव्य हो कि आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को श्री नव दुर्गा पूजा समिति पंडित पुरवा में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति उप जिला अध्यक्ष बहराइच एवं नौ दुर्गा पूजा शेर सिंह कसौधन समिति अध्यक्ष, और रमेश मिश्रा कार्यक्रम संयोजक, द्वारा का बैच लगाकर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति का गोल्ड मैडल पहनाकर एवं दुशाला ओढ़ाकर कर सम्मानित करके आयोजन प्रारम्भ किया गया रंग-बिरंगी लाइटिंग और सांस्कृतिक झलकियां लोगों को आकर्षित कर रही है। भक्तजन सुबह शाम माता की आरती में शामिल होकर अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे नवदुर्गा पूजा उद्घाटन पावन पर्व के शुभ अवसर पर प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत जागरण मंच के संघ प्रचारक सर्वेश, अंबिका प्रसाद मिश्रा, इंद्रपाल मिश्रा राजेंद्र प्रसाद अजय कुमार मित्तल, अनूप कुमार अरविंद कुमार अजय त्रिपाठी चौधरी चरण सिंह उर्फ गब्बर सिंह, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति टीम के रमेश सिंह पत्रकार, संतोष शुक्ला पत्रकार, रमेश मिश्रा पत्रकार, शिवकुमार सिंह ( भगोले सिंह ) जैतापुर श्रवण कुमार कसौधन, श्याम कुमार मिश्रा पत्रकार, पूर्व उप ब्लाक प्रमुख तेज प्रसाद वर्मा, आदि सम्मानित गणमान्य लोग सैकड़ो संख्या में उपस्थित रहे अंत में संघ प्रचारक सर्वेश ने आए हुए अतिथियों को बताया कि मां दुर्गा पूजा जैसे सार्वजनिक आयोजन करने से सामाजिकता बढ़ती है। नवरात्री पर्व हमारी सभ्यता, संस्कृति के आलावा आपसी भाईचारे व नारी सम्मान का भी प्रतीक है ।माँ एक शक्ति है और हम सभी लोग इस शक्ति की सभी लोग पूजा करते है।

## नाले पर अवैध गुमटियों व डिवाइडर पर लगी अवैध होर्डिंग पर चला बुलडोजर



बाराबंकी। सिगल यूज प्लास्टिक एंव अवैध होर्डिग, अतिक्रमणकारियो के विरुद्ध जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत आज मंगलवार को अधिशासी अधिकारी नगरपालिका संजय कुमार शुक्ला ने नेतृत्व मे कोतवाली से लखपेड़ाबाग चैराहे के मुख्य मार्गो के दोनो तरफ अभियान चलाया गया। अभियान मे कर निर्धारण अधिकारी नगरपालिका कमलेश कुमार चैबे, कर अधीक्षक संजय भारती, राजस्व निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, राजस्व निरीक्षक शबाना अहमद फातिमी, सूजा खान की टीम ने डिवाइडरो पर लगी अवैध होर्डिगो, नाले पर रखी गुमटियो को बुलटोजर से हटवाया। तथा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारो को चेतावनी दी गई। तो वही कुछ दुकानो पर प्रतिबंधित पालीथीन मिलने पर 1500 रुपये जुमार्ना भी वसूला गया।

## शहर के विभिन्न स्थानों पर शॉर्ट फिल्म साइबर क्राइम की शूटिंग संपन्न



बाराबंकी। जहां एक ओर डिजिटल क्रांति ने जनमानस के जीवन को और ज्यादा सुविधाजनक बनाया है। तो वहीं देश में साइबर अपराधों के मामलों में बहुत तेजी आई है। जिसको लेकर साइबर क्राइम पर सार्थक इंटरटेनमेंट के बैनर तले शॉर्ट फिल्म साइबर क्राइम की शूटिंग शहर के बड़ेल चैराहा, नागेश्वर नाथ, चंपारण हाउस रेस्टोरेंट आदि स्थानों पर हुई। शॉर्ट फिल्म मे रंगमच कलाकार/अभिनेता शरद राज सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, रूफी खान, सोनी सिंह, रोहित राय, पिवेंदु चतुवेर्दी, अग्रिम कुमार, सुधीर मोनू दुबे आदि ने अभिनय किया। फिल्म के निमार्ता-निर्देशक-लेखक एस0के प्रसाद ने बताया संस्था सामाजिक विषयों पर आधारित दस शॉर्ट फिल्मों का निर्माण कर रही है। अब तक 8 फिल्मों का निर्माण हो चुका है। सभी फिल्मों के समस्त कलाकार उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से हैं। जिसमे लगभग सौ कलाकारों को काम करने का अवसर मिल चुका है। फिल्म के सह निर्देशक अमित कुमार प्रसाद, सिनेमैटोग्राफर अनुज कुमार, ग्राफिक डिजाइनर संतराम यादव, प्रोजेक्ट मैनेजर अनुज श्रीवास्तव हैं।

## वेयर हाउस का निरीक्षण करने पहुचे डीएम, दिए आवश्यक निर्देश



बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर जिलाधिकारी/जिला मजिस्टेज्ट शशांक त्रिपाठी ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण मे जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट स्ट्रांगरूम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का जायजा लेते हुये सम्बधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी संजय कुमार विश्वास, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## रामवन गमन लीला का हुआ मंचन, व्याकुल हुए अयोध्यावासी



बाराबंकी। स्वरूप प्रतिष्ठा के उपरांत लीलाओं का मंचन प्रारंभ हो गया है। जिसके क्रम में दशहरा मंदिर पर पूजन अर्चन उपरांत रामवन गमन की लीला का मंचन किया गया। पौराणिक कथाओं के अनुसार चक्रवर्ती सम्राट दशरथ ने चारो पुत्रों के विवाह के पश्चात राम के राज्याभिषेक की घोषणा कर दी थी। राजा दशरथ से कैकई द्वारा अपने दो वरदान के क्रम में राजा दशरथ ने राम को वन जाने की बात बताई, पिता के वचन को पूरा करने राम अपने महल से वन के लिए प्रस्थान कर देते है ।इस दौरान सुमंत अपने रथ पर राम, लक्ष्मण, जानकी को लेकर वन प्रस्थान करते है। इस दौरान अयोध्यावासी उन्हें रोकने का प्रयास करते है। इस भावपूर्ण मंचन को देखने हेतु सैकड़ों लोगो की भीड़ उमड़ी रही। नम आंखों से अयोध्यावासी विरह के साथ राम लक्ष्मण एवम सीता को निहार रहे है ।लीला व्यास प्रमोद पाठक ने बताया कि प्रभु तमसा नदी पर निवास करेंगे। इस मौके पर रमेश चंद्र कुरील, पुरुषोत्तम टंडन, राजेश गुप्ता कृष्णा, अंकित गुप्ता गोलू, उमाकांत पांडेय, राजीव पाठक, रज्जन, सुशील गुप्ता, प्रशांत सिंह, आर्यन तिवारी आदि मौजूद रहे। तो वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सिटी चैकी प्रभारी संजीव कुमार ने सतर्कता बरतते हुये दिखाई दिये।

## परिवहन विभाग ने की सख्ती, बिना हेलमेट के 14 चालान, 2 ओवरलोड सीज



बाराबंकी। ओवरलोड़, परमिट, फिटनेस, बकाया टैक्स समेत बिना हेलमेट के विरुद्ध परिवहन विभाग इन दिनों पूरे एक्शन में है। विभाग ने अभियान चलाकर निर्धारित क्षमता से अधिक भार, बकाया टैक्स, बिना फिटनेस, परमिट समेत बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों पर शिकंजा कसा। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के अन्तर्गत आज मंगलवार को यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट के ईंधन भरवाते मिले 14 दो पहिया वाहनो के चालान किये। तो वही 2 ओवरलोड़ को सीज, 1 ओवरलोड़ वाहन का चालान किया।

संक्षेप

## वन माफियाओं ने काटे प्रतिबंधित वृक्ष

**जगदीशपुर, अमेठी।** वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से वन माफिया दो प्रतिबंधित वृक्षो को काटकर लकडी उठा ले गए सूचना के उपरांत जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाई मे जुटे। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नसीराबाद, मकदूमपुर मे वन माफियाओ द्वारा दो हरे भरे वृक्षों को काटकर लकडी ठिकाने लगा दिया सूत्रों की माने तो वन कर्मी व पुलिस की मिलीभगत से हरियाली का सफाया किया जा रहा है उच्च अधिकारियो को भनक तक नहीं लगती। इस संबंध मे वन क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना ने बताया कि मामला संज्ञान मे है जांच के उफरांत दोषियों के विरुद्ध कडी कार्यवाई की जाएगी।

## महिला सशक्तीकरण जागरूकता रैली निकाली

**शाहगढ़, अमेठी।** मिशन शक्ति नारी सशक्तिकारण हेतु श्री निषाद राज इण्टर कालेज किटियावा शाहगढ़ गौरीगंज अमेठी में जागरुकता रैली निकाली गई जिस अभियान में नारियों के विभिन्न शक्ति सशक्तिकरण के उदाहरण दिए गए और बताया गया कि जागरूकता रैली के माध्यम से नारियों को सम्मान के साथ साथ अनेक गुर सिखाए गए। जागरूकता रैली के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राम शंकर कश्यप विद्यालय के शिक्षक रामकिशोर कश्यप, शिवशंकर गुप्त कमलेश कुमार यादव मनीषा यादव डॉ. संजय कश्यप गुलाम नवी, एस पी सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## लाखों का माल चोरी

**जगदीशपुर, अमेठी।** बीती रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घर मे घुसकर लाखों का माल लेकर फरार हो गए घटना की तहरीर भुक्तभोगी ने पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग किया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भूलीनगर गांव निवासी साफिया बानों के घर बीती रात अज्ञात चोरो ने दीवार फांदकर छत के रास्ते घर मे घुसकर कमरे मे रखी संदूक का ताला तोडकर उसमे रखा सोने चांदी के जेवरात समेत सात हजार नगदी लेकर फुर्र हो गए। छत पर सो रहे घर के लोगों को भनक तक नहीं लगी सुबह जागने के बाद कमरे में समान गायब देख घर वालों के होश उड गए आसपास तलाश करने के बाद कोई सुराग ना मिलने पर भुक्तभोगी द्वारा थाने मे तहरीर देकर कार्यवाई की माग किया। इस संबंध मे पुलिस ने बाताया कि मामला फर्जी है अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## बदमाशों ने महिला को बंधक बनाकर लूटे नकदी व जेवरात

**नसीराबाद, रायबरेली।** बीती रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक महिला को बंधक कर मुँह मे कपडा ठूस दिया और चारपाई में बांधकर नकदी और जेवरात लूट लिए और फरार हो गए। घटना से गांव मे हड़कंप मच गया सूचना पर पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उचअधिकारियों को घटना की जानकारी दी घटना की सूचना पर एसपी यशवीर सिंह पुलिस उपअधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सी ओ सलोन यदुवेन्द पाल व एस ओ जी टीम और सर्विलांस टीम मौके पहुचे और बरीकी से जांच पड़ताल की सनसीराबाद थाना क्षेत्र के चंदाबाहीपुर गांव निवासी नीरज की पत्नी सोनम घर पर अकेली थी। बीती सोमवार की रात साढ़े 11 बजे महिला भोजन कर सो रही थी। तभी घर के पीछे से दीवार फांदकर तीन अज्ञात बदमाश घर के अंदर घुसे और महिला को चारपाई में बांधकर उसके मुँह मे कपडा ठूँस दिया और उसके नाक की नील व पैरों की पायल गले का मंगलसूत्र उतार ली।

# अदिति सिंह ने सीसी रोड, इंटरलॉकिंग रोड और नाली निर्माण के लिए 2 करोड़ की स्वीकृति पर जताया आभार

### यह प्रदेश सरकार की जनसेवा और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक : सदर विधायक



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अदिति सिंह ने महत्वपूर्ण घोषणा की ।उन्होंने सदर क्षेत्र में सीसी रोड, इंटरलॉकिंग रोड तथा नाली निर्माण कार्यों के लिए 2 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति प्रदान करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। सदर विधायक ने कहा कि यह बजट स्वीकृति प्रदेश सरकार की जनसेवा और विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गाँव-गाँव तक विकास पहुँचाकर जनता के जीवन में नई सुविधा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर रही है। यह घोषणा सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। विधायक अदिति सिंह ने बताया कि इस स्वीकृत राशि से क्षेत्र के 17 महत्वपूर्ण कार्यों को गति मिलेगी, जिनमें इंटरलॉकिंग टाइल्स, सीमेंट कंक्रीट (सीसी) सड़कें तथा नालियाँ शामिल हैं। कुल अनुमानित लागत 200.29 लाख रुपये है, जो सीधे तौर पर स्थानीय निवासियों के आवागमन को सुगम बनाएगी और स्वास्थ्य व स्वच्छता स्तर को ऊंचा उठाएगी। ये कार्य अम्बेडकर नगर, शक्ति नगर, अखिलेश पुरम, बरखापुर, ज्योतिबा नगर, सर्वोदय नगर, जैतूपुर तथा मीहारी का पुरवा जैसे वार्डों में होंगे।

**कार्यों का विस्तृत विवरण**

विधायक अदिति सिंह के कार्यालय से जारी ब्यौरे के अनुसार, स्वीकृत बजट के तहत निम्नलिखित कार्य कराए जाएंगे।प्रत्येक कार्य में सड़क निर्माण के साथ-साथ नाली व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि जलभराव की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो सके

वार्ड नं. 4, अम्बेडकर नगररू कपूर टेंट हाउस से दिलीप सोनकर के घर तक इंटरलॉकिंग/सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागतरू 19.52 लाख। वार्ड नं. 4, अम्बेडकर नगररू राजन सोनकर के मकान से महेश के मकान तक इंटरलॉकिंग/सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागतरू 14.64 लाख रुपये ।वार्ड नं. 4, शक्ति नगररू शिव मंदिर मोड़ से नवीन सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग/सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 9.76 लाख । वार्ड नं. 5, अखिलेश पुरम खलील मास्टर के मकान से एस.एन. तिवारी के मकान तक इंटरलॉकिंग/सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत15.61 लाख । वार्ड नं. 5, अखिलेश पुरम खलील मास्टर के मकान के पास से सुरेन्द्र फौजी के मकान होते हुए खड़न्जा मार्ग तक इंटरलॉकिंग/सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागतरू 14.64 लाख रुपये। वार्ड नं. 1, बरखापुर चेतन शर्मा के मकान से होलिका दहन स्थल तक इंटरलॉकिंग/सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 10.98 लाख। वार्ड नं. 1, बरखापुररू रिंग रोड से पवन मौर्या के घर तक इंटरलॉकिंग/सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागतरू 14.64 लाख ।वार्ड नं. 1, बरखापुर रामकरन के घर से शारदा रैदास के घर तक इंटरलॉकिंग/सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 4.09 लाख। वार्ड नं. 1, बरखापुर रमेश अवस्थी के घर से तुलसी रैदास के घर तक इंटरलॉकिंग/सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 5.85 लाख रुपये। वार्ड नं. 12, ज्योतिबा नगर देवी प्रसाद के घर से चम्पालाल के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 9.76 लाख रुपये। वार्ड नं. 12, सर्वोदय नगर नन्द लाल के घर से दिलीप चन्द्र शुक्ला के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण ।अनुमानित लागत 12.20 लाख रुपये ।वार्ड नं. 12, सर्वोदय नगर दिनेश सिंह के घर से रसिक बिहारी शुक्ला के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 12.20 लाखे। वार्ड नं. 12, सर्वोदय नगर अनिल सिंह के घर से भैरो सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 9.76 लाख। वार्ड नं. 12, सर्वोदय नगररू स्टेडियम से शैलेन्द्र सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य। अनुमानित लागत9.76 लाख रुपये। वार्ड नं. 18, जैतूपुर प्रेम प्रकाश शर्मा के मकान से दुर्गा जी मंदिर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 7.32 लाख। वार्ड नं. 18, मीहारी का पुरवा अखिलयादव के मकान से महेश मिस्त्री के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागतरू 12.29 लाख रुपये। वार्ड नं. 18, मौहारी का पुरवा अनन्त सिंह फौजी के मकान से महादेव के ट्यूवेल तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 15 लाख ।वार्ड नं. 18, मोहारी का पुरया कुसुमा लोधी के घर से दुर्गा मंदिर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागतरू 5.27 लाख रुपये।

## मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बच्चियों को किया गया जागरूक



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** मिशन शक्ति फेज पांच के तहत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय भुवरपुर के बच्चियों को मोतिगरपुर थाने पर जागरूक किया गया। मंगलवार को भुवरपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक शरद मिश्र कक्षा पांच की छात्रा वंदिता, चार की छात्रा सोनाली, अंशिका, श्रद्धा व उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक सिंह कक्षा सात की छात्रा श्रेया, अनामिका, स्वातिका, कक्षा छह की छात्रा वंदना, स्मृति व आठ की छात्रा सपना के साथ जागरूकता कार्यक्रम के लिए थाने पहुंचे। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने बच्चियों को महिलाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपाय, कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी थानाध्यक्ष विनोद मिश्र ने छात्राओं को समझाया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में डरने के बजाय तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि 1090, 181, 112, 1098 जैसे हेल्पलाइन नंबर हमेशा मदद के लिए उपलब्ध हैं। साथ ही बच्चियों को आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं कुछ छात्र छात्रा थानाध्यक्ष व फरियादी बनकर पुलिस द्वारा किए गए कार्य को भी आपस में ही प्रस्तुत किया।

## हर्षोल्लास और सामाजिक सौहार्द से मनायें दुगार्पूजा, दशहरा : एसडीएम

जिला संवाददाता (vol)



**गोसाईगंज, सुलतानपुर ।** गोसाईगंज में मंगलवार को त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात सिंह ने की। उन्होंने लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में नवरात्रि,दशहरा, दुगार्पूजा,मूर्ति विसर्जन और उर्स को मनाने की अपील की।

पीस कमेटी के बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए जितनी जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की बनती है। उतना ही योगदान आप सब का भी बनता है। परमिशन लेकर ही मूर्ति स्थापित की जाए।तहसीलदार मयंक मिश्रा ने कहा कि अगर कोई समस्या आती है तो प्रशासन को अवगत कराएं। समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने कहा की त्योहार के अवसर पर अराजकता फैलाने की कोशिश करने पर उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने वाले लोगों को पुलिस चिन्हित करने का काम कर रही है। गोसाईगंज के भटमई, टांटियानगर, द्वारिकागंज,उघड़पुर क्षेत्र में कुल 85 मूर्ति स्थापित की जाएगी। यहां बैठक में उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों से मूर्ति स्थापना और विसर्जन के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान लोगों ने दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान अनावश्यक रूप से बिजली की कटौती पर रोक लगाए जाने की मांग की। हिंदू और मुस्लिम धर्म के लोगों ने बैठक में भाग लिया। यहां थाना अध्यक्ष गोसाईगंज राम आशीष उपाध्याय, द्रिवेश त्रिवेदी,काली प्रसाद शर्मा, अलताफ, कासिम अली, बब्लू पाण्डेय और प्रधान प्रतिनिधि मनोज वर्मा अन्नू वर्मा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जगमग पंडालों में गूंजे जयकारे



- कस्बा हुआ भक्तिमय, हर ओर मां दुर्गा का दरबार

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर कस्बा भक्ति और आस्था के रंग में रंग गया है। आधा दर्जन से अधिक स्थलों पर भव्य दुर्गा पंडाल सजाए गए हैं। रंग-बिरंगी रोशनियों से सजे पंडाल और देवी गीतों की मधुर गूंज से पूरा वातावरण अलौकिक हो उठा है।

श्रद्धा और उल्लास के साथ घट स्थापना नवरात्र के प्रथम दिन से भक्तों ने हर्षोल्लास से घट स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना शुरू की। दर्शन व पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पूजा समितियों की ओर से आयोजन नव दुर्गा पूजा समिति, कादीपुर रोड के अध्यक्ष अजय दुबे ने बताया कि पूजन पूरे नवरात्र तक अनवरत चलेगा। मां दुर्गा पूजा समिति, पेट्रोल पम्प के अध्यक्ष पवन दुबे ने कहा कि प्रतिदिन आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। बाल दुर्गा पूजा समिति, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, अध्यक्ष रंजीत मोदनवाल ने बताया कि प्रसाद वितरण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। जय अम्बे दुर्गा पूजा समिति, पट्टी रोड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिश्र ने कहा कि भक्तिभाव से पूजन-आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। मां विंध्यवासिनी पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष निषाद ने भंडारा और प्रसाद वितरण की जानकारी दी। जयकारों से गूंजा कस्बा मां दुर्गा की प्रतिमाओं और आकर्षक पंडालों में सुबह-शाम आरती, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा कस्बा भक्तिरस में डूबा हुआ है। श्रद्धालु माता रानी की कृपा पाने के लिए उमड़ रहे हैं।

## दोस्तपुर पंचायत में अव्यवस्थाओं से लोग परेशान, सौंपा ज्ञापन

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी से नागरिक परेशान हैं। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विवेक तिवारी के नेतृत्व में समिति ने मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सोनकर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। आगामी दुर्गा पूजा और रथ विसर्जन को देखते हुए समिति ने लोक निर्माण विभाग से सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही कहा गया कि नालियों की नियमित सफाई न होने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे लोगों को भारी असुविधा झेलनी पड़ती है। समिति ने यह भी कहा कि कई मोहल्लों में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे रात के समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मूर्ति पंडालों के पास कई स्थानों पर नालियों पर पटिया न होने से भी श्रद्धालुओं को खतरा है।समिति ने मांग की कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर पंडालों के आसपास नियमित सफाई कराई जाए और चूना छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में विशेष रूप से नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है।

समिति का कहना है कि सुबह से शाम छह बजे तक नियमित सफाई कराना जरूरी है। अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सोनकर ने कर्मचारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुतोष सिंह आँशु, व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, मनोज गुप्ता, पंकज गुप्ता, शिवा पांडे और अभय सोनी शामिल रहे।

## बदहाल रास्ते से परेशान ग्रामीणों ने की खड़ंजा निर्माण की मांग

**डलमऊ, रायबरेली।** विकास खंड के जमाल नगर मोहद्दीनपुर गांव के ग्रामीण बदहाल और कीचड़ युक्त रास्ते से परेशान हैं। मंगलवार को ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) डलमऊ को प्रार्थना पत्र सौंपकर इस मार्ग पर खड़ंजा निर्माण की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान और खंड विकास कार्यालय में शिकायत करने के बावजूद रास्ते का निर्माण नहीं हुआ, जिससे उनकी नाराजगी बढ़ रही है। जमाल नगर मोहद्दीनपुर गांव को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता पूरी तरह जर्जर हो चुका है। खड़ंजा न होने के कारण बारिश में यह मार्ग कीचड़ से लबालब हो जाता है, जिससे ग्रामीणों, खासकर स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों शिवांश, रानी, नीरज, प्रेमा, आशा देवी, अंशिका, सुरेंद्र कुमार, राधिका, हरि कृष्ण, कोमल, संजू, दीपक, मंजू, अरविंद, अमरजीत, रौनक, आंचल, राम खेलावन, प्रदीप कुमार आदि ने बताया कि रास्ते की हालत इतनी खराब है कि कई बार बच्चे, ग्रामीण और राहगीर कीचड़ में फिसलकर गिर चुके हैं और उन्हें चोटें भी आई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और खंड विकास कार्यालय को सूचित किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कीचड़ और गड्ढों से भरे इस रास्ते के कारण न केवल दैनिक आवागमन मुश्किल हो गया है, बल्कि आपात स्थिति में भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों में इस उपेक्षा को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद खंड विकास अधिकारी डलमऊ, अशोक सचान ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सचिव को खड़ंजा निर्माण के लिए आदेशित किया गया है और जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# एनटीपीसी ऊंचाहार का नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित

**रायबरेली।** एनटीपीसी लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत सोसाइटी फॉर वॉलंटरी एक्शन एंड रिसर्च (टाा) के सहयोग से संचालित संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र, रायबरेली ने ग्राम पंचायत उमरन में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया। यह केंद्र ओपीडी सुविधा और 15-बिस्तरों वाले नशा मुक्ति केंद्र के रूप में नशे की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता, पुनर्वास, काउंसलिंग एवं थेरेपी प्रदान करता है। पिछले नौ महीनों में लगभग 3100 मरीजों को परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जा चुका है, जो केंद्र की व्यापक पहुंच और प्रभावशीलता का प्रमाण है।




इसी क्रम में ग्राम पंचायत उमरन में आयोजित जागरूकता शिविर में 100 मरीजों का पंजीकरण हुआ और उन्हें पोषण किट वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे श्री अभय कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी ऊँचाहार तथा श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव, अध्यक्षा, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब, एनटीपीसी ऊँचाहार। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख , छज्च्छ ऊँचाहार, ब्ै टीम के सदस्य एवं ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे।

इस पहल की ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों ने सराहना की। यह शिविर नशा मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और एनटीपीसी ऊँचाहार की निकटवर्ती गांवों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनटीपीसी ऊँचाहार क्षेत्रीय समुदाय के स्वास्थ्य सुधार और रायबरेली जिले में जीवन स्तर को बेहतर बनाने हेतु निरंतर सक्रिय है।

## आरटीआई की सूचना न देने पर बीडीओ पर कार्रवाई

**ऊंचाहार, रायबरेली ।** सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपेक्षित सूचना न उपलब्ध कराने और राज्य सूचना आयोग के आदेशों की अवहेलना करने पर रोहनिया ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी पर कार्रवाई हुई है । राज्य सूचना आयोग ने उन पर 25 हजार रु.का जुमार्ना लगाया है। आयोग ने यह कार्रवाई क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी अमन सिंह की अपील पर की है। दरअसल उनके गांव में एक व्यक्ति का निवास प्रमाण पत्र जारी करने और उसका परिवार रजिस्टर बनाने के मामले में अमन साल नही ने खंड विकास अधिकारी से सूचना चाही थी । अमन सिंह का आरोप था कि वह व्यक्ति दूसरे देश का निवासी है, उसने फर्जी तरीके से भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए साठगांठ करके प्रमाण पत्र हासिल किया है ।

## ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच दिया ज्ञापन



**अमेठी।** जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच प्रधानों द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि गौवंशो के भरण पोषण हेतु शासन से प्राप्त होने वाली धनराशि को ससमय न हस्तांतरित होने से गौशाला संचालको में अधिकारियों के प्रति नाराजगी है उनका कहना है कि जिस तरह से प्रदेश सरकार द्वारा समय समय पर गौशाला संचालन में कोताही न बरतने के आदेश तो जारी होते रहते हैं परंतु अमेठी जनपद में अधिकारियों की वजह से पैसे के अभाव में गायों तथा गोवंशों की चारा पानी सही ढंग से नहीं हो पाता,जिससे गोवेंशो के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है प्रदेश सरकार के इस आदेश का अधिकारियों में कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। प्रधानों द्वारा दिए गए ज्ञापन और मांग ने जहां अमेठी जनपद के अधिकारियों की पोल खोल कर रख दी है वहीं गौशाला संचालकों को धन के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानों द्वारा बताया गया कि अभी वर्तमान में 20 सितंबर तक 3 माह की धनराशि बकाया है । भला ऐसे में गोवंशों की चारा पानी की व्यवस्था कैसे हो। पाँच सूत्रीय ज्ञापन में शिकायत के साथ साथ मांगे भी मनवाने का जिक्र किया था। जनपद के 13 विकास खण्डों में से 9 विकास खण्डों के गौशाला संचालक प्रधानों द्वारा बताया गया की गौशाला का संचालन करते हुए 4 वर्ष 6 माह बीत गया है परंतु अभी तक जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा इस संबंध में उनके साथ न तो कोई मीटिंग हुई है और ना ही समस्या जानने का प्रयास किया गया ।प्रदेश के अन्य जिलों में पुलिंग धनराशि जारी है परंतु अमेठी में पुलिंग धनराशि रोक कर सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है ।साथ ही मांग रखी है कि गौशाला संचालित ग्राम सभाओं में मनरेगा से संबंधित कार्यों में साठ चालीस के रेशियों के अनुपात से छूट भी दिलाई जाए । उपरोक्त मामला जिला अधिकारी अमेठी संजय कुमार चौहान के संज्ञान में आते ही उन्होंने ज्ञापन के संबंध में आश्वासन देते हुए कहा कि एक हफ्ते के अंदर धनराशि के आवंटन के साथ-साथ मीटिंग के लिए भी समय रखा जाएगा।

## विभागीय योजनाओं को समय से पूरा करें अधिकारी : जिलाधिकारी

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं,कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें।इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली, तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं ,कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीर भानू सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## नेत्र पूजन के साथ की आरती

**तिलोई,अमेठी।** शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर तहसील तिलोई क्षेत्र के सौ से अधिक दुर्गा पंडालों में माता की प्रतिमाएं स्थापित की गयी वैदिक मंत्रोच्चरण से साथ नेत्र पूजन किया गया प्रातः और सायंकालीन बेला में पूजन आरती होने से क्षेत्र भक्ति मय नजर आ रहा है वहीं दुर्गा पूजा कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तिलोई मुन्ना सिंह ने नसरतपुर टेटहरवापुर राजापुर गडेहरी बैसनपूरे भीखमशाह जगदीशवापुर मुर्तजापुर बारकोट पट्टी खोलकर पूजन अर्चन किया जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि बंटी सिंह ने धीरापुर जैतपुर रामगंज में पट्टी खोलकर पूजन अर्चन किया युवा समाजसेवी इन्हौना प्रधान प्रत्याशी शिरीष गुप्ता ने अहमदाबाद पिपरी इन्हौना में पट्टी खोलकर पूजन अर्चन किया ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी ने रस्ता म ऊ दुगार्पुर राजापुर मत्तेपुर मोतीगंज बढ़ इन बहुआ में पट्टी खोलकर पूजन अर्चन किया वहीं तमाम पंडालों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों वा भक्तों की भारी भीड़ देखनें को मिली ।



## नहीं मिली कार तो दे दिया तीन तलाक

**अमेठी ।** दहेज में कार की मांग को लेकर काफी दिनों से पत्नी को प्रताड़ित करने वाले पति व परिवार ने जब सफलता न मिल पाई तो पत्नी को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया आखिरकार 10 महीने के बच्चे के साथ घर से निकलने के बाद भी बच्चे पर जरा सा भी रहम नहीं आई ।शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। मामला जनपद के कमरौली थाना क्षेत्र के बाबागंज मजरे रसूलपुर निवासी गुलफान पुत्र सुहेल दिन की शादी 20 नवंबर 2030 को हुई थी लेकिन तब से पति के साथ ससुर देवर , सास , दहेज में कार की मांग लगातार कर रहे थे लेकिन ना मिल पाने के चलते पत्नी को तीन तलाक दे दिया परेशान पत्नी ने थाने पहुंचकर शिकायती पत्र दिया तो पुलिस ने अधिकारों के सुरक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग

**तिलोई,अमेठी।** तिलोई तहसील के ग्राम पूरे नेमधर मजरे लोधवरिया में देर रात भीषण आग लगने से दो परिवारों का लगभग छ लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। अज्ञात कारणों से लगी इस आग ने कुछ ही मिनटों में दो घरों को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार, आग सबसे पहले रामराज पुत्र बंशी लाल के घर में भड़की और तेज लपटों ने पास ही स्थित श्रीराज पुत्र बंशी लाल का घर भी अपनी जद में ले लिया। आग की भीषणता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घरों में रखा अनाज, लकड़ी, भूसा और उपला सब कुछ जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक उठी लपटों को देखकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग बाल्टियों और मोटरों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि ग्रामीणों के प्रयास नाकाफी साबित हुए। सूचना पाकर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, दोनों परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना से पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि आग में उनकी साल भर की मेहनत और जीवनभर की जमा-पूंजी जल गयी।

संक्षेप

## इलाज के दौरान महिला की मौत

**आगरा।** झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका का शव पूरी रात क्लीनिक में पड़ा रहा, जबकि आरोपी झोलाछाप मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पूरा मामला ट्रांस यमुना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया इलाके का है। मूल रूप से एटा निवासी सुनील की शादी आठ साल पहले शिकोहाबाद की पूजा से हुई थी। दंपति की तीन बेटियां हैं। पांच वर्षीय परी, तीन वर्षीय दिव्यांशी और एक वर्षीय अनन्या। लगभग 15 दिन पहले ही यह परिवार जीवन नगर में किराए पर रहने आया था। रविवार रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद सुनील अपने ठेकेदार के पास चला गया। वह पेशे से पुताई का काम करता है। रात में लगभग 11 बजे पूजा को पेट में तेज दर्द हुआ। वह अकेली ही इलाज के लिए झोलाछाप डॉक्टर रामजीलाल सोपा के क्लिनिक पर पहुंची। यहां पर रात लगभग 12 बजे उसकी मौत हो गई। सुबह जब एक महिला दवा लेने क्लीनिक पहुंची, तो उसने पूजा का शव चारपाई पर पड़ा देखा। उसने तुरंत पुलिस और पूजा के परिवार को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को क्लीनिक के अंदर से ग्लूकोज की बोतलें, इंजेक्शन, कुर्सियां दवाइयाँ और चारपाई मिली। रामजीलाल वर्षों से क्लीनिक को संचालित कर रहा था और वहीं पर ही रहता था। फिलहाल आरोपी फरार है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खून से लिखे पत्र, महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**मथुरा।** राया कस्बे में पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा कटरा बाजार फाटक को बंद करने के बाद छटवें दिन कटरा बाजार फाटक पर चल रहे धरना प्रदर्शन में आज महिलाओं ने एक जुट होकर रेलवे हठधर्मिता के खिलाफ रेलवे फाटक पर बैठ गयी। और रेल प्रशासन मुर्दाबाद, नारी एकता जिन्दाबाद, रेलवे की मनमानी नही चलेगी आदि नारे लगाने लगी। वही समाजसेवी भूपेश अग्रवाल क्रांतिकारी नेता अंकुर देवा प्रधान अमित गोयल आदि महिला पुरुषों ने खून से रेलमंत्री को पत्र लिखा। वहीं इस मामले में संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे डीआरएम बीना सिन्हा से मुलाकात की। और फाटक बंद के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। डीआरएम ने 26 सितंबर को राया आने के बाद समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान



सोनिया अग्रवाल सभासद रुक्मणी अग्रवाल राधा अग्रवाल रिचा अग्रवाल निरमा अग्रवाल भूरी देवी पूनम अग्रवाल फाटक बंद का विरोध करते लोग हेमलता प्रियंका वंदना पिंकी ज्योति उमा अग्रवाल सुशीला देवी, लता वर्ष्णेय, सचिन अग्रवाल, ब्रजमोहन वर्मा, छोटू अग्रवाल आदि सैकड़ों महिलाएं पुरुष मौजूद रहे। अग्रसेन मेला भी हुआ स्थागित अग्रवाल सभा ने शोभायात्रा स्थागित करने के बाद 24 को होने वाला अग्रसेन मेला भी स्थापित कर दिया सभा के अध्यक्ष राकेश बंसल ने बताया कि फाटक को लेकर लोगों में आक्रोश है। सभा ने 24 सितंबर को गणेश बाग में होने वाले अग्रसेन मेला को भी स्थागित कर दिया है वहीं राम बारात ने भी कस्बा राया में नगर भ्रमण नहीं किया।

# जीएसटी रिफॉर्म पर भाजपा नेता हुए जनता से रूबरू

### भाजपा नेताओं ने जनमानस की राय के बाद कहा- जनता जीएसटी रिफॉर्म से बेहद खुश



**मथुरा।** जिला भाजपा नेताओं ने आज शहर के लोगों से घर जाकर और बाजारों में जनता एवं व्यापारियों से मुलाकात की और केंद्र की नीतियों को लेकर उनसे विचार विमर्श किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से व्यापारी वर्ग एवं मध्यम वर्ग बेहद खुश है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप गोस्वामी एवं महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने आज मध्यम वर्ग के लोगों के घर एवं बाजार में जाकर के व्यापारी वर्ग एवं मध्यम वर्ग के लोगों से मुलाकात की और जीएसटी रिफॉर्म के बारे में सरकार की नीतियों के बारे में पूछा तो जनता ने कहा ये बहुत अच्छा हुआ। भाजपा नेता गोस्वामी एवं सिंघल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी के रिफॉर्म के चलते माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत वासियों को मध्यम आय वर्ग के लोगों को जो महंगाई में राहत देने के का कार्य किया गया है उसी संबंध में आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मथुरा जनपद के सभी बाजारों में दुकानदारों महिलाओं व्यापारियों, से बात करने के लिए निकले और उनसे बात करने के बाद जानने की कोशिश की की वास्तविकता में जीएसटी रिफॉर्म के बाद बाजार में किस प्रकार का माहौल है। जीएसटी को कम करने के बाद आम ग्राहकों को उसका लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप गोस्वामी, महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल चिंता हरण चतुर्वेदी, महानगर मंत्री मलय राठौर ने गोविंद नगर /कृष्ण नगर क्षेत्र में व्यापारियों से जीएसटी रिफॉर्म पर वार्ता की। सभी व्यापारियों ने, महिलाओं ने मोदी जी की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इस जीएसटी के स्लैब को कम करने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही जिस प्रकार से जीएसटी का सरलीकरण किया गया है उस पर दुकानदारों ने आम ग्राहकों ने संतुष्टि जाहिर की। त्योहार के अवसर पर महिलाओं की खुशी देखने लायक थी आम जनता इस रिफॉर्म से बेहद खुश है। भाजपा के कार्यकर्ता आने वाले समय पर भी लगातार जनता एवं व्यापारियों महिलाओंआम नागरिकों के बीच संपर्क में रहते हुए जीएसटी का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले इसके लिए निरंतर संपर्क व्यापारियों से करते रहेंगे।

## जाति धर्म से उठकर मानव कल्याण पर विचार गोष्ठी आयोजित

जिला संवाददाता (vol)

**शिकोहाबाद।** नेहा गेस्ट हाउस में मानव समाज कल्याण द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दलबीर सिंह यादव ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. मौकम सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान कमलेश यादव, दिलीप सिंह, इं. धर्मवीर सिंह राही प्रख्यात व्यंगकार वरिष्ठ कवि प्रशांत उपाध्याय थे। कार्यक्रम के संयोजक विवेक यादव ने कहा कि मानव कल्याण परिस्थितियों के अनुसार बदलता रहता है। पात्र को पहचान कर कि पात्र पात्रता की श्रेणी में आता है या नहीं तभी सहयोग करें, तभी कल्याण होगा। साथ ही मानव के विचारों में कैसे परिवर्तन लाएं और उसको कैसे सही रास्ते पर लायें। यह राही ने कहा कि मानवता की सबसे बड़ी प्रयोगशाला यदि कोई है तो वह हमारी मां है। हम कितने मां के करीब होते हैं उतने ही हम मानवतावादी, उदारवादी, संस्कारवादी होते हैं। जब हम बाहरी दुनिया से निकलते हैं तो तरह-तरह के लोग मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मां तुमसे छोटा इस दुनिया में कोई शब्द नहीं है, सच तो यह है कि मां तुमसे बड़ा दुनिया में कोई अर्थ नहीं है। डॉ. शिवेंद्र यादव ने कहा कि खराब व्यवस्था एवं विचारधारा से निकलकर मानव कल्याण एवं मानव विकास का रास्ता चुनें वह सभी के लिए व्यक्तिगत भी अच्छा है एवं समाज कल्याण के लिए भी अच्छा है। पूर्व प्रधान ने कहा कि हमने समाज में केवल मानव जाति समझकर लोगों की, समाज की सेवा की है, लेकिन राजनीतिकारों ने मानवता का तार तार कर दिया है। कासगंज से पधारी विनय ह्यूमनिस्ट ने कहा कि हर धर्म से, संप्रदाय से अच्छी-अच्छी बातें निकालिए फिर उस पर मंथन कीजिए, फिर उससे अच्छा-अच्छा निकल कर जो आएगा वह है मानवता धर्म। बुंदेलखंड के भगवान सिंह ऐरे ने कहा कि जाति धर्म से उठकर मानव समाज कल्याण हेतु हम सभी को अपना दायित्व निभाना चाहिए। वहीं दिनेश कुशवाहा झांसी, मोहित यादव उरई, चंद्रशेखर दोहरे, रमेश चंद्र गजेंद्र प्रताप सिंह वरिष्ठ कवि, आलोक अर्श, डॉ सहदेव सिंह चौहान, सुशील कुमार फौजी, श्रीभान यादव, रामदेव राजस्थान,डॉ. सुनैना यादव, डॉ भावना दुबे, उमंगलता, रेखा यादव, शिखा, गुड़िया, सत्येंद्र सिंह ने अपने विचार रखे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक विवेक यादव ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन विनीत यादव ने किया।

## एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



**शिकोहाबाद।** पांच उ. प्र.बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सज्जन सिंह के आदेशानुसार प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एस.एन. ठाकुर के निर्देशन में कैप्टन डॉ आर बी पाण्डेय एवं सूबेदार सुशील चाहर की देखरेख में पालीवाल महाविद्यालय के कैडेट्स ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता एवरीवन बिजनेस टैगलाइन को साकार करने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित सुभाष पार्क एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की साफ सफाई का कार्यक्रम चलाया। इस दौरान कैडेट्स ने सुभाष पार्क तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की साफ सफाई के उपरांत माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विशाल पाठक ने कहा कि भारत सरकार की इच्छा के अनुसार एनसीसी कैडेट्स इस प्रकार के स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर रहे हैं जो एक सराहनीय कार्य है। अंत में कैप्टन डॉ आर.बी. पाण्डेय एवं बटालियन से आए सूबेदार सुशील चाहर ने कहा कि हम सभी एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट्स आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर सीक्यूएमएस शिवम, सार्जेंट तरुण यादव सार्जेंट वंशिका यादव, सार्जेंट आकाश यादव काजल प्रेरणा युक्ति एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

# संस्कृति विवि में वक्ताओं ने छात्रों को बताये विधि क्षेत्र में नौकरी के मौके

**मथुरा।** सांस्कृति विवि के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज द्वारा कैरियर ऑपर्च्युनिटीज इन लॉ विषय को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में कैरियर के अवसरों के बारे में बहुत मूल्यवान जानकारियां उपलब्ध कराईं। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार कानून( विधि ) डिग्री हासिल कर वो किस मुकाम को हासिल कर सकते हैं।



कार्यशाला के मुख्य वक्ता, इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रहलाद कृष्ण शुक्ला ने अधिवक्ता पेशे के महत्व, प्रारंभिक दौर की चुनौतियों, न्यायिक सेवा, प्रभावी संप्रेषण कौशल, विधि एवं वित्त मंत्रालय के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों, लोक अभियोजक एवं न्यायिक अधिकारियों के करियर विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने केस लॉ, शोध एवं न्यायालयीन निर्णयों के महत्व पर भी विशेष बल दिया। इस अवसर पर संस्कृति स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डॉ. डी. एस. तोमर ने छात्रों को करियर एडवांसमेंट प्रोग्राम और व्यावहारिक अनुभव की अनिवार्यता पर पर जोर डालते हुए कहा कि विश्वविद्यालय लगातार आपको अपग्रेड करते रहने के प्रयास में जुटा है, जिसका आप लोगों को लाभ उठाना चाहिए। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों आदित्य ओझा और आदित्य दुबे ने भी छात्रों को विधि क्षेत्र में शैक्षणिक प्रगति, बेयर एक्ट के महत्व एवं प्राध्यापक बनने की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा छवि शर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने वक्ताओं से कई सारे सवाल कर अपने डाउट क्लीयर किए। वक्ताओं ने छात्रों के सवालों पर अपने निजी अनुभवों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में कानून के विद्यार्थियों की आवश्यकता के बारे में जानकारियां दीं। अंत में डॉ. कमल सिंह धाकड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी अतिथियों, मुख्य वक्ता एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया।

# चिह्नित स्थानों पर ही करें विसर्जन नदियों की पवित्रता व स्वच्छता बनाये रखें : एसडीएम




**फिरोजाबाद।** एसडीएम सदर सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में यमुना निगरानी समिति सदस्यों ववॉलिंटियरों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक तहसील सदर सभागार कक्ष में संपन्न हुई। जिसमें, विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नवरात्रि में स्थापित होने वाली देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान होने वाली समस्याओं को लेकर अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। जिसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सदर सतेन्द्र सिंह ने तत्काल प्रभाव से सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को धार्मिक आयोजनों के दौरान मोबाइल टॉयलेट वेन, डस्टबिन चिन्हित किए गए मार्ग एवं विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था ट्रैफिक व्यवस्था वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था तालाबों पर गोताखोरों की व्यवस्था अग्निशमन वाहन एम्बुलेंस, स्वास्थ्य विभाग की टीम महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती आदि व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश जारी करते हुए समस्त नगरवासियों से अपील की, कि स्थापित देव प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए स्थानों पर ही करना सुनिश्चित करें। जिससे नदियों की पवित्रता व स्वच्छता बनी रहे और किसी प्रकार का प्रदूषण या मानव क्षति न हो। यमुना निगरानी समिति की बैठक में मुख्य रूप से जन आधार कल्याण समिति से प्रवीन कुमार शर्मा चर्चित फाउंडेशन से कश्मीर सिंह, प्राचीन मारुति नंदन हनुमान मंदिर से विकास चंद्र बंसल, सहयोग सेवा संस्थान से आकृति सहयोगी, जन कल्याण विकास समिति सचिव से कृष्ण मोहन चक्रवर्ती गौ सेवा सूफीपुर समिति से विवेक तिवारी कन्हैया श्री नारायण दिव्यांग सेवा समिति से दिलीप कुमार प्रजापति कोमल फाउंडेशन से अश्विनी राजौरिया सनातन सेवा समिति से पं.उमाशंकर शर्मा एवं आदर्श विकास संस्थान से राजेश दुबे सहित अन्य समाजसेवी और अधिकारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्तिः एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक बनी कक्षा पांच की छात्रा प्रिया

**मथुरा,बलदेव।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के कार्यक्रम मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में आज नारी सशक्तीकरण का संदेश देने के उद्देश्य से अनूठी पहल कर एक दिन के लिए मेधावी छात्रा प्रिया को विद्यालय का प्रधानाध्यापक बनाया गया। कुछ इसी तरह हिंदी फिल्म नायक में भी अनिल कपूर को एक दिन का सीएम बनाया गया था। छात्रा प्रिया ने प्रधानाध्यापक के रूप में अपने सभी दायित्वों को बखूबी निभाते हुए विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को प्रोत्साहित किया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज छात्रा प्रिया को प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने एक दिन का प्रधानाध्यापक बनाकर शैक्षिक कार्यो का दायित्व सौंपा और प्रधानाध्यापक बनी छात्रा को प्रधानाध्यापक की कुर्सी पर बैठाकर प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक साइड कुर्सी पर बैठे। एक दिन की प्रधानाध्यापक बनने के बाद प्रिया ने सबसे पहले प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, उन्हें नियमित और समय से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने छात्रों से खुद स्वच्छ रहकर विद्यालय को भी स्वच्छ बनाने की अपील की। उन्होंने कक्षा कक्ष, मिड डे मील, अध्यापक और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए पूरे दिन अपने सभी कार्यों को पूरी कुशलता व निर्भीकता के साथ निभाया। बातचीत में एक दिन की प्रधानाध्यापक बनीं प्रिया ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे यादगार दिन है, उन्होंने इस अवसर को भविष्य में वास्तविक रूप में हासिल करने की इच्छा जताई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने छात्रा प्रिया की कार्यशैली की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इससे सभी छात्रों में अनुशासन और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित




**फिरोजाबाद।** जनपद के विकास भवन के सभागार में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्य अतिथि कामिनी राठौर महापौर फिरोजाबाद ने भगवान धनवन्तरि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर एडीएम, सीएमओ परियोजना निदेशक जिला अद्यान अधिकारी जिला खाद्य एवं सुरक्षा उपायुक्त एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में औषधीय पौधों की जानकारी एवं मोटे अनाज सम्बन्धित शिविर का आयोजित किया गया साथ ही आयुष आपके द्वार के अन्तर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे डा० रामौतार एवं डा० लीना यादव ने रोगियों का परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में लगभग 275 जनसामान्य जन ने लाभ प्राप्त किया। मंच पर उपस्थित गणमान्यों द्वारा आयुर्वेद के सम्बन्ध में विचार प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में डा० दुर्गेन्द्र सिंह एवं डा० भावना गुप्ता द्वारा आयुर्वेद के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। मंच का संचालन डा०मो०बजीर अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी फिरोजाबाद डा० सुनीता पाल द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## आगरा में सड़क पर बना डाले मकान नगर निगम ने लगाये निशान

**आगरा।** आगरा के केके नगर में लोगों ने सड़क घेर कर मकान बना लिए। इससे 80 फीट की सड़क 50 फीट से भी कम रह गई। ऐसे में लोगों का आवागमन प्रभावित होने लगा। शिकायत के बाद नगर निगम हरकत में आया। 6 ऐसे मकान चिह्नित किए गए हैं, जो सड़क घेर कर बनाए गए। इन पर लाल निशान लगा दिए गए हैं। सिकंदरा स्थित केके नगर में मुख्य सड़क पर अवैध निर्माण का बड़ा मामला सामने आया है। आरटीआई के माध्यम से मिली शिकायत की जांच के बाद पता चला कि आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मुख्य मार्ग को घेरकर मकान खड़े कर लिए हैं। नगर निगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सुनील शर्मा ने नगर निगम को दी शिकायत में कहा था कि केके नगर की मुख्य सड़क की चौड़ाई लगभग 80 फुट है, लेकिन अवैध कब्जों के कारण यह काफी कम हो गई है। सड़क संकरी होने से क्षेत्रवासियों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर अवर अभियंता हरिओम प्रवर्तन दल के साथ मौके पर पहुंचे और क्षेत्र का निरीक्षण किया। जांच के बाद प्रशासन ने सभी अवैध निमार्णों पर लाल निशान लगा दिए। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। जिन भवनों पर निशान लगाए गए हैं, उनके मालिक अब नगर निगम के अगले कदम को लेकर चिंता में हैं। इस मामले में नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया कि मुख्य मार्गों और सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। के के नगर में जिन भवनों पर लाल निशान लगाए गए हैं, उनके स्वामियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। यदि निर्धारित समय में कब्जा नहीं हटाया गया तो नगर निगम स्वयं कार्रवाई करेगा।

## आगरा में मिले डेंगू-मलेरिया के 5 नये मरीज, 27 घरों में मिला लार्वा, कराया गया एंटी लार्वा का छिड़काव

**आगरा।** डेंगू के 5 नए मरीज मिले हैं। इनमें दो बच्चे शामिल हैं। अब तक डेंगू के 59 और मलेरिया के 23 मरीज मिल चुके है। स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में 27 घरों में लार्वा मिला है। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि 182 सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, जिसमें से 5 में डेंगू और मलेरिया की पुष्टि हुई है। जांच एसएन मेडिकल कॉलेज में कराई गई थी। टीम भेज कर इनके घर और आसपास सर्वे कराया गया। मरीजों के घरों के आसपास 27 घरों में लार्वा मिला है। पानी के ड्रम, कूलर की टंकी, टायरों में लार्वा था। एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। मरीजों का इलाज घरों पर ही चल रहा है, मरीजों की स्थिति सामान्य है। डेंगू मलेरिया से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस समय अधिकतर घरों में सफाई चल रही है। ऐसे में लोग अपने घरों से कूलर की टंकी,पानी की टंकी, टायर, गमले आदि में पानी न इकट् ?ठा होने दें। घरों के आसपास जलभराव की स्थिति होने पर सूचना दें, जिससे एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा सके। सीएमओ का कहना है कि लोग अपनी जांच एसएन मेडिकल कॉलेज में करा सकते हैं।

## मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत छात्राओं को किया जागरूक



**टूंडला।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन हर स्?तर पर प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में थाना टूंडला पुलिस ने छात्राओं को मुसीबत में जमकर मुकाबला करने व हेल्?पलाइन नंबर पर तुरंत अवगत कराने की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्राओं व शिक्षक व अन्?य महिलाओं ने जमकर प्रतिभाग लिया। मंगलवार को मिशन शक्ति फेस-5.0 के तहत थाना टूंडला पुलिस ने ग्राम पंचायत मोहम्मदाबाद के गांव बन्?ना स्थित प्राइमरी विद्यालय व ठा. बीरीसिंह महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक नदीम अली ने छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा कि किसी भी गलत जगह फसने के दौरान मुसीबत का जमकर सामना करें। साथ ही मौका लगते ही जल्?द से जल्द हेल्?पलाइन नंबर पर अवगत कराएं। उन्?होंने कहा कि महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच रखें। साथ ही महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में ठा. बीरी सिंह महाविद्यालय प्रचार्य नीरज कुमारी प्रोफेसर बबीता वैदिक निर्मला व प्राइमरी विद्यालय के ग्राम बन्?ना की प्रधानाध्?यापिका रजनी सहायक अध्?यापिका मिथलेश उमा देवी महिला कांस्टेबल निशा ऊषा चौधरी कांस्टेबल सचिन कुमार रॉबिन मंगल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गणेशरा स्टेडियम में हुआ माध्यमिक विद्यालय जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**मथुरा।** माध्यमिक विद्यालय जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता तथा चयन ट्रायल का आयोजन स्वर्गीय मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा में किया गया जनपदीय क्रीड़ा समिति मथुरा के सचिव डॉ पदम सिंह कौन्तेय के अनुसार माध्यमिक विद्यालय जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बालिकाओं के लिए विभिन्न तीन आयु वर्ग 14 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग में स्वर्गीय मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेश्वर मथुरा में प्रातः 10 बजे से किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रतियोगिता संयोजक डॉक्टर गिरिराज सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के जनता इंटर कॉलेज नौझील ,चमेली देवी खंडेलवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा, किसान इंटर कॉलेज सौंख खेड़ा ,गांधी इंटर कॉलेज छाता, चमेली देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज सिहोरा, महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सौंख बालिका राजकीय विद्यालय परखम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल स्कूल फरह शांतनु बिहारी इंटर कॉलेज सतोहा जय गुरुदेव विद्यालय मथुरा आदि विद्यालयों की लगभग 200 बालिकाओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभा किया।

## फिरोजाबाद के व्यापारी की मौत हादसा नहीं, हत्या निकली

**आगरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के कल्पना कुंज में शनिवार को किराये के बंद मकान में खून से लथपथ व्यापारी का शव मिला था। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हत्या आई है। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या और लूट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिकंदरा के कल्पना कुंज में तीन दिन पहले फिरोजाबाद के व्यापारी राजकुमार उपाध्याय (60) का शव मिला था। पड़ोसियों ने बदबू आने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने शव को बंद घर से बरामद कर पोस्टमार्टम भेजा था। घर के मुख्य दरवाजे का ताला लगा था। अंदर कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। शव कमरे के फर्श पर पड़ा था उसके पास शराब की बोतल और गिलास पड़े थे। कमरे का समान अस्त व्यस्त था। मृतक के बेटे आशीष ने बताया कि पिता राजकुमार उपाध्याय आनंदीपुर फिरोजाबाद में अपने मकान को बेचकर कुछ दिन पहले ही आगरा आए थे। उनके पास नकदी और कीमती आभूषण थे। वह यहां किराए के मकान में रहकर घर की तलाश कर रहे थे। आगरा में ही व्यापार करने की सोच रहे थे। उन्होंने पास ही में एक मकान में किराये पर दुकान भी ले ली थी। इसमें धीरे-धीरे व्यापार के लिए सामान इकट्ठा कर रहे थे। मकान मिलने के बाद पूरा परिवार आगरा ही रहने आने वाला था। आशीष ने बताया कि पिता राजकुमार ने अपने सहयोग के लिए एक लड़का रखा हुआ था जिसका आगरा में आना जाना रहता था। ये बात भी पुलिस को बताई गई है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। पुलिस घटला की जांच में लगी है। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# राष्ट्रपति 25 को मथुरा वृंदावन में

- डीजीपी और अपर मुख्य सचिव ने पांच स्थानों का निरीक्षण

**मथुरा (मधुसूदन शर्मा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मथुरा दौरे की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मंगलवार को प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा और अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार मथुरा पहुंचे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और श्रीकुब्जा कृष्ण मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था देखी। शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति वृन्दावन स्थित सुदामा कुटी आश्रम के महंत सुतीक्ष्ण दास महाराज के निवेदन पर कुटी के संस्थापक सुदामा दास महाराज के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में नवनिर्मित भजन स्थली का लोकार्पण भी कर सकती



है। राष्ट्रपति का मथुरा में 25 सितंबर को दौरा प्रस्तावित है। वह वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी मंदिर, निधिवन और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अलावा अंतापाड़ा स्थित कुब्जा-श्रीकृष्ण मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगी। पुलिस-प्रशासनिक मशीनरी उनके दौरे की तैयारियों में लगी हुई है। वृंदावन से लेकर मथुरा शहर तक लगातार तैयारियां की जा रही हैं। अंतापाड़ा के उपेक्षित पड़े कुब्जा श्रीकृष्ण मंदिर में राष्ट्रपति के दर्शन कार्यक्रम को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कतें हो रही हैं। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन लगातार इस इलाके में साफ-सफाई के अलावा अन्य कार्य करा रहा है। अभी उनका जन्मभूमि से कुब्जा श्रीकृष्ण मंदिर तक पहुंचने का रूट भी फाइनल नहीं किया गया है। उनके दौरे की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए ही मंगलवार को डीजीपी राजीव कृष्ण और अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था का मौका-मुआयना करने पहुंचे उप्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने पत्रकारों से कहा, मैं यहां 25 सितंबर को प्रस्तावित राष्ट्रपति की एक दिवसीय यात्रा के मद्देनजर, उन स्थानों की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए आया हूं जहां वह भ्रमण के लिए जाएंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का दौरा सफलतापूर्वक संपन्न होगा। वृन्दावन में बंदरों से दर्शनार्थियों को हो रही परेशानी के विषय पर पूछे जाने पर डीजीपी ने कहा, राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के मद्देनजर जिला प्रशासन ने हाल में इस समस्या से निपटने के लिए कदम उठाए हैं। हालांकि, यह एक पुरानी समस्या है, इसलिए जिला प्रशासन के स्तर पर क्या किया जा रहा है, इसकी जानकारी जिलाधिकारी ही देंगे। उन्होंने शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## संक्षेप

### देश के विकास में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने देश की व्यवसायी महिलाओं के शीर्ष निकाय, फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित 'फ्यूचर फ्रंटियर्स कॉन्क्लेव' में बोलते हुए कहा कि फिक्कीफ्लो का कार्य सशक्तिकरण के संपूर्ण क्षेत्र में फैला हुआ है, मूल रूप से - ग्रामीण भारत में महिलाओं को कौशल प्रदान करना, आजीविका को बढ़ावा देना और वित्तीय साक्षरता सुनिश्चित करना ताकि कोई भी महिला पीछे न छूटे। उद्यम में- उद्यमियों को सलाह देना, बाजार तक पहुँच बनाना और छोटे व्यवसायों और स्टार्ट-अप के लिए डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाना। नीतिगत मंच पर लैंगिक समानता, कॉर्पोरेट नेतृत्व और समावेशी राष्ट्रीय विकास की वकालत करना। देश के विकास में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है क्योंकि वे हमारी आधी आबादी हैं।

### आईडीबीआई बैंक की 310 शाखाओं पर लोन उत्सव शुरू

बंगलुरु। आईडीबीआई बैंक ने 22 सितंबर से 4 अक्टूबर, 2025 तक एक विशेष रिटेल लोन उत्सव शुरू किया है। बैंक के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ बैंक ऐसा दोस्त जैसा की ब्रांड फि लॉसफी के अंतर्गत आईडीबीआई बैंक ने हाउसिंग लोन, ऑटो लोन, एजुकेशन लोन, प्रॉपर्टी पर लोन और पर्सनल लोन आदि पर विशेष ऑफर पेश किए हैं। 'रिटेल लोन उत्सव' को भारतीय परिवारों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि वो त्योहारों के शुभ अवसर पर अपनी जीवनशैली और वित्त से संबंधित जरूरतों को पूरा कर सकें। आईडीबीआई बैंक का 'रिटेल लोन उत्सव' भारत के 29 राज्यों के 156 जिलों में बैंक की 310 शाखाओं पर चल रहा है।

### कोटक लाइफ ने लॉन्च किया एज

नोएडा। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने 25 साल पूरे होने पर एक नया प्लान कोटक एज (अर्ली डिफाइंड गारंटीड अर्निंग्स) लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ऐसा इंश्योरेंस प्लान है जो आज के ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। कोटक एज भी एक ऐसा ही समाधान है, जो लंबी अवधि की सुरक्षा और फाइनेंशियल स्थिरता से समझौता किए बिना शुरूआती कुछ महीनों बाद ही रेगुलर इनकम के रूप में सपोर्ट करता है।

### 50 फीसद भारतीय खरीदना पसंद करते हैं स्वदेशी ब्रांड्स

नयी दिल्ली। स्वदेशी ब्रांड्स के प्रति नया भरोसा भारतीय उपभोक्ताओं के खरीद निर्णयों को प्रभावित कर रहा है। आधे से ज्यादा लोगों ने कहा कि वे स्वदेशी और छोटे बिजनेस ब्रांड्स से खरीदना पसंद करते हैं, क्योंकि वे आसानी से मिलते हैं, उनसे जुड़ी कहानियाँ संबंधित होती हैं और उनमें असली वैल्यू होती है। रुकम कैपिटल, जो शुरूआती चरण के उपभोक्ता ब्रांड्स का समर्थन करती है, ने यह जानकारी अपने एक व्यापक अध्ययन में दी है, जिसमें भारतीय खरीददारों के बदलते व्यवहार, प्राथमिकताओं और खरीद के कारणों का विश्लेषण किया गया है।

### टाटा प्ले ने अपने मुख्य पैक्स से सोनी को हटाया

नई दिल्ली। पिछले कुछ महीनों से टाटा प्ले ने अपने मुख्य पैक्स से सोनी चैनल्स को हटा दिया है, जिससे दर्शकों को उन्हें अलग से खरीदना पड़ रहा है। यूएई में खेले गए एशिया कप 2025 के बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबले में जीत की मिठास तो मिली, लेकिन टाटा प्ले के हजारों सब्सक्राइबर्स के लिए यह नहीं मिला।

### क्रॉम्पटन का ड्यूरा सीरीज सबमर्सिबल पंप्स लॉन्च

नयी दिल्ली। पानी की सप्लाई की बात हो तो हर कोई ऐसी मशीन चाहता है जो टिकाऊ हो और सालों तक भरोसेमंद काम करे। ग्राहकों की इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी नई ड्यूरा सीरीज सबमर्सिबल पंप्स लॉन्च की है। 80 साल से अधिक के अनुभव के साथ तैयार की गई यह रेंज घरों, खेती और उद्योग सभी के लिए उपयुक्त है। सबमर्सिबल पंप हर जगह जरूरी होते हैं, लेकिन उनका रखरखाव आसान नहीं होता। पंप खराब होने पर रोजमर्रा का काम रुक जाता है और इन्हें निकालने व दोबारा लगाने में समय, मेहनत और खर्च तीनों बढ़ जाते हैं।



### नेटफ्लिक्स को नोटिस

मुंबई। कपिल शर्मा का द ग्रेट इंडियन कपिल शो कानूनी पचड़े में फंस सकता है। वकील सना रईस खान ने प्रोड्यूसर फिरोज ए. नाडियाडवाला की ओर से नेटफ्लिक्स को एक कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि द ग्रेट इंडियन कपिल शो ने एक आइकॉनिक किरदार का इस्तेमाल बिना अनुमति किया है।

# सेंसेक्स में 58 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 58 अंक नीचे आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 33 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिकी एच- 1बी वीजा शुल्क काफी बढ़ाये जाने के बीच आईटी तथा निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली तथा विदेशी पूंजी की निकासी से बाजार में गिरावट आई।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 57.87 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 82,370.38 अंक तक गया और नीचे में 81,776.53 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, वाहन और चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में लिवाली ने नुकसान को कम किया। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, इटर्नल और आईटीसी प्रमुख रूप नुकसान में रहीं। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में बिकवाली से भी प्रमुख सूचकांक नीचे आए। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, मारुति और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। घरेलू शेयर बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा और अंत में यह लगभग स्थिर बंद हुआ। यह दर्शाता है कि निवेशक बाजार से दूरी बनाकर रहे। व्यापक धारणा सतर्क रही और छोटी और मझोली कंपनियों के शेयर मानक सूचकांकों से पीछे रहे। जीएसटी कटौती के बाद त्योहारी मांग में मजबूती के संकेतों के बीच क्षेत्रवार देखा जाए तो वाहन, धातु और वित्तीय शेयरों में तेजी आई, जबकि एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों) और रियल्टी शेयरों पर मुनाफावसूली का दबाव रहा। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.35 प्रतिशत नीचे आया जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप में 0.29 प्रतिशत की गिरावट आई। ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, शेयर बाजारों ने दिन के निचले स्तर से तेजी से वापसी की। इसका कारण निवेशकों को जीएसटी सुधारों के समर्थन से घरेलू मांग में सुधार की उम्मीद है। आगामी भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद ने भी बाजार धारणा को और मजबूत किया, जिससे निचले स्तर पर खरीदारी को बढ़ावा मिला और बाजार के निकट भविष्य के दृष्टिकोण में नए विश्वास का संकेत मिला।

# सोने की कीमतें 2700 बढ़कर 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये शिखर पर



नयी दिल्ली। सुरक्षित निवेश के लिए वैश्विक मांग बढ़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,700 रुपये बढ़कर 118,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1 बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,18,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह ।,15,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में भारी गिरावट ने कीमती धातु की कीमतों में तेजी को और बढ़ा दिया। चांदी की कीमतें भी मंगलवार को 3,220 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। पिछले सत्र में यह 136,380 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अमेरिकी एच-1 बी वीजा शुल्क में भारी बढ़ोतरी के कारण विदेशी कोषों की निरंतर निकासी के बीच मंगलवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 47 पैसे की गिरावट के साथ 88.75 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे भारतीय आईटी सेवा निर्यात को बड़ा झटका लगने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,791.10 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। हाजिर चांदी 0.57 प्रतिशत बढ़कर 44.32 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री छह से नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

नयी दिल्ली। देश में दोपहिया वाहनों की बिक्री चालू वित्त वर्ष में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में छह से नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वृद्धि का यह अनुमान हाल ही में जीएसटी दर में की गई कटौती पर आधारित है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह बात कही। जीएसटी दर में कटौती से खरीद क्षमता और मांग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पुराने वाहनों की जगह नये वाहन की मांग, शहरी क्षेत्र में पुनरूद्धार और सामान्य मानसून से ग्रामीण आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। इक्रा ने बयान में कहा कि अगस्त, 2025 में घरेलू थोक बिक्री सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख इकाई हो गई। इसका कारण मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने त्योहारों से पहले अच्छी बिक्री जारी रखी। हालांकि, खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर मामूली 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अत्यधिक बारिश और जीएसटी दर में कटौती से जुड़ी कुछ खरीद टाले जाने के कारण वृद्धि बाधित रही। आगामी त्योहारों के दौरान इसमें तेजी आने की उम्मीद है। इक्रा के अनुसार, उसका अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत बढ़ेगी। यह अनुमान पुराने की जगह नये वाहनों की मांग, शहरी मांग में सुधार, सामान्य मानसून से बेहतर ग्रामीण आय और हाल ही में जीएसटी दर में कमी पर आधारित है।

# रुपया 47 पैसे टूटकर 88.75 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया मंगलवार को 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.75 (अस्थायी) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

अमेरिका के एच- 1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच घरेलू मुद्रा पर दबाव है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.41 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में फिसलकर यह दिन के सर्वकालिक निचले स्तर 88.76 प्रति डॉलर पर आ गया। अंत में यह 88.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 12 पैसे की गिरावट के साथ 88.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि रुपया कमजोर बना रहेगा क्योंकि अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि का मुद्दा घरेलू बाजार की धारणा को कमजोर कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप विदेशी पूंजी की निकासी हो सकती है। हालांकि, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में समग्र कमजोरी घरेलू मुद्रा को समर्थन दे सकती है। चौधरी ने कहा कि डॉलर-रुपये का हाजिर भाव 88.45 से 89.20 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.28 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 57.87 अंक की गिरावट के साथ 82,102.10 अंक पर जबकि निफ्टी 32.85 अंक फिसलकर 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 66.84 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 2,910.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## जीएसटी नोटिस की मौद्रिक सीमा तय करने की योजना

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड करदाताओं पर अनावश्यक दबाव कम करने और नोटिस जारी करने में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जीएसटी मांग के नोटिस पर मौद्रिक सीमा लागू करने की योजना बना रहा है। बोर्ड के सदस्य शशांक प्रिय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

शशांक प्रिय ने उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम में कहा कि सीबीआईसी जल्द ही अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को इस संबंध में निर्देश जारी करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर मांग के नोटिस केवल इसलिए जारी नहीं होंगे कि मांग की पुष्टि हो जाए। इसके लिए एक मौद्रिक सीमा तय करने की योजना है। उन्होंने कहा कि हम तुच्छ आधार पर नोटिस जारी करने के पक्ष में नहीं हैं। अब क्षेत्रीय कार्यालयों में न्यायसंगत फैसले सुनिश्चित किए जाएंगे और अनुचित मांग को हटाने में कोई हिचक नहीं होगी। यह एक सांस्कृतिक बदलाव है।

## बॉब इ पे ऐप पर पहली इ रूपी पी2पी शुरू

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक दूरगामी पहल करते हुए आज अपने बॉब इ पे यूपीआई ऐप पर इ रुपी पर्सन-टू-पर्सन (पी2पी) डिजिटल गिफ्टिंग सुविधा का शुभारंभ किया। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के इ-रुपी प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित, यह बैंकिंग जगत की पहली ऐसी पेशकश है जो ग्राहकों को परिवार, दोस्तों या अन्य लाभार्थियों को व्यक्तिगत, उद्देश्य-विशेष, प्रीपेड डिजिटल वाउचर उपहार देने में सक्षम बनायेगा जिससे यूपीआई भुगतान और अधिक उपयोगी और बहु-आयामी होगा।

# बड़े जहाजों के निर्माण को मिला अवसंरचना क्षेत्र का दर्जा

नयी दिल्ली। सरकार ने मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए अब बड़े जहाजों के निर्माण एवं संचालन को अवसंरचना क्षेत्र का दर्जा दे दिया है। वित्त मंत्रालय की तरफ से एक गजट अधिसूचना के मुताबिक, अब भारतीय स्वामित्व और ध्वज वाले 10,000 टन या उससे अधिक वहन क्षमता वाले वाणिज्यिक जहाजों को अवसंरचना क्षेत्र का दर्जा मिलेगा। इसके अलावा, भारत में निर्मित ।,500 टन या उससे अधिक क्षमता के भारतीय स्वामित्व वाले जहाजों को भी यह सुविधा दी जाएगी।

वित्त मंत्रालय ने 19 सितंबर को जारी अधिसूचना में कहा कि बड़े जहाजों को ढांचागत उप-क्षेत्रों की मानकीकृत सूची के तहत परिवहन एवं लॉजिस्टिक श्रेणी में नए उप-क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है। सरकार का यह निर्णय वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश बजट में की गई घोषणा के अनुरूप है। ढांचागत क्षेत्र का दर्जा मिलने से जहाज उद्योग को कई लाभ मिलेंगे। अब उनके लिए विदेशों से आसान वित्तपोषण, कर-मुक्त बॉन्ड के जरिये धन जुटाने की सुविधा, कर छूट और आईआईएफसीएल जैसे समर्पित ऋणदाताओं एवं ऋण कोषों तक पहुंच आसान हो जाएगी। भारत ने 2016 में जहाज निर्माण स्थल को अवसंरचना क्षेत्र की सूची में जगह दी थी। फिलहाल इस सूची में पांच मुख्य क्षेत्र और 38 उप-क्षेत्र हैं।

## श्रीराम फाइनेंस का फोकस यूपी रणनीति की घोषणा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के इरादे से, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी और भारत की सबसे बड़ी एनबीएफसी में से एक, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने आज अपनी फोकस यूपी रणनीति की घोषणा की, जो उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते बाजार में अपनी पहुंच को विस्तार देने की एक व्यापक योजना है। जी. एम. जिलानी, संयुक्त प्रबंध निदेशक, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि फोकस यूपी रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ व्यक्तिगत आवागमन को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए किफायती दोपहिया ऋण। छोटे और सूक्ष्म उद्यमों को समर्थन देने के लिए एमएसएमई ऋण में बढ़ोतरी। सुरक्षित क्रेडिट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गोल्ड लोन की पेशकश में विस्तार। नए और पुराने दोनों तरह के कमर्शियल वाहनों के लिए आसानी से उपलब्ध कमर्शियल वाहन लोन। यह पहल राज्य भर में ग्राहकों की भागीदारी को गहरा करने के उद्देश्य से तैयार की गई है, जो उत्तर प्रदेश की तेज आर्थिक गति और वित्तीय सेवाओं की मौसमी मांग को ध्यान में रखती है।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स की टॉप 2 प्राइवेट लिमिटेड से साझेदारी

नयी दिल्ली। एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने सिंगापुर आधारित टॉप2 प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। इस का उद्देश्य ताइवान से एक सेमीकंडक्टर पार्टनर की पहचान और अंतिम चयन करना है। इस समझौते के तहत एमआईसी कंपनी टॉप2 के साथ मिलकर ताइवान में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन पार्टनर खोजने और सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेगी। इसका लक्ष्य मासिक 25,000 से 30,000 वेफर्स के उत्पादन की शुरूआत करना है, जो व्यवहार्यता, वार्ता और नियामकीय मंजूरी पर आधारित होगा। इससे पूर्व, कंपनी के निदेशक मंडल ने सिंगापुर स्थित नियो सेमी एसजी प्राइवेट लिमिटेड में इक्विटी हिस्सेदारी अधिग्रहण की खोज हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की थी।

# केंद्र ने दी उत्तर प्रदेश, गुजरात में प्रमुख खरीफ दलहनों और तिलहनों की खरीद को मंजूरी

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को इस वर्ष उत्तर प्रदेश और गुजरात से प्रमुख खरीफ दलहनों और तिलहनों की खरीद को मंजूरी दे दी।

इस संबंध में निर्णय क्रमशः उत्तर प्रदेश और गुजरात के कृषि मंत्रियों सूर्य प्रताप शाही और राघवजी पटेल के साथ एक वर्चुअल बैठक में लिया गया। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि बैठक में, केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में लगभग 2.27 लाख टन उड़द (काला चना), 1.13 लाख टन अरहर, ।,983 टन मूंग, 30,410 टन तिल और 99,438 टन मूंगफली की खरीद पर सहमति व्यक्त की। गुजरात में, केंद्र ने 47,780 टन उड़द, 4,415 टन मूंग, 1.09 लाख टन सोयाबीन और 12.62 लाख टन मूंगफली खरीदने पर सहमति जताई। बयान के अनुसार, चौहान ने कहा कि खरीफ 2025-26 के लिए पहले अग्रिम अनुमान जारी होने के बाद, किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए, आवश्यकतानुसार स्वीकृत मात्रा में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक पात्र किसान को डिजिटल और पारदर्शी प्रणाली के



माध्यम से सरकारी दर पर फसल बेचने और समय पर भुगतान प्राप्त करने का अधिकार मिलेगा। मंत्री ने खरीद में पारदर्शिता और अनियमितताओं की रोकथाम पर भी ज़ोर दिया। खरीद एजेंसियों नेफेड और एनसीसीएफ को किसानों का पूर्व-पंजीकरण शुरू करने का निर्देश दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल पंजीकृत किसान ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी उपज बेचें। ई-समृद्धि और ई-संयुक्ति पोर्टल पर खरीद प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल होगी, जिससे बैंक खातों में सीधे भुगतान संभव होगा। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी और कृषि मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### मोहनलाल दादा

था। कोविड महामारी के चलते राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का आयोजन दो वर्ष विलंब से चल रहा है। आज आयोजित समारोह में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी जैसे सितारों को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के सम्मान दिया गया। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। उन्हें फिल्म 'जवान' (2023) के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। उनके अलावा विक्रांत मैसी को '12वीं फेल' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। दोनों सितारों को बतौर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतिष्ठित 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में शाहरुख खान ब्लैक सूट में नजर आए। इस समारोह में उनकी मैनेजर पूजा ददलानी ने भी शिरकत की। वहीं, विक्रांत मैसी व्हाइट कलर के सूट में खूब जंचे। विक्रांत और शाहरुख दोनों का यह पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। अभिनेता मोहनलाल पारंपरिक लिबास में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में शिरकत करने पहुंचे। वे व्हाइट कलर के लुंगी कुर्ता में पहुंचे। दादासाहेब पुरस्कार प्रदान करने से पूर्व राष्ट्रपति मुर्मू ने उन्हें शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मोहनलाल को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। सम्मान ग्रहण करने के बाद मोहनलाल ने संबोधन भाषण दिया। उन्होंने दर्शकों, पुरस्कार ज्यूरी और पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

### स्वदेशी से

यह सभी अयोध्या में बने थे। इस बार भी दीपोत्सव में रिकॉर्डतोड़ दीप प्रज्वलित होंगे और यह मिट्टी व गाय के गोबर से बनेंगे। लोकल लोगों को तैयार करना होगा। हर घर में दीप जले, दीप भी भारत का स्वदेशी मॉडल है। सीएम योगी ने कहा कि 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में यूपीआईटीएस का आयोजन होगा। 25 को इसके तीसरे चरण का शुभारंभ सुबह 9.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह स्वदेशी और आत्मनिर्भर का सबसे अच्छा मॉडल है। यूपी के अंदर बने उत्पाद को केवल शोकेस ही नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे बड़ा भी मंच मिलेगा। 500 विदेशी समेत पूरे देश से व्यापारी भी खरीदारी करने आ रहे हैं। दिल्ली, नोएडा, ग्रेनो, यमुना अथॉरिटी समेत आसपास के सभी होटल फुल हो चुके हैं। पिछले साल चार दिन में 2200 करोड़ की बिक्री हुई थी। इस सफलतम आयोजन से यूपी के कारीगरों, उद्यमियों व हस्तशिल्पियों को प्लेटफॉर्म मिलता है। सभी से अनुरोध किया कि एक दिन आईटीएस का अवलोकन करें। यहां यूपी की ताकत का अहसास होगा।

सीएम ने कहा कि स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत के अभियान का हिस्सा बनने वाला है। यह विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने और उसकी आधारशिला को सुदृढ़ करने का अभियान है। स्वदेशी केवल नारा नहीं है और न ही यह खादी वस्त्रों तक सीमित है। भाजपा नेतृत्व की सरकार देश में सुई से लेकर समुद्री मालवाहक जहाजों और फाउंटेन पेन से लेकर एरोप्लेन का निर्माण कर रही है। पीएम मोदी ने स्वदेशी की इस अवधारणा को व्यापक व विराट रूप दिया है। जो भारत में निर्मित हो, जिसमें भारत के श्रमिकों का पसीना और यहां के युवा शक्ति की प्रतिभा लगी हो। वह स्वदेशी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड यानी दुनिया के लिए भारत के द्वारा बनाया गया उत्पाद हमारे लिए स्वदेशी है। हम स्वदेशी को जीवन का हिस्सा बनाएं। सीएम योगी ने सीपी जोशी के वक्तव्य की चर्चा की और कहा कि दो हजार वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 40 फीसदी था। आज से 300 वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 25 फीसदी था। औद्योगिकीकरण से होने वाले उत्पादन में भारत का योगदान नंबर एक (अकेले 25 फीसदी) था। वृहत्तर भारत मतलब आज का भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश। 300 वर्ष तक भारत दुनिया की नंबर एक की आर्थिक ताकत और नंबर एक का उत्पादक राष्ट्र था और कृषि में भारत का कोई सानी नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से भारत दुनिया में सातवें नंबर पर है। मुख्यमंत्री ने बंगाल के इतिहास का जिक्र किया और कहा कि विदेशी शासकों ने स्वार्थ के लिए वहां के कारीगरों के हाथ काट दिए थे। सीएम ने कहा कि होली से दीवाली के बीच हर गांव में गाय, बकरी, भैंस खेतों में बांधे जाते थे।

### राज्य सरकार

या जुझौती कहा जाता था। यह क्षेत्र पाषाण युग से ही मानव गतिविधियों का साक्षी रहा है। कालांतर में गुप्त एवं चंदेल राजाओं द्वारा यहां अनेक मंदिरों एवं किलों का निर्माण कराया गया।

बयान के अनुसार, पत्र में मुख्यमंत्री ने यह भी अवगत कराया कि शौर्य और पराक्रम की गाथाओं से परिपूर्ण बुंदेलखंड भूभाग का भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के विकास में अमूल्य योगदान है। यह क्षेत्र शैक्षणिक, सांस्कृतिक, कलात्मक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत समृद्ध है, किंतु कतिपय कारणों से वर्ष 2014 तक यह क्षेत्र उपेक्षित रहा।

पत्र में योगी आदित्यनाथ ने यह भी उल्लेख किया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा यह प्रेरणा दी गई थी कि बुंदेलखंड में स्थित महलों, किलों तथा स्मारकों को संरक्षित कर उन्हें पर्यटन की दृष्टि से विश्व पटल पर स्थापित किया जाए और उनका विकास कराया जाए।

### पराग ने घटायी

292.00 का मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि जीएसटी सुधार का लाभ निश्चित रूप से दुग्ध उत्पादकों और उपभोक्ताओं को मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि उप्र सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक प्रदेश को दुग्ध उत्पादन, प्रोसेसिंग मूल्य संवर्द्धन और प्रबंधन के क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर्ता राज्य बनाया जाए। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने में, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, ग्रामीण रोजगार सृजन, पोषण और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने समेत बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में दुग्ध विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है।

### अफ्रीका में

पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षमताओं का निर्माण किया है और देश में उत्पाद सहयोगपरक माहौल स्थापित किया है। कंपनी ने कहा कि यह आवश्यक उप-प्रणालियों और प्रौद्योगिकी की आपूर्ति करने वाले समर्पित सहायक भागीदारों को भी सहायता प्रदान करता है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, सुकरन सिंह ने कहा, किसी निजी भारतीय रक्षा ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) द्वारा स्थापित पहले विदेशी विनिर्माण संयंत्र के रूप में, यह भारत में डिज़ाइन की गई रक्षा प्रौद्योगिकी प्रणालियों को विदेशी मित्र देशों को उपलब्ध कराने की हमारी रणनीतिक पहल का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा, मोरक्को में कैसाब्लांका के पास आज रक्षा कारखाने का उद्घाटन भारत-मोरक्को औद्योगिक साझेदारी में एक नया अध्याय जोड़ता है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स को इस उपलब्धि का हिस्सा बनने पर गर्व है। यह संयंत्र प्रारंभ में रॉयल मोरक्कन आर्मी की ज़रूरतों को पूरा करेगा और इसके बाद उसका विस्तार अफ्रीका में मित्र देशों को निर्यात करने के लिए किया जाएगा।

### सीतापुर : दोस्त

मासूमों की मौत हो चुकी थी। मोहिनी की हालत गंभीर है और उसका उपचार चल रहा है। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि मृत बच्चों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दी।

### 'महक कृषि

हैं, जिनमें महिला प्रधान बंदीरक्षक, महिला बंदीरक्षक, अपर महानिरीक्षक (सुधारात्मक विंग), रेसिडेंट मेडिकल ऑफिसर और वैयक्तिक सहायक शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उधमसिंहनगर जिले के रुद्रपुर स्थित ग्राम बागवाला में निम्न आय वर्ग के लिए बनाए जा रहे 1,872 आवासों पर आने वाले अतिरिक्त 27.85 करोड़ रुपये का व्यय राज्य सरकार वहन करेगी।

शिक्षा विभाग के अंतर्गत वर्तमान में संचालित पांच शैक्षिक टीवी चैनलों के प्रभावी संचालन के लिए आठ नए पदों के सृजन तथा प्रारंभिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 2012 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दिव्यांग युवक/युवती से विवाह करने पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया है।

### भारत-अमेरिका

गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो विश्व में सर्वाधिक है।

इस बैठक से कुछ ही दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नए एच ।बी वीजा पर एक लाख अमेरिकी डॉलर का भारी-भरकम शुल्क लगाने वाले एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। इस घोषणा से सूचना प्रौद्योगिकी और चिकित्सा क्षेत्र के पेशेवरों सहित भारतीय पेशेवरों में व्यापक चिंता पैदा हो गयी, जो एच ।बी कुशल-कर्मचारी कार्यक्रम के सबसे बड़े लाभार्थी हैं। रुबियो और जयशंकर ने पिछली बार जुलाई में वाशिंगटन डीसी में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर द्विपक्षीय मुलाकात की थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च-स्तरीय सत्र के इतर हुई यह द्विपक्षीय बैठक उसी दिन हुई जब भारत और अमेरिका ने एक व्यापार समझौते के शीघ्र निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए चर्चा की। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अमेरिकी पक्ष के साथ बैठकों के लिए न्यूयॉर्क में है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बताया था कि प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य चर्चाओं को आगे बढ़ाना है ताकि आपसी लाभकारी व्यापार समझौते के शीघ्र निष्कर्ष तक पहुंचा जा सके। जयशंकर ने सोमवार को यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों से उनकी अनौपचारिक बैठक में भी मुलाकात की।

### दो साल बाद

सामना कर रहे आजम खान के लगभग दो साल की कैद के बाद जमानत पर जेल से रिहा हुए। सोमवार शाम को खान के लिए रिहाई आदेश जारी किया गया, जिसमें उन्हें अपने खिलाफ दर्ज सभी मामलों में ज़मानत मिल गई। इससे 23 महीने से सीतापुर जेल में बंद आजम खान की रिहाई का रास्ता साफ हो गया। हालांकि आज जेल से उनकी रिहाई सुबह जल्दी होनी थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार रामपुर की एक अदालत में कुछ मामलों में जुर्माना न चुकाने के कारण रिहाई में कुछ घंटों की देरी हुई। बाद में, जब रामपुर कोर्ट में 3000-3000 रुपये के दो जुर्माने जमा किए गए और उनकी डाक सीतापुर जेल भेज दी गई, तब खान को रिहा कर दिया गया। इससे पहले, आज़म खान ने अपने वकील के माध्यम से शुक्रवार 19 सितंबर को सांसद-विधायक अदालत में उच्च न्यायालय का आदेश दाखिल किया था। इसके साथ ही डूंगरपुर समेत 19 मामलों में ज़मानत भी दाखिल की गई थी। अदालत ने आज़म की ओर से दाखिल किए गए ज़मानत पत्रों का सत्यापन करने का आदेश दिया था। सोमवार को पुलिस और राजस्व प्रशासन ने ज़मानत पत्रों का सत्यापन अदालत में दाखिल किया। इसके बाद एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सीतापुर जेल अधीक्षक के लिए आज़म के 19 मामलों में रिहाई के आदेश जारी कर दिए। जिला प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सीतापुर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी।




# श्रीलंका ने पाकिस्तान को दिया 134 रन लक्ष्य

## एशिया कप : कमिंडू मेंडिस की फिफ्टी, शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट झटके

एजेंसी

अबु धाबी। श्रीलंका ने एशिया कप 2025 के तीसरे सुपर-4 मैच में पाकिस्तान को जीत के लिए 134 रन का टारगेट दिया है। अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। श्रीलंकाई टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 133 रन बनाए। चमिका करुणारत्ने 17 रन पर नाबाद लौटे। कमिंडू मेंडिस ने 44 गेंद पर 50 रन की पारी खेली। कप्तान चरिथ असलंका ने 20 रन बनाए। कुसल परेरा और वनिंदू हसरंगा ने एक समान 15-15 रन जोड़े। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने 3 विकेट झटके।

हारिस रऊफ और तलत हुसैन को 2-2 विकेट मिले। 19वें ओवर में कमिंडू मेंडिस ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने शाहीन शाह अफरीदी के ओवर की तीसरी बॉल पर दो रन लिया और तीसरी फिफ्टी पूरी की। अगली ही बॉल पर शाहन अफरीदी ने उन्हें एलबीडब्ल्यू कर लिया। इस बॉल पर फील्ड अंपायर ने पाकिस्तानियों की अपील खारिज कर दी थी, लेकिन कप्तान सलमान ने रिव्यू लिया और कमिंडू एलबीडब्ल्यू हो गए। 17वें ओवर की पहली बॉल पर श्रीलंकाई टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हारिस रऊफ की पहली बॉल पर कमिंडू मेंडिस ने चौका लगाया और टीम का स्कोर 100 पार पहुंचा दिया। 13वें ओवर की पहली बॉल पर श्रीलंकाई टीम ने छठा विकेट गंवाया। यहां वनिंदू हसरंगा 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अबरार अहमद ने बोल्ड कर दिया। ओवर की दूसरी बॉल पर चरिथ असलंका को हारिस रऊफ के हाथों कैच कराया। असलंका 20 रन बनाकर आउट हुए। ओवर की तीसरी बॉल पर दसुन शनाका को विकेटकीपर मोहम्मद हारिस के हाथों कैच कराया। शनाका अपना खाता तक नहीं खोल सके। तलत हुसैन अपना पहला ओवर डाल रहे थे। उन्होंने महज 4 रन खर्च किए। टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रही श्रीलंकाई टीम की शुरूआत खराब रही है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 53 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। हारिस रऊफ ने कुसल परेरा, जबकि शाहीन ने निसांका और मेंडिस को पवेलियन भेजा। छठे ओवर में श्रीलंकाई टीम ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कुसल परेरा 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हारिस रऊफ ने फहीम अशरफ के हाथों कैच कराया। हारिस रऊफ को इस मैच में पहला विकेट मिला है। पथुम निसांका 8 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंकाई टीम ने तीसरे ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। यहां पथुम निसांका 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शाहीन शाह अफरीदी ने मोहम्मद हारिस के हाथों कैच कराया। शाहीन को लगातार दूसरे ओवर में विकेट मिला है।



उन्होंने अपने पहले ओवर में कुसल मेंडिस को कैच आउट कराया था। श्रीलंकाई टीम ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया है। टीम के ओपनर कुसल मेंडिस बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उन्हें शाहीन शाह अफरीदी ने तलत हुसैन के हाथों कैच कराया। टॉस का सिक्का उछालते पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच टी-20 क्रिकेट का मुकाबला हमेशा रोमांचक रहा है। अब तक दोनों टीमें 23 बार आमने-सामने आ चुकी हैं, जिनमें पाकिस्तान ने 13 मैच जीते हैं, जबकि श्रीलंका ने 10 बार बाजी मारी है। अबु धाबी में आज काफी गर्मी रहेगी अबु धाबी में 23 सितंबर को धूप तेज रहेगी। तापमान दोपहर में लगभग 37झ38त्उ तक पहुंच सकता है। सुबह-सुबह मौसम थोड़ा ठंडा रहेगा। शाम के समय तापमान गिरकर 33-35त्उ के आसपास आ जाएगा। अबू धाबी में हाईएस्ट स्कोर 225 अबू धाबी में अब तक 75 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए। 33 बार पहले बैटिंग करने वाली टीम और 42 बार पहले बॉलिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। यहां का हाईएस्ट स्कोर 225 और सबसे छोटा स्कोर 84 रन है।

# खेल मंत्री ने विश्व पैरा एथलेटिक्स की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की



नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को 26 सितंबर से पांच अक्टूबर तक यहां होने वाली पहली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की अंतिम तैयारियों का जायजा लेने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम का दौरा किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारत की वैश्विक टूर्नामेंटों को इतने बड़े पैमाने पर आयोजित करने की क्षमता में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

इससे अंतरराष्ट्रीय खेलों के केंद्र के रूप में देश की स्थिति और मजबूत होगी। खेल एवं युवा मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे भी मांडविया के साथ थीं और उन्होंने यहां अभ्यास के लिए मौजूद खिलाड़ियों से मुलाकात और बातचीत की। स्थानीय आयोजन समिति, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) और खेल मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे। मांडविया ने स्टेडियम का विस्तृत दौरा किया, जिसमें एक्रिडिटेशन केंद्र, चिकित्सा केंद्र, नया बनाया गया वार्मअप और मुख्य मॉन्डो ट्रैक जैसे क्षेत्र शामिल थे। उन्होंने मॉन्डो ट्रैक का उद्घाटन 29 अगस्त को किया था। यह ट्रैक चैंपियनशिप के दौरान 100 से अधिक देशों के कुछ बेहतरीन पैरा-एथलीटों की मेजबानी करेगा। इसमें भारत के 73 पैरा खिलाड़ी शीर्ष स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मांडविया ने निरीक्षण के दौरान कहा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में उभरा है। वह वसुधैव कुटुंबकम (दुनिया एक परिवार है) पर विश्वास करते हैं।

यह हमें दुनिया भर के खिलाड़ियों को भारतीय धरती पर एक साथ लाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा 100 से अधिक देशों के भाग लेने के साथ, यह न केवल भारत द्वारा आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा-एथलेटिक्स आयोजन है, बल्कि यह हमारी क्षमता, समृद्ध संस्कृति और खेल को एक एकजुट करने वाली शक्ति के रूप में हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतिबिंब है। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हर पैरा-खिलाड़ी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का अनुभव करे और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पूरी तरह से समर्थित महसूस करे। पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता शरद कुमार भी यहां सिमरन शर्मा और प्रीति पाल के साथ मौजूद थे।

## संक्षेप

### मुंबई में पिंकाथन 21 दिसंबर को

मुंबई। स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता और अच्छे स्वास्थ्य के लिए एहतियाती कदम उठाने के महत्व को बढ़ावा देने के लिए भारत की सबसे बड़ी महिला दौड़ पिंकाथन 21 दिसंबर को मुंबई में वापसी करने के लिए तैयार है। मुंबई चरण के साथ बेंगलुरु, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई और दिल्ली सहित छह शहरों में होने वाली स्पर्धा की शुरुआत होगी जो नौ महीनों तक चलेंगी। पिंकाथन के 10वें सत्र में तीन किमी, पांच किमी और 10 किमी सामुदायिक दौड़ से लेकर 50 किमी, 75 किमी, 100 किमी और 100 किमी रिले की अल्ट्राडिस्टेंस रेस शामिल होंगी। पिंकाथन के संस्थापक मिलिंद सोमन ने कहा पिंकाथन में हमारा मिशन हमेशा से हर महिला को अपने स्वास्थ्य और फिटनेस की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना और साथ ही एक सशक्त तथा समावेशी समुदाय का निर्माण करना है।

### गोल्फ : लावण्या ने डब्ल्यूपीजीटी के 13वें चरण में बढ़त कायम की

गुरुग्राम। लावण्या जादोन 14वें होल में डबल बोगी लगाने के बावजूद हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 13वें चरण में मंगलवार को पहले दिन के खेल के बाद एक शॉट की बढ़त कायम करने में सफल रही। लावण्या ने चार बर्डी के मुकाबले तीन बोगी और एक डबल बोगी से एक ओवर 73 का कार्ड खेल डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में अनुभवी अमनदीप द्राल (74) और अमेच्योर खिलाड़ी जारा आनंद (74) पर एक शॉट की बढ़त कायम की है। अमेच्योर लावण्या गुप्ता, वाणी कपूर, आस्था मदान और अनन्या गर्ग तीन ओवर 75 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है।

### टीम इंडिया के कप्तान बने दिनेश कार्तिक

हांगकांग। भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिये भारत की टीम का कप्तान बनाया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह टूर्नामेंट सात नवंबर से खेला जायेगा। कार्तिक ने कहा हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी संभालना गर्व की बात है। मुझे इतने बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का इंतजार है। हम बेखौफ और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट हांगकांग चाइना के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा, दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाकर हम रोमांचित हैं। उनकी कप्तानी और अपार अनुभव टीम के काफी काम आयेगा और हमें यकीन है कि उनकी मौजूदगी दर्शको के आकर्षण का केंद्र बनेगी।

# ऑस्ट्रेलिया ए को भारत ए ने 350 रन पर रोका

एजेंसी

लखनऊ। बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के पांच विकेट के दम पर भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ए की बल्लेबाजी को ध्वस्त करते हुए नौ विकेट पर 350 रन पर रोक दिया। सुथार ने 93 रन देकर पांच विकेट लिए। तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने दो जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक-एक विकेट हासिल किया। श्रेयस अय्यर के हटने के बाद ध्रुव जुरेल इस मैच में भारत ए की कप्तानी कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला से पहले सिराज और केएल राहुल ने भी इस मैच से इंग्लैंड दौरे के बाद खेल में वापसी की। सिराज ने 13 ओवर में 73 रन खर्च किये जबकि प्रसिद्ध ने अपने 14 ओवरों में चार मेडन डालते हुए 63 रन खर्च किये। प्रसिद्ध ने चौथे ओवर में कैंपबेल केलवे को नौ रन पर आउट कर भारत को पहली सफलता



दिलाई लेकिन सिराज ने पहले अनौपचारिक टेस्ट के शतकवीर और ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज सैम कोनस्टास को 49 रन पर एन जगदीशन के हाथों कैच कराकर भारतीय खिलाड़ियों को जश्न मनाने का मौका दिया। कोनस्टास एक अच्छी शुरुआत के बाद अर्धशतक से चूक गए, लेकिन तीसरे नंबर पर आए ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने बरार की गेंद पर विकेट गंवाने से पहले 162 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 74 रन बनाए।

## आस्ट्रेलिया के ग्रेस हैरिस चोट के कारण विश्व कप से बाहर, हीथर ग्राहम टीम में

बेंगलुरू। आस्ट्रेलिया की हरफनमौला ग्रेस हैरिस पिंडली में खिंचाव के कारण आगामी वनडे विश्व कप से बाहर हो गई जिससे गत चैम्पियन टीम की आठवीं बार खिताब जीतने की उम्मीदों को झटका लगा है। मीडिया रपटों के अनुसार वेस्टर्न आस्ट्रेलिया की हरफनमौला हीथर ग्राहम को हैरिस की जगह टीम में शामिल किया गया है। टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से खेला जायेगा। हैरिस को दिल्ली में भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच में फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। उन्होंने श्रृंखला में एक ही मैच खेला। अनाबेल सदरलैंड के फिट नहीं होने से उन्हें इस मैच में मौका मिला था। आस्ट्रेलिया को विश्व कप में पहला मैच एक अक्टूबर को न्यूजीलैंड से खेलना है। ग्राहम ने आस्ट्रेलिया के लिए एक वनडे और पांच टी20 मैच खेले हैं।

# आईसीसी रैंकिंग में स्मृति शीर्ष पर

एजेंसी



दुबई। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला एकदिवसीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गईं जबकि स्मृति मंधाना ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की श्रृंखला में दो शानदार शतक जड़े। गुवाहाटी में 30 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पूर्व हुई इस श्रृंखला को हालांकि मेहमान टीम ने 2-। से जीता। स्मृति करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 रेटिंग अंक पर पहुंच गई हैं। दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट लिए जिससे भारतीय ऑफ स्पिनर 651 अंक के साथ दो स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ 36 रन देकर दो विकेट लेने के बाद तीन स्थान ऊपर चढ़कर 15वें पायदान पर पहुंच गईं। भारत की क्रांति गौड़ (23 स्थान के फायदे से 39वें स्थान पर) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है जबकि इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन (795 रेटिंग अंक) ने विश्व कप से पहले शीर्ष रैंकिंग की एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में 85 अंक की बढ़त बना रखी है। जहां स्मृति ने अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखा है तो वहीं ताजमिन ब्रिट्स ने बल्लेबाजी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के श्रृंखला जीतने के दौरान ब्रिट्स ने लगातार दो नाबाद शतक जड़े और 15 स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। ब्रिट्स का 2025 में औसत 91.85 है और उन्होंने इस दौरान एकदिवसीय मुकाबलों में 94.14 के स्ट्राइक रेट से 643 रन बनाए हैं। सितंबर 2023 की शुरुआत में 73वें स्थान पर रहने वाली दक्षिण अफ्रीका की इस बल्लेबाज ने शानदार सुधार किया है। इस बीच पाकिस्तान की सिदरा अमीन ने भी 10 स्थान की छलांग लगाई है। उन्होंने तीन मैच में नाबाद 121, 122 और नाबाद 50 रन बनाए। अमीन के 636 अंक हो गए हैं जो दाएं हाथ की इस बल्लेबाज के करियर के सर्वोच्च रेटिंग अंक हैं। वह अब 13वें स्थान पर है और शीर्ष 10 में जगह बनाने से सिर्फ 19 अंक पीछे हैं। बेथ मूनी (727 अंक) ने भी बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष दो में जगह बनाई लेकिन स्मृति शीर्ष पर उनसे काफी आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल 28 स्थान के फायदे से 61वें स्थान पर पहुंच गईं जबकि पाकिस्तान की नतालिया परवेज ने 54 स्थान की लंबी छलांग लगाई। दक्षिण अफ्रीका की मारिजान कैप आईसीसी महिला एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में ऐश गार्डनर के करीब पहुंच गईं। लगातार मैचों में शतक और दो विकेट लेकर वह हेली मैथ्यूज को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। ताहलिया मैकग्रा भी उम्दा गेंदबाजी की बदौलत नौ स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गईं। वहीं दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवरगति के लिये भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर मंगलवार को मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मेजबान भारत को स्मृति मंधाना के 125 रन के बावजूद 43 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। आस्ट्रेलिया ने यह श्रृंखला 2-1 से जीती। आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया जो निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे थी।

# सुपर कप फुटबॉल का आगाज गोवा में

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल के घरेलू सत्र का आगाज गोवा में 25 अक्टूबर से शुरू होने वाले सुपर कप से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ओडिशा एफसी को छोड़कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सभी क्लबों ने इस टूर्नामेंट में भाग लेने पर सहमति जताई है। इन आईएसएल क्लबों के साथ चार आई-लीग टीमें (इंटर काशी, रीयल कश्मीर, गोकुलम केरल एफसी और राजस्थान यूनाइटेड) भी शामिल होंगी। टूर्नामेंट का ड्रॉ बृहस्पतिवार को ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा।

सुपर कप आम तौर पर सत्र के आखिर में होने वाला टूर्नामेंट रहा है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों के कारण इस बार इसका आयोजन सत्र की शुरुआत में होगा। एआईएफएफ ने क्लबों को बताया है कि सुपर कप जीतने वाली टीम को 2026-27 सत्र के लिए एएफसी चैंपियंस लीग 2 प्ले-ऑफ में जगह दी जाएगी। इसके लिए हालांकि संबंधित टीम के पास 2026-27 सत्र के लिए भारतीय क्लब लाइसेंसिंग नियमों के तहत प्रीमियर एक लाइसेंस होना चाहिए। एआईएफएफ और शीर्ष घरेलू लीग आईएसएल के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट के नवीनीकरण से संबंधित मुद्दों के कारण इस लीग के आयोजन को रोक दिया गया है। इससे भारतीय घरेलू फुटबॉल पर अनिश्चितता के बादल छा गए है। वहीं




दूसरी ओर लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है।

खेल विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेस्सी केरल में होंगे। सूत्रों ने कहा कि विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि अर्जेंटीना के सहयोगी स्टाफ का एक सदस्य बुधवार को आयोजन स्थल के मुआयने के लिये कोच्चि आ सकता है। अर्जेंटीना टीम के केरल दौरे को लेकर कुछ विवाद हो गया था जब अगस्त में कुछ रिपोर्ट में कहा गया कि यह दक्षिण अमेरिकी टीम नहीं आ रही है। बाद में अगस्त में ही प्रदेश के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि टीम नवंबर में केरल आयेगी। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने पिछले महीने अपने आधिकारिक एक्स हैंडिल पर लिखा लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 2025 में फीफा दोस्ताना मैच खेलेगी। पहला छह से 14 अक्टूबर के बीच अमेरिका में खेला जायेगा।

अन्य 10 से 18 नवंबर के बीच अंगोला के लुआंडा और भारत के केरल में होंगे। केरल दौरे के बाद मेस्सी दिसंबर में भारत के विभिन्न शहरों का दौरा करेंगे। वह कोलकाता, मुंबई और अहमदाबाद के बाद दिल्ली जायेंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। अर्जेंटीना टीम इससे पहले 2011 में कोलकाता में वेनेजुएला के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलने आई थी। मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना टीम को केरल लाने के अभियान ने सितंबर 2024 में तेजी पकड़ी जब अब्दुरहमान ने स्पेन जाकर अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के अधिकारियों से मुलाकात की थी।

## श्रीजेश की नजरें सीनियर टीम का मुख्य कोच बनने पर

नयी दिल्ली। दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अगले पांच वर्ष में वह सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बनने का अपना सपना साकार कर लेंगे और उस समय तक वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए आवश्यक परिपक्वता हासिल कर लेंगे। श्रीजेश जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं और सीनियर टीम की जिम्मेदारी लेने की इच्छा पहले ही व्यक्त कर चुके हैं। श्रीजेश ने पीटीआई से कहा कोचिंग मेरे लिए नई है। मैं 25 साल हॉकी खेला हूं इसलिए जूनियर स्तर मेरे लिए सीखने का सही स्थान है। मेरे पास सब जूनियर स्तर के लिए धैर्य नहीं है जहां आपको बुनियादी बातें सिखाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा एक खिलाड़ी से कोच बनना एक बदलाव है। मुझे लगता है कि जूनियर स्तर सबसे अच्छा मंच है जहां मैं बहुत कुछ सीख सकता हूं इसलिए अभी मैं इसी प्रक्रिया से गुजर रहा हूं। श्रीजेश ने कहा मुझे सीनियर कोच बनने के लिए उस परिपक्वता की जरूरत है। मैं अचानक इसमें नहीं कूद सकता लेकिन निश्चित रूप से यह भविष्य का लक्ष्य है। मैं अपना काम कर रहा हूं। मैंने एफआईएच लेवल तीन कोचिंग कोर्स किया है। हॉकी इंडिया लीग की टीम एसजी पाइपर्स के हॉकी निदेशक श्रीजेश ने कहा, मुझे लगता है कि पांच से छह साल बाद मेरे पास कोच के रूप में भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व करने का अनुभव होगा। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश का मानना है कि भारतीय टीम में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले आगामी जूनियर विश्व कप में पोडियम पर जगह बनाने की क्षमता है।

# एशिया कप : भारत व बांग्लादेश का मुकाबला आज

एजेंसी

दुबई। पाकिस्तान को एक तनावपूर्ण मैच में हराने के बाद भारतीय टीम एशिया कप सुपर 4 चरण के अगले मैच में बुधवार को बांग्लादेश से खेलेगी तो भी तनाव कम नहीं रहेगा और इस मुकाबले में नजरें दोनों टीमों के स्पिनरों पर रहने वाली हैं। आंकड़ों के आधार पर देखा जायेगा तो यह मुकाबला भी एकतरफा रहने की उम्मीद है क्योंकि दोनों टीमों के बीच 17 टी20 मैचों में से बांग्लादेश एक ही जीत सका है।

वनडे विश्व कप 2015 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रोहित शर्मा को संदेह का लाभ देते हुए नॉट आउट करार दिये जाने के बाद से दोनों टीमों के मुकाबले तनाव से भरे रहे हैं। शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद से भारत के बांग्लादेश के साथ राजनयिक संबंध भी तनावपूर्ण रहे हैं। बीसीसीआई ने इस साल अगस्त में बांग्लादेश में होने वाली सफेद गेंद की श्रृंखला भी 2026 तक स्थगित कर दी बशर्ते वहां लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार सत्तारूढ हो। कागजों पर बांग्लादेशी टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती और सूर्यकुमार यादव की टीम एक और शानदार जीत की प्रबल दावेदार है। लेकिन इस प्रारूप में कुछ भी कयास लगाना संभव नहीं है और बांग्लादेश के स्पिनर बेहतर प्रदर्शन करके पासा पलट भी सकते हैं। बल्लेबाजी में हालांकि बांग्लादेश का भारत से कोई मुकाबला नहीं है। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं और 210 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। वहीं शुभमन गिल का पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद स्ट्राइक रेट 158 के आसपास है। बांग्लादेश के दो सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज कप्तान लिटन दास (129 प्लस) और तौहीद हृदय (124



प्लस) के आंकड़े भी दमदार नहीं हैं। बांग्लादेश चाहेगा कि भारत पहले बल्लेबाजी करे और तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के साथ उसके स्पिनर रिशाद हुसैन और आफ स्पिनर मेहदी हसन जल्दी विकेट निकालें। भारत को 150 . 160 रन पर रोकने की दशा में ही बांग्लादेश के लिये कोई उम्मीद बनेगी। भारत के लिये चिंता की मामूली बात तिलक वर्मा का स्पिनरों को अच्छे से नहीं खेल पाना है। क्रिकमेट्रिक विश्लेषण साइट के अनुसार तिलक का स्ट्राइक रेट 2025 में स्पिन के खिलाफ कम रहा है। उन्होंने 2024 में स्पिनरों की 61 गेंद खेलकर 116 रन बनाये जबकि डॉट गेंद का प्रतिशत 21 . 3 रहा है। इस साल उन्होंने सात पारियों में स्पिनरों की 80 गेंद खेलकर 92 रन बनाये और डॉट गेंदों का प्रतिशत 38 रहा है। तिलक और संजू सैमसन दोनों चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में स्पिनरों को बखूबी खेलना जरूरी है। तिलक की तुलना में रिंकू सिंह स्पिनरों को बेहतर खेल पाते हैं लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन संयोजन में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहता। मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।

# तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप बना भारत

## अगले तीन साल में वैश्विक नवोन्मेषण सूचकांक में शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा भारत : अमित शाह



गांधीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पिछले दशक में वैश्विक नवोन्मेषण सूचकांक में भारत की रैंकिंग 91 से बढ़कर 38 हो गई है। देश अगले तीन साल में शीर्ष 10 में जगह बना लेगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया अभियान के परिणाम दिखने लगे हैं और देश अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। इसने देश के युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाला बना दिया है। शाह ने यहां गुजरात सरकार के स्टार्टअप कॉन्क्लेव के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि हाल ही में वैश्विक नवाचार सूचकांक की घोषणा की गई। 2015 में इस सूचकांक में हमारी रैंकिंग 91 थी लेकिन 2025 में हम 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह हमारे लोगों की क्षमता को दर्शाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारे युवाओं के प्रदर्शन एवं क्षमताओं को देखते हुए देश अगले तीन वर्ष में शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा और दुनिया में नवोन्मेषण के क्षेत्र में अग्रणी होगा।

स्टार्टअप इंडिया योजना भारत सरकार की प्रमुख पहल है, जिसे 2016 में नवाचार को बढ़ावा देने और एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए शुरू किया गया था। इसका मकसद भारत को नौकरी चाहने वाले देश से नौकरियों का सृजन करने वाले देश में बदलना है। शाह ने कहा कि 2014 में हमारे पास सिर्फ 500 स्टार्टअप थे। आज हमारे पास डीपीआईआईटी (उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) के साथ पंजीकृत 1.92 लाख स्टार्टअप हैं। 2014 में हमारे पास चार यूनिकॉर्न थे और अब हमारे पास 120 ऐसे प्रतिष्ठान हैं जिनका संयुक्त बाजार मूल्य 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

उन्होंने कहा कि आज कुल स्टार्टअप में से 52 प्रतिशत छोटे व मझोले शहरों में स्थित हैं। कुल स्टार्टअप में से 48 प्रतिशत महिलाओं ने शुरू किए हैं। स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र ने 17.90 लाख लोगों को रोजगार दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि औसतन सालाना 17,000 स्टार्टअप स्थापित किए जाते हैं जिनमें से 9,000 छोटे व मझोले शहरों में होते हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान ने देश के युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाला बना दिया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से देशभर में स्टार्टअप को वित्तीय, बुनियादी ढांचा, नीतिगत और बैंकिंग सहायता उपलब्ध कराई गई है। स्टार्टअप की मदद के लिए 10,000 करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड्स बनाया गया है। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अधिकतम ऋण सीमा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है और विभिन्न कर रियायतें भी दी गई हैं। मंत्री ने उद्योग जगत के दिग्गजों से स्टार्टअप में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा कि हो सकता है कि उनमें से कोई एक दिन यूनिकॉर्न बन जाए और आपकी संपत्ति में वृद्धि करे। शाह ने कहा कि पिछले चार वर्ष से गुजरात स्टार्टअप क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उनके मंत्रियों व सरकारी अधिकारियों ने मिलकर गुजरात को स्टार्टअप क्रांति का केंद्र बनाया है। राज्य, देश के शीर्ष पांच राज्यों में से एक है। 16,000 स्टार्टअप गुजरात में हैं। केवल अहमदाबाद शहर 6,650 स्टार्टअप के साथ शीर्ष चार शहर में शामिल है। गुजरात लगातार चार वर्ष से स्टार्टअप क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य बना हुआ है।

# अटल इनोवेशन मिशन विकसित भारत बिल्डथॉन आयोजित करेगा



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय और अटल इनोवेशन मिशन स्कूली छात्रों में नवाचार, रचनात्मकता और समस्या-समाधान को प्रेरित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल, विकसित भारत बिल्डथॉन का आयोजन करेंगे।

उन्होंने कहा कि बिल्डथॉन देश भर के 1.5 लाख स्कूलों के एक करोड़ से अधिक छात्रों को चार विषयों के तहत प्रारूप बनाने, डिजाइन तैयार करने और विकसित करने के लिए प्रेरित करेगा। प्रधान ने एक प्रेस वार्ता में कहा, हमने देश में छठी से 12वीं कक्षा वाले सभी स्कूलों तक पहुंचने का प्रस्ताव रखा है और हम उन स्कूलों के प्रत्येक बच्चे को 2047 तक विकसित भारत के लिए विचार-मंथन का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह विचार-मंथन चार विषयों पर आधारित होगा, अर्थात आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम छात्रों, शिक्षकों और नवप्रवर्तकों को विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप, आत्मनिर्भर भारत के लिए समाधान बनाने के वास्ते एक साथ लाता है।

## संक्षेप

### पूनम पांडे को मंदोदरी के किरदार से हटाया गया

नयी दिल्ली। दिल्ली में लव कुश रामलीला कमेटी ने कुछ वर्गों के विरोध के बाद, इस साल की रामलीला में मंदोदरी की भूमिका निभाने से अभिनेत्री पूनम पांडे को हटाने का फैसला किया है। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने यहां कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि किसी कलाकार का मूल्यांकन उसके काम से होना चाहिए, न कि उसके अतीत से। जनभावना को ध्यान में रखते हुए निर्णय की समीक्षा की गई। कुमार ने कहा, समाज में हर महिला की एक भूमिका होती है और उसे अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। शुरुआत में, हमें लगा कि पूनम पांडे, मंदोदरी का सकारात्मक किरदार निभा सकती हैं। लेकिन कुछ वर्गों के विरोध को ध्यान में रखते हुए हमें इस पर पुनर्विचार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कमेटी पांडे का एक कलाकार के रूप में सम्मान करती है, लेकिन तय किया गया है कि यह भूमिका कोई और अभिनेत्री निभाएगी। हमारा उद्देश्य समाज में भगवान राम और सद्भाव का संदेश फैलाना है। हम नहीं चाहते कि इस आयोजन पर कोई विवाद हावी हो। पांडे को लिखे एक पत्र में, कमेटी ने कहा कि इस फैसले को उनके प्रति अनादर के रूप में नहीं, बल्कि भगवान राम के आदर्शों को बनाए रखने के प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए।

# मोदी की ओडिशा रैली का स्थान ब्रह्मपुर से झारसुगुड़ा स्थानांतरित

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 27 सितंबर को ओडिशा में होने वाली जनसभा को बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर गंजाम जिले के ब्रह्मपुर से झारसुगुड़ा जिले में स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र द्वारा राज्य सरकार के कार्यक्रम स्थल को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने इस बारे में घोषणा की। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा गंजाम सहित दक्षिणी ओडिशा में दबाव के कारण भारी बारिश का पूर्वानुमान जताए जाने के मद्देनजर यह फैसला किया गया। सीएमओ के एक बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री 27 सितंबर को ओडिशा का दौरा करेंगे और झारसुगुड़ा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले, प्रधानमंत्री की यात्रा ब्रह्मपुर के लिए निर्धारित की गई थी।

आईएमडी के अनुसार, 25 सितंबर को कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण 27 सितंबर तक दक्षिणी ओडिशा में भारी से बहुत भारी वर्षा और आंधी-तूफान की आशंका है।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन होगी शुरू : वैष्णव



नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि नियमित सेवा के लिए 15 अक्टूबर तक दूसरी ट्रेन तैयार हो जाने के बाद वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू की जाएंगी।

अधिकारियों के अनुसार, आवश्यक परीक्षणों और जांच के बाद, एक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दिल्ली के शकूर बस्ती कोचिंग डिपो में लॉन्च के लिए तैयार है। मीडिया को जानकारी देते हुए, वैष्णव ने कहा कि दूसरी ट्रेन का निर्माण किया जा रहा है और यह संभवतः 15 अक्टूबर 2025 तक तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों ट्रेन एक साथ चलाई जाएंगी। मंत्री ने कहा कि नियमित सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए दूसरी ट्रेन जरूरी है। वैष्णव ने कहा कि इसलिए हम दूसरी रेक का इंतजार कर रहे हैं। यह मिल जाए, तो हम कोई भी मार्ग तय करेंगे और परिचालन शुरू करेंगे। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि ये ट्रेनें नयी दिल्ली और पटना के बीच शुरू की जाएंगी, क्योंकि बिहार में कुछ हफ्तों बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। वैष्णव ने रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के साथ मीडिया को पंजाब में मौजूदा और आगामी रेल परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राजपुरा और मोहाली के बीच बनने वाली 18 किलोमीटर लंबी लाइन क्षेत्र को अंबाला-अमृतसर मुख्य लाइन पर सबसे छोटी मार्ग से चंडीगढ़ से जोड़ेगी। राजपुरा और मोहाली के बीच सीधा संपर्क प्रदान करने और यात्रा दूरी को लगभग 66 किलोमीटर कम करने के अलावा, यह रेल संपर्क मौजूदा राजपुरा-अंबाला मार्ग पर यातायात को भी आसान बनाएगा।

# कालकाता में मूसलधार बारिश में करंट लगने से आठ की मौत



कोलकाता। कोलकाता में मूसलाधार बारिश के कारण बिजली का करंट लगने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। लगभग चार दशक के बाद हुई इतनी भारी बारिश के कारण हवाई, रेल और सड़क परिवहन को प्रभावित हुआ है, शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं और राज्य सरकार को दो दिन पहले ही पूजा की छुट्टियां घोषित करने पर मजबूर होना पड़ा है।

चौबीस घंटे से भी कम समय में हुई 251.4 मिलीमीटर बारिश 1986 के बाद सबसे अधिक बारिश है। उस साल 259.5 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इसके अलावा यह बीते 137 साल में एक दिन में छठी सबसे अधिक बारिश है। साल 1888 में 253 मिलीमीटर बारिश हुई थी। बारिश के कारण मुख्य सड़कों की हालत नदियों जैसी हो गई। मेट्रो और ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं और हवाई यात्रा भी प्रभावित हुई है। अगले सप्ताह दुर्गा पूजा से पहले शहर में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अब तक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार, बिजली का करंट लगने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारी बारिश को अभूतपूर्व बताया तथा फरक्का बैराज से गाद न निकालने और निजी बिजली कंपनी सीईएससी की चूक की आलोचना की। साथ ही उन्होंने लोगों से अपनी सुरक्षा के लिए घरों के अंदर रहने की अपील की। मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। मुझे उन लोगों के लिए बहुत दुख हो रहा है जिन्होंने बादल फटने के कारण अपनी जान गंवाई है। मैंने सुना है कि खुले तारों से करंट लगने से सात-आठ लोगों की मौत हो गई है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है... उनके परिवारों को सीईएससी द्वारा नौकरी दी जानी चाहिए। मैं यह स्पष्ट रूप से कह रही हूं। हम भी हरसंभव मदद करेंगे। रात भर हुई भारी बारिश के कारण कोलकाता में ऐसे वक्त में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है जब शहर अपने सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा की तैयारी कर रहा है।

# आयात में कटौती और निर्यात में वृद्धि सबसे बड़ा राष्ट्रवाद



मुंबई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि आयात कम करना और निर्यात बढ़ाना राष्ट्रवाद का सबसे महत्वपूर्ण रूप है।

गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान और अनुसंधान में आगे बढ़ने वाला देश विश्वगुरु के रूप में उभरेगा। उन्होंने शिक्षा और नवाचार को राष्ट्रीय विकास के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सबसे जरूरी चीज है ज्ञान। दुनिया में जो भी देश प्रगति करता है, वह वैसा ज्ञान और अनुसंधान के बल पर ही करता है। रक्षा, कृषि और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी अनुसंधान जारी है। गडकरी ने कहा कि पहले युद्ध सैनिकों और टैंकों से लड़े जाते थे, लेकिन अब ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो वैश्विक गतिशीलता में ज्ञान-आधारित रणनीतियों की ओर बदलाव का संकेत है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, ज्ञान और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करना और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि हमें जो शिक्षा मिल रही है वह हमारे जीवन के लिए प्रासंगिक हो। गडकरी ने कहा, युवाओं का भविष्य देश के भविष्य से जुड़ा है। जिन चीजों का हम आयात करते हैं...उन पर अनुसंधान करना, आयात कम करना और निर्यात बढ़ाना राष्ट्रवाद का सबसे बड़ा रूप है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भौतिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि दुनिया ने भारत की विरासत, इतिहास, संस्कृति और योग के ज्ञान में रुचि दिखायी है और देश को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका ज्ञान समाज और राष्ट्र के लिए लाभकारी हो।

# मां और बेटी की डूबने से मौत

सागर (मप्र)। मध्यप्रदेश के सागर जिले में तीन वर्षीय बेटी को बचाने के लिए एक आठ माह की गर्भवती मां ने कुएं में छलांग लगा दी, जिससे दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना जिले के देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम नेगुवा रतन में सोमवार को हुई, जब विनीता आदिवासी (28) अपनी बेटी दुर्गा को लेकर घर से लगभग 300 मीटर दूर खेत में बने एक कुएं पर नहाने गई थीं। उन्होंने बताया कि उस दौरान अचानक बच्ची फिसलकर कुएं में गिर गई। उन्होंने बताया कि बेटी को बचाने के लिए मां भी तुरंत कुएं में कूद गइ।

## इंटरटेनमेंट...

# इमरान-यामी की फिल्म 'हक' का टीजर रिलीज



मुंबई। एक्टर इमरान हाशमी और यामी गौतम जल्द फिल्म 'हक' में नजर आएंगे। यह फिल्म मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम केस पर आधारित है। फिल्म का टीजर आज जारी किया गया है। वहीं, यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का डायरेक्शन सुपर्ण एस. वर्मा ने किया है। वहीं, इसको रेशु नाथ ने लिखा है। यह फिल्म जंगली पिक्चर्स, इनोस्मिया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के सहयोग से बनाई गई है। यामी गौतम आखिरी बार फिल्म 'धूम धाम' में नजर आई थीं। वहीं, इमरान हाशमी हाल ही में वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में नजर आए। यामी गौतम आखिरी बार फिल्म 'धूम धाम' में नजर आई थीं। वहीं, इमरान हाशमी हाल ही में वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में नजर आए। यह फिल्म पर्सनल लॉ और सेक्युलर लॉ के बीच बहस पर आधारित है। यह जिग्ना वोरा की किताब 'बानो: भारत की बेटी' पर आधारित एक काल्पनिक कहानी है। शाह बानो ने 1980 के दशक में पुरुष प्रधान समाज में अपने हक के लिए लड़ाई लड़ी थी।

> 7 नवंबर को सिनेमाघरों में दिखेगी शाह बानो केस पर आधारित कहानी

आज भी यह सवाल प्रासंगिक है कि क्या न्याय सभी के लिए समान होना चाहिए और क्या समान नागरिक संहिता होनी चाहिए। फिल्म में यामी गौतम धर एक मुस्लिम महिला की भूमिका निभा रही हैं।

# एआई जनरेटेड वीडियो पर फूटा अक्षय कुमार का गुस्सा



**मुंबई**। अक्षय कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब इस मामले में एक्टर ने मंगलवार को नाराजगी जाहिर की है।

उन्होंने कहा कि यह वीडियो पूरी तरह फर्जी है और लोगों से अपील की कि वे ऐसी भ्रामक और मनगढ़ंत वीडियोज को शेयर न करें। अक्षय कुमार ने एक्स पर लिखा, हाल ही में मैंने कुछ ऐसे अक-जनित वीडियो देखे हैं, जिनमें मुझे महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। मैं साफ करना चाहता हूं कि ऐसे सभी वीडियो फर्जी हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए गए हैं। इससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि कुछ न्यूज चैनल इन वीडियो को बिना जांचे-परखे खबर के रूप में दिखा रहे हैं। आज के समय में जब अक के जरिए तेजी से भ्रामक और गुमराह करने वाली सामग्री बनाई जा रही है, मैं मीडिया हाउसेज से विनम्र अनुरोध करता हूं कि वे किसी भी जानकारी को रिपोर्ट करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर करें।

### कर्नाटक में सस्ते मूवी टिकट नियम पर हाईकोर्ट का स्टे

मुंबई। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को सरकार के उस फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें सभी सिनेमा हॉल और मल्टीप्लेक्स में टिकट की कीमत 200 रुपए से ज्यादा नहीं हो सकती थी। दरअसल, कर्नाटक सरकार ने हाल ही में कर्नाटक सिनेमा कानून बनाया था, जिसके तहत मल्टीप्लेक्स समेत राज्य के सभी सिनेमाघरों में सभी भाषाओं की फिल्मों के टिकट की अधिकतम कीमत टैक्स छोड़कर 200 रुपए तय की गई थी। इस संशोधन में मौजूदा 2014 के नियमों से नियम 146 को हटाने का भी प्रस्ताव था। सरकार ने कहा कि यह कदम जनता के हित में है और मार्च के बजट घोषणा और सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले का हवाला दिया।

# विक्रांत व रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्टर अवॉर्ड

**मुंबई**। नेशनल फिल्म अवॉर्ड की शुरूआत 1954 में हुई थी। तब से हर साल ये सेरेमनी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में होती आई है। 71वीं नेशनल अवॉर्ड सेरेमनी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई। शाहरुख खान, विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर और रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला।

> रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड



मलयाली एक्टर मोहनलाल को फिल्म जगत में दिए गए उनके योगदान के लिए हिंदी सिनेमा के सबसे गौरवपूर्ण दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शॉल पहनाई और गोल्डन लोटस अवॉर्ड दिया। इस दौरान मोहनलाल को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। यह मेरे लिए गहन गौरव और कृतज्ञता का पल है कि मैं आज यहां खड़ा हूं। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिनिधि के रूप में यहां खड़ा होना मेरे लिए अत्यंत विनम्र और गौरवपूर्ण पल है। मैं गहराई से विनम्र हूं कि मैं इस पुरस्कार का सबसे युवा प्राप्तकर्ता हूं और अपने राज्य से यह राष्ट्रीय मान्यता पाने वाला केवल दूसरा व्यक्ति हूं। यह पल सिर्फ मेरा नहीं है, यह पूरे मलयालम सिनेमा परिवार का है। सच कहूं तो, मैंने कभी इस पल का सपना देखने की हिम्मत भी नहीं की थी। अपने सबसे बड़े सपनों में भी नहीं। इसलिए यह सिर्फ कोई सपना सच होने जैसा नहीं है, यह उससे कहीं बड़ा, जादुई, और पवित्र है। सिनेमा मेरी आत्मा की धड़कन है। दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिलने पर मोहनलाल को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। शाहरुख खान को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को फिल्म 12वीं फेल के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। वहीं रानी मुखर्जी को मिसेस चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। ये शाहरुख, विक्रांत और रानी तीनों के करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com